नई दिल्ली

**बुधवार, 8 अक्टूबर 2025**

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा/द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 175
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


**मौसम**
अधि. 26
न्यून. 19


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,926.75 | 136.63 ▲ |
| निफ्टी | 25,108.30 | 30.65 ▲ |

| धातु | कीमत | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| सोना | 1,23,400/- | 700/- ▲ |
| चांदी | 1,54,000/- | 3400/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 88.78 | 4 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 65.25 बैरल | 0.37% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।


सिडको शहर बनाए, शहर बसाए | भारत सरकार | महाराष्ट्र शासन | Navi Mumbai International Airport

# राष्ट्रीय विकास के एक नए युग का शुभारंभ, आकांक्षाओं की पूर्ति का उत्सव

## उद्घाटन

## नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

**महा-मुंबई के लिए ₹ १९,६५० करोड़ की लागत से निर्मित एक आधुनिक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा**







माननीय प्रधानमंत्री
**नरेंद्र मोदी**
इनके करकमलों द्वारा

- दिनांक: बुधवार ०८ अक्टूबर २०२५
- दोपहर: ३:०० बजे
- स्थल: नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा प्रकल्प स्थल, नवी मुंबई, महाराष्ट्र

- विकास उत्प्रेरक : एनएमआईए से एमएमआर में राजस्व, रोज़गार, रियल एस्टेट और व्यावसायिक अवसरों में होगी बढ़ोत्तरी।
- मल्टी-मॉडल हब : भारत का पहला वास्तविक मल्टी-मॉडल एविएशन हब, जो लॉजिस्टिक्स, ई-कॉमर्स, आतिथ्य और पर्यटन में वृद्धि को बढ़ावा देगा।
- वार्षिक यात्री संचालन क्षमता २० मिलियन (चरण-१) और ९० मिलियन (अंतिम चरण)
- वार्षिक कार्गो संचालन क्षमता ०.८ मिलियन मीट्रिक टन (चरण- १) और ३.२५ मिलियन मीट्रिक टन (अंतिम चरण)
- महाराष्ट्र और भारत की स्थानीय और क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत के जीवंत अनुभव को प्रदान करती डिजिटल और भौतिक कला प्रदर्शनी
- 'कमल' से प्रेरित, यात्री टर्मिनल भवन की रचना पारंपरिक भारतीय परिवेश और भविष्य की भव्यता और कार्यक्षमता का एक अद्वितीय मिश्रण है
- दो स्वतंत्र रनवे के साथ प्रत्येक रनवे के लिए दो समानांतर टैक्सीवे
- कुल क्षेत्रफल - ११६० हेक्टेयर
- भारत का पहला वास्तविक मल्टी-मॉडल हवाई अड्डा, जो एक्सप्रेस वे, मेट्रो, उपनगरीय रेलवे और जल टैक्सियों से निर्बाध रूप से जुड़ा होगा।
- अनुकूलनयोग्य और भविष्यकेंद्रित तैयार तकनीकों का एकीकरण, जिससे खुदरा खरीदारी, खाद्य एवं पेय, ड्यूटी फ्री खरीदारी, सामान प्रबंधन और लाउंज चेक-इन के लिए डिजिटल सेवाओं की आसान उपलब्धता




DD NEWS डी. डी. न्यूज़ पर सीधा प्रसारण

ROC-2025-26/2982

गिरफ्तारी पर था 50 हजार का इनाम

# डॉक्टर की हत्या में वांछित नेपाली गैंगस्टर मुठभेड़ में किया ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ और गुरुग्राम क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई में आस्था कुंज पार्क के पास सोमवार देर रात मुठभेड़ के दौरान 50 हजार के इनामी वांछित गैंगस्टर को मार गिराया। नेपाल का मूल निवासी भीम महाबहादुर जोरा (39) गत वर्ष मई में 63 वर्षीय डॉक्टर योगेश चंद्र पॉल की जंगपुरा स्थित आवास में डकैती के दौरान हत्या के मामले में वांछित था।

डीसीपी हेमंत तिवारी के अनुसार जोरा एक नेपाली गिरोह का मुख्य सरगना था। वह अपने गिरोह के सदस्यों को भारत के महानगरों में संपन्न परिवारों में घरेलू सहायक के रूप में काम पर रखवाता था। परिवार का विश्वास हासिल करते ही गिरोह के सदस्य लूट की योजना बनाते थे। नकदी और कीमती सामान लूटने से पहले पीड़ित परिवारों को नींद की दवाई दी जाती थी। कभी-कभी हिंसा हत्या तक भी पहुंच जाती थी। डीसीपी ने बताया कि यह मुठभेड़ सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात को हुई, जब दिल्ली और हरियाणा पुलिस की संयुक्त टीम को राजधानी में जोरा की गतिविधि के बारे में सूचना मिली। जंगपुरा हत्याकांड के बाद से फरार चल रहा आरोपी बार-बार नेपाल भागकर गिरफ्तारी से बचने में कामयाब हो जाता था। लेकिन इस बार फुल प्रूफ योजना के तहत उसे घेरा गया। आस्था कुंज पार्क के पास उसे पकड़ने के लिये ट्रैप लगाया गया। उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, तो उसने पुलिस पर गोलियां चला दी। इसमें पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की। जोरा द्वारा चलाई गई दो गोलियां गुरुग्राम पुलिस के निरीक्षक नरेंद्र शर्मा और दिल्ली पुलिस के एसआई शुभम चौधरी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगीं, जिससे वे बाल-बाल बच गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आत्मरक्षा में जोरा के पैरों पर दो गोलियां चलाई थी। एक गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक स्वचालित पिस्तौल और कारतूस बरामद किए।



### डकैती के दौरान हुई थी डॉक्टर की हत्या

मई 2024 में जोरा अपने गिरोह के सदस्यों के साथ जंगपुरा स्थित डॉक्टर पॉल के घर में घुस गया था और डकैती के दौरान उन पर जानलेवा हमला किया। इस मामले में पुलिस को शुरुआती सफलता तब मिली जब एक आरोपी बसंती को गिरफ्तार किया गया था। वह डॉक्टर के घर पर घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी। डीसीपी ने बताया कि जोरा और उसके अन्य साथी नेपाल भाग गए थे और लगभग 16 महीने तक गिरफ्तारी से बचते रहे।

### गुरुग्राम पुलिस को मिली थी पुख्ता सूचना

दिल्ली के पास उसकी गतिविधियों के बारे में गुरुग्राम पुलिस को पुख्ता सूचना मिली थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस को सूचना का आदान प्रदान किया गया। दरअसल गुरुग्राम पुलिस शहर में हाल में दर्ज दो मामलों के सिलसिले में उस पर नजर रख रही थी।

### जोरा के गिरोह में होते थे ज्यादातर नेपाली नागरिक

अधिकारी ने बताया कि भीम महावीर जोरा के नाम से भी पहचाने जाने वाले आरोपी द्वारा संचालित गिरोह में अधिकतर नेपाली नागरिक शामिल होते थे। वह भारतीयों पर कम विश्वास करता था। यह गिरोह दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में सक्रिय मुख्य तौर पर सक्रिय था। यह गिरोह प्लेसमेंट एजेंसियों का फायदा उठाकर बड़े शहरों में संपन्न परिवारों को निशाना बनाता था। जोरा 2014 से सक्रिय था। उसके खिलाफ कई राज्यों में डकैती, चोरी और हत्या के आधा दर्जन मामले दर्ज थे।

## पुरानी रंजिश के चलते हुई चाकूबाजी, एक की मौत

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी में पुरानी रंजिश को लेकर चाकूबाजी की घटना में 24-वर्षीय युवक की मौत हो गई और दो घायल हो गए। यह वारदात सोमवार रात करीब 10:30 बजे उस वक्त हुई जब राहुल उर्फ कुक्कू (24) और ऋतिक उर्फ हिमांशु (24) के बीच तीखी बहस हुई। इस झड़प के दौरान ऋतिक ने कथित तौर पर राहुल को थप्पड़ मार दिया। बाद में राहुल चाकू लेकर लौटा तथा उसने ऋतिक पर हमला कर दिया।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनवर खान पुत्र मो. राशिद निवासी ए–41, गली नंबर 9, वजीराबाद, दिल्ली, वजीराबाद, उत्तर, दिल्ली, भारत** ने **Cr. Case No. 6004/2021, U/S 188 IPC, अन्तर्गत थाना वजीराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनवर खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनवर खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **Cr. Case No. 6004/2021, U/S 188 IPC, अन्तर्गत थाना वजीराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनवर खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री भारती बेनीवाल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–12 (केंद्रीय)**
**कमरा संख्या 264, द्वितीय तल**
**तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/13473/N/2025(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सलामनुद्दीन पुत्र अल्ताफुद्दीन निवासी बी–70, न्यू सीलमपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 14021/2020, U/S 411 IPC, अन्तर्गत थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सलामनुद्दीन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सलामनुद्दीन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 14021/2020, U/S 411 IPC, अन्तर्गत थाना वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सलामनुद्दीन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**कमरा नं. 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/13464/NE/2025(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जय प्रकाश पुत्र हरि राम निवासी जेबी–6/185, वेलकम, दिल्ली** ने **FIR No. 476/2019, U/S 379/34 IPC, अन्तर्गत थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 476/2019, U/S 379/34 IPC, अन्तर्गत थाना वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**कमरा नं. 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/13468/NE/2025(Court Matter)**


# सीनियर सिटीजन से साढ़े 42 लाख की ठगी के तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी के जरिए एक वरिष्ठ नागरिक से लगभग 42,49,000 रुपये की ठगी के मामले को सुलझाते हुये तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कई बैंक खातों में 8.49 लाख रुपये का पता चला। पुलिस का दावा है कि ठगी व जालसाजी का धंधा संगठित तरीके से चलाया जा रहा था।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार अपराध शाखा के साइबर सेल ने इंस्पेक्टर शिव राम के नेतृत्व और एसीपी अनिल कुमार की निगरानी में 42,49,000 रुपये की डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी के सिलसिले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों ने अपना चालू बैंक खाता अंतरराज्यीय साइबर गिरोहों को उपलब्ध कराया था, जिससे पीड़ितों के धन को कई माध्यमों से डायवर्ट और लॉनड्रिंग करने में मदद मिली। सीनियर सिटीजन से यह ठगी मनी लॉनड्रिंग का आरोप लगाकर की गई थी। पकड़े गये आरोपियों के नाम महेंद्र कुमार वैष्णव, विशाल कुमार और श्याम दास है। तीनों पाली, राजस्थान के रहने वाले हैं। डीसीपी गौतम के अनुसार 80 वर्ष से अधिक आयु के पीड़ित एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी को कुछ व्हाट्सएप नंबरों से धोखाधड़ी वाले कॉल आए। कॉल करने वालों ने खुद को ईडी और सीबीआई का अधिकारी बताया था। उन पर संदिग्ध वित्तीय लेनदेन में शामिल होने का गलत आरोप लगाया गया। इसके बाद उन्हें स्पष्टीकरण पत्र और व्यक्तिगत विवरण जमा करने के लिए मजबूर किया गया। पीड़ित को लगातार कॉल पर रखा गया था। आरोपियों ने 10 हजार रुपये प्रति खाता के बदले में अपना चालू बैंक खाता सिंडिकेट को उपलब्ध कराया था।

# रोड रेज की घटना में हत्या का आरोपी प्रबंधक अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पालम गांव इलाके में रोड रेज की घटना के दौरान एक व्यक्ति पर हमला करने और उसकी मौत मामले में गुरुग्राम के मूक-बधिर क्लब के 24 वर्षीय प्रबंधक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान करण अरोड़ा के रूप में हुई है। इसे नजफगढ़ इलाके से गिरफ्तार किया गया।

डीसीपी (दक्षिण-पश्चिम) अमित गोयल के अनुसार यह घटना चार अक्टूबर की रात को हुई थी। पुलिस को एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें बताया गया कि कपिल (31) नामक व्यक्ति मारपीट के बाद सड़क पर बेहोश पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को द्वारका के इंदिरा गांधी अस्पताल ले जया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। जांच के दौरान पता चला कि कपिल पर हमला तब हुआ जब उसकी स्कूटी और आरोपी की कार टकरा गई थी। मुख्य प्रत्यक्षदर्शी ने हमले के बाद मौके से भागी कार का पंजीकरण नंबर पुलिस को बताया था। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि अरोड़ा और कपिल के बीच वाहन टकराने की वजह से झगड़ा हुआ था। जल्द ही मामला हिंसक हो गया और अरोड़ा ने कथित तौर पर कपिल की छाती पर घूंसे मारे और फिर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शी के बयान के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पंजीकरण संख्या के आधार पर वह कार मालिक तक पहुंची। कार मालिक ने बताया कि वाहन उसका रिश्तेदार अरोड़ा इस्तेमाल कर रहा है। पुलिस ने बताया कि नजफगढ़ से अरोड़ा की गिरफ्तारी की गई और संकेत भाषा के आधार पर की गई पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।


**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सीनियर डीईएन–III/डीएलआई के अधीन एडीईएन/एनडीएलएस और एडीईएन/डीएलआई अनुभाग में दो वर्षों के लिए ट्रैक रखरखाव के विविध कार्य के लिए पी–वे सामग्री का नेतृत्व और अन्य संबद्ध कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 2,49,90,512.83 (रुपये दो करोड़ उनंचास लाख नब्बे हज़ार पांच सौ बारह और तिरासी पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs. 2,75,000/- (रुपये दो लाख पचहत्तर हजार मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 29.10.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04–210–32 |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। **सं.: 128–W/280/इ–निविदा सूचना/36/2025–26/W-3 दिनांक : 07.10.2025** **3095/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


# 10 टन लाल चंदन की लकड़ी जब्त, दो दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण पूर्वी जिले की एसटीएफ टीम ने 10 टन लाल चंदन की लकड़ी जब्त की है। इस सिलसिले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इनके तार अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े हुए पाये गये। जब्त चंदन लकड़ी की कीमत छह करोड़ आंकी गई है। यह लकड़ी आंध्र प्रदेश से दिल्ली पहुंची थी।

पुलिस के अनुसार चंदन की लकड़ी कथित तौर पर आंध्र प्रदेश के तिरुपति से तस्करी कर चीन और अन्य दक्षिण एशियाई देशों को भेजने के लिए लाई गई थी। दरअसल अगस्त में तिरुपति से चुराई गई लाल चंदन की लकड़ियों की आवाजाही के बारे में आंध्रा पुलिस द्वारा जानकारी साझा की गई थी। चोरी के संबंध में तिरुपति में केस भी दर्ज किया गया था। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ और आंध्र प्रदेश खुफिया इकाई की संयुक्त टीम ने सोमवार को तुगलकाबाद स्थित एक गोदाम पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान करीब 9,500 किलोग्राम लाल चंदन की लकड़ियां बरामद की गई और दो लोगों हैदराबाद के इरफान और मुंबई के ठाणे निवासी अमित संपत पवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने अगस्त के पहले हफ्ते में आंध्र प्रदेश से लाल चंदन की लकड़ियां हासिल की थी और उन्हें दिल्ली ले जाने के लिए ट्रकों में छिपा दिया था। यह जब्ती दिल्ली में हुई लाल चंदन की सबसे बड़ी बरामदगी में से एक बताई गई है।

## केंद्रीय विद्यालय संगठन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय राष्ट्रपति संपदा के क्रिकेट मैदान में 54वीं के.वि.सं. राष्ट्रीय स्तर खेलकूद क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-14-बालिका वर्ग):2025-26 का हुआ भव्य शुभारम्भ हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सरदार सिंह चौहान, उपायुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, दिल्ली संभाग ने के सी मीणा, सहायक आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, दिल्ली संभाग, स्थल प्राचार्या डॉ. चारू शर्मा, पवन कुमार, प्राचार्य, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय पीतमपुरा, ममता सिंह व प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय मस्जिद मोठ की गरिमामयी उपस्थिति में "स्पोर्ट्स मीट ओपन" की घोषणा के साथ किया। प्रतियोगिता के शुभारम्भ के अवसर पर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय के होनहार नन्हें कलाकारों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे – स्वागत गीत, जुम्बा नृत्य तथा योग प्रदर्शन इत्यादि के माध्यम से इस आयोजन को आकर्षक और भावानुकूल बनाया।

## दिल्ली कांग्रेस ने उठाए बाजारों में मिलावटी दूध उत्पादों को रोकने में नाकामी पर सवाल

**नई दिल्ली।** दीपावली व अन्य त्यौहारों के इस सीजन में मिलावट खोरी को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल उठाए है। यादव ने कहा है कि इन दिनों दिल्ली के बाजारों में मिलावटी दूध उत्पादों की भारी मात्रा मौजूदगी के बावजूद भाजपा सरकार की लापरवाही लोगों के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के समय बाजारों में मिलावटी खाद्य पदार्थों को रोकने के लिए सरकार को त्वरित कार्यवाही करते हुए दोषियों को पकड़ना चाहिए था। लेकिन भाजपा सरकार को लोगों के स्वास्थ्य की कोई चिंता नही है, इसलिए कोई कार्रवाई दिखाई नहीं पड़ रही। यादव ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राजधानी दिल्ली में खुले आम नकली घी, मिलावटी मसाले, नकली पनीर व खोया और दूध से बनी सैंकड़ों वस्तुओं की आवक जमकर हो रही है, जिसके लिए दिल्ली सरकार सीधे तौर पर जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के जिंद से नकली घी की सप्लाई नामी कंपनियों मिल्क फूड, मधूसूदन, अमूल, मदर डेयरी, पतंजलि, अनंदा की पैंकिग में सीधा दिल्ली के रोहिणी पहुंचने के पीछे किस बड़े रैकेट का नाम है, वह सामने आना चाहिए।

# एलजी ने दी दीपावली की सौगात, द्वारका गोल्फ कोर्स की सदस्यता शुल्क में दी 40 प्रतिशत छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



गोल्फ कोर्स प्रेमियों को दीपावली से पहले सौगात देते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने द्वारका गोल्फ कोर्स के शुल्क में 40 प्रतिशत की छूट दे दी है। जानकारी अनुसार एलजी के दिशा निर्देश पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने छूट की घोषणा कर दी है। डीडीए ने बताया कि द्वारका गोल्फ कोर्स देश का सबसे लंबा द्वारका गोल्फ कोर्स मैदान है। सेक्टर 24 में बना 18-होल वाला गोल्फ कोर्स जो 7377 गज में फैला है और इसमें 158 एकड़ में फैले विशाल ग्रीन्स हैं, 375 गज की ड्राइविंग रेंज है जिसमें 52 वे हैं जो देश में सबसे लंबी है और फेयरवे के लिए नॉर्थ शोर एसएलटी घास जो भारत में पहली बार लगी है। डीडीए ने बताया कि गोल्फ उत्कृष्टता केंद्र के संचालन के लिए पिछले सप्ताह एक एजेंसी को काम सौंपा गया है। इस कोर्स में विश्व स्तरीय सुविधाएँ भी हैं, जिनमें एक क्लब-हाउस, रेस्टोरेंट, कैफेटेरिया, कॉन्फ्रेंस और लेक्चर हॉल, तपस कॉर्नर, स्विमिंग पूल, सोना, स्टीम और अन्य सुविधाएं शामिल हैं। डीडीए ने बताया कि हालाँकि यह छूट केवल सीमित अवधि के लिए है और केवल पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर पहले 1000 सदस्यताओं के लिए मान्य है। इस योजना के तहत, स्थायी सदस्यता शुल्क में 40 प्रतिशत की कमी की गई है। सरकारी कर्मचारियों के लिए, संशोधित शुल्क अब 3 वर्षों के लिए 1,20,000 और 5 वर्षों के लिए 1,80,000 रुपए है। जबकि गैर-सरकारी सदस्यों के लिए, संशोधित शुल्क 3 वर्षों के लिए 3,60,000 और 5 वर्षों के लिए 5,40,000 है। मौजूदा सदस्यों के लिए, कार्यकाल अवधि आनुपातिक रूप से बढ़ाई जाएगी ताकि उन्हें भी रियायती प्रस्ताव का लाभ मिल सके।

## एलजी ने बारापुला विस्तार परियोजना में देरी व भ्रष्टाचार की एसीबी जांच के दिए आदेश

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री सीएम रेखा गुप्ता की सिफारिश पर बारापुला विस्तार परियोजना में देरी, लागत में वृद्धि और मध्यस्थता भुगतान यानी भ्रष्टाचार की एसीबी जांच के आदेश दे दिए है। इस आदेश के बाद अब पूर्व में केजरीवाल सरकार के दौरान के लोक निर्माण विभाग मंत्री, राजस्व विभाग और डीटीएल के प्रभारी सरकारी कर्मचारी जांच के घेरे में आ गए है। राजनिवास द्वारा दी गई जानकारी अनुसार सीएम रेखा ने मांग की थी। उसके बाद एलजी सक्सेना ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीबी जांच के आदेश दे दिए है। राज निवास के अनुसार सराय काले खां से मयूर विहार तक यमुना नदी पर बारापुला एलिवेटेड रोड (चरण- तीन) के निर्माण में एक दशक से भी ज्यादा की देरी जो अपने आप में ही समझ से परे है। जिसके चलते निर्माण लागत में वृद्धि और निजी ठेकेदार एलएंडटी को देरी के कारण मध्यस्थता जुर्माने के भुगतान के रूप में सरकारी खजाने को सैकड़ों करोड़ रुपये का नुकसान पहुँचाया गया। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की व्यय वित्त समिति (ईएफसी) ने एसीबी जांच की मांग की थी। अब इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए उपराज्यपाल ने फ़ाइल पर लिखा कि इस परियोजना में असाधारण देरी ने कुछ बुनियादी नीतिगत मुद्दे उठाए हैं जिनका समाधान किया जाना चाहिए। क्या इस प्रकार की बड़ी परियोजनाओं में मध्यस्थता खंड शामिल होने चाहिए जो ठेकेदारों को अत्यधिक दावे करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जैसा कि अन्य मामलों में भी देखा गया है, भले ही ठेकेदार की गलती हो? इसी तरह का उदाहरण भारत मंडपम के पास उसी निर्माण एजेंसी द्वारा अंडरपास के निर्माण में देखा गया था, जिसमें स्पष्ट इंजीनियरिंग दोष थे, जिससे जी 20 शिखर सम्मेलन से पहले राष्ट्रीय शर्मिंदगी होनी चाहिए थी। बता दें कि दिल्ली कैबिनेट ने 6 सितंबर 2011 के कैबिनेट निर्णय संख्या 1804 के तहत यमुना नदी पर बारापुला एलिवेटेड रोड चरण-तीन सराय काले खां से मयूर विहार तक विस्तार के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की थी।


**सार्वजनिक सूचना**

**ICICI Bank** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा–390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा–कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई–नीलामी–सह–आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की एक ई–नीलामी 18 अक्तूबर 2025 को आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई–नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : दिल्ली–19, नेहरू प्लेस | |
| 418057000083 | आंट टूर्स |
| शाखा का नाम : दिल्ली – बुराड़ी | |
| 401457000010 | दुष्यंत यादव |
| शाखा का नाम : दिल्ली – छत्तरपुर | |
| 354357000009 | कमलजीत कौर |
| 354362002597 | राम त्याती |
| 354357000010 | राज रानी |
| शाखा का नाम : दिल्ली – द्वारका सेक्टर–10 | |
| 403662000442 | ललिता |
| शाखा का नाम : दिल्ली – ईस्ट पटेल नगर | |
| 401762000875 | एन एसएन बाबू |
| शाखा का नाम : दिल्ली – इन्द्रपुरी | |
| 458757000001 | मनु |
| शाखा का नाम : दिल्ली – कालकाजी मेन रोड | |
| 399362000889 | रानी सिंह |
| शाखा का नाम : दिल्ली – किशनगढ़ वसंत कुंज | |
| 416762000783 | दिपेश राठी |
| शाखा का नाम : दिल्ली – प्रताप बाग | |
| 409357000002 | रशिक गुप्ता |
| शाखा का नाम : दिल्ली – कालकाजी | |
| 663157015084 | पुष्पा देवी |
| शाखा का नाम : दिल्ली, करोल बाग | |
| 663457015044 | मोहम्मद अरमान |
| शाखा का नाम : दिल्ली – हौज खास | |
| 344557000015 | शरद गुप्ता |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : दिल्ली – लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट | |
| 347662001248 | साहब राम भाटी |
| शाखा का नाम : दिल्ली – नरेला | |
| 092962001522 | नवीन कुमार आर्य |
| शाखा का नाम : दिल्ली – विज्ञान विहार | |
| 801457000004 | एवन प्रिंट–एन–पैक |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – द्वारका सेक्टर–7 | |
| 057157000085 | सुभाष |
| 057162004305 | संजय भटनागर |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – द्वारका सेक्टर–23ए | |
| 778357000001 | विनय कुमार प्रजापति |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – कम्यूनिटी सेंटर | |
| 004657000313 | वालेब |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – दरियागंज | |
| 033362006818 | अर्शद अहमद |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – डिफेंस कॉलोनी | |
| 630062011553 | रामेश्वर सिंह |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – दिलशाद गार्डन | |
| 113362002578 | इमरान खान |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – ईस्ट ऑफ कैलाश ब्लॉक–ए | |
| 347557000007 | सपना तनवानी |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – करोल बाग डब्ल्यूईए | |
| 112962001253 | शक्ति रंजन |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – लोक विहार | |
| 169457000085 | नीता गोयल |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – राजौर गार्डन | |
| 629362042138 | सुरिन्दर कौर |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – रोहिणी सेक्टर–9 | |
| 048857000076 | अंकित शर्मा |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – सरस्वती विहार | |
| 072462001998 | मोहित सिंह |
| शाखा का नाम : डिबियापुर | |
| 256662000932 | प्रबाल कुमार |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद–सेक्टर–35 | |
| 085762003344 | अंकित शर्मा |
| शाखा का नाम : ग्रेटर नोएडा – सेक्टर टेक जोन–IV | |
| 414662001963 | अभिनय त्यागी |
| 414657000012 | अभिनय त्यागी |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर–31 | |
| 114457000020 | गौरव नागपाल |
| शाखा का नाम : गुरूग्राम – मेगा मॉल | |
| 469157000006 | अनुज गुप्ता |
| शाखा का नाम : राजापुर | |
| 088857000154 | शाहरूख खान सैफी |
| शाखा का नाम : सुल्तानगंज | |
| 260762001981 | गौरव कुमार रे |

दिनांक : 08.10.2025
स्थान : सेंट्रल दिल्ली, ईस्ट दिल्ली, नॉर्थ दिल्ली, नॉर्थ–वेस्ट दिल्ली, शाहदरा, साउथ दिल्ली, साउथ–ईस्ट दिल्ली, साउथ–वेस्ट दिल्ली, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली

हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

नई दिल्ली
बुधवार, 8 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा/द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 175
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 26
न्यून. 19

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### केंद्र ने पराली प्रबंधन पर की पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सरकार के साथ बैठक

# समन्वित प्रयासों से पराली जलाने की घटनाओं में निश्चित रूप से कमी आएगी: शिवराज सिंह

- केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव नई दिल्ली में हुई संयुक्त बैठक में रहे मौजूद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पराली प्रबंधन को लेकर मंगलवार को नई दिल्ली, कृषि भवन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की संयुक्त रूप से अहम बैठक हुई। इस बैठक में पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मजिंदर सिंह सिरसा वर्चुअली शामिल रहें।



बैठक में पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने के लिए सक्रिय कदम उठाने और धान पराली के बेहतर उपयोग सहित किसानों के बीच जागरुकता, वित्तीय सहायता, प्रभावी निगरानी, फसल प्रबंधन व विविधिकरण को लेकर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में सर्वप्रथम पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्रियों ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को अपने-अपने राज्यों में पराली प्रबंधन की स्थिति से अवगत करवाया साथ ही बताया कि पूरी सक्रियता और सतर्कता के साथ पराली प्रबंधन की योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों, कर्मचारियों सहित पूरा विभाग गंभीरतापूर्वक कार्य में जुटा है। बैठक में हरियाणा के कृषि मंत्री ने बताया कि राज्य में वित्तीय सहायता के माध्यम से किसानों को पराली ना जलाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसका व्यापक असर हुआ है। इससे ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पराली का संकलन एवं भंडारण जरूरी: भूपेंद्र यादव

*बैठक को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी संबोधित किया और पराली प्रबंधन को लेकर राज्यों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अगले 10 दिनों में कृषि मंत्रालय व राज्य सरकारों के बेहतर समन्वय पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पराली का संकलन एवं भंडारण सबसे जरूरी है जिससे इसका सही उपयोग औद्योगिक इकाइयों में किया जा सके। उन्होंने ईंट के भट्टों, थर्मल पावर संयंत्रों में पराली की भंडारण क्षमता पर जोर दिया। बैठक में कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट सहित मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।*

### अमेरिकी टैरिफ संकट के बीच...

# पीएम मोदी ने फोन पर दी रूस के राष्ट्रपति पुतिन को 73वें जन्मदिन की बधाई

- *दिसंबर में रूस के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान उनके स्वागत को लेकर जताई उत्सुकता*
- *राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को दी यूक्रेन विवाद से जुड़े ताजा घटनाक्रम के बारे में जानकारी*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद को लेकर अमेरिका की तरफ से लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से खड़े हुए संकट के बीच मंगलवार को भारत और रूस के राष्ट्राध्यक्षों के बीच टेलिफोन पर बातचीत हुई है। मौका था रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के 73वें जन्मदिन का। जिसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल उन्हें बधाई दी। बल्कि आगामी दिसंबर महीने में संभवतः नई दिल्ली में आयोजित किए जाने वाले 23 वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति का स्वागत करने को लेकर अपनी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पुतिन ने दी यूक्रेन विवाद की जानकारी

*वहीं, रूस के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को यूक्रेन विवाद से जुड़े हुए ताजा घटनाक्रम से अवगत कराया। भारत के पीएम ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देने के लिए उनका धन्यवाद देते हुए मामले पर बने हुए भारत के दृढ़ रुख को दोहराया। जो इस विवाद के बातचीत और कूटनीति के जरिए शांतिपूर्ण समाधान पर केंद्रित है। पीएम मोदी घरेलू से लेकर कई महत्वपूर्ण वैश्विक मंचों पर भी नई दिल्ली के पक्ष को मजबूती के साथ दोहरा चुके हैं। जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत यूक्रेन विवाद का शांति से समाधान निकालने के पक्ष में है। युद्ध के मैदान में शांति की वार्ता नहीं हो सकती है।* ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

बिजली के सर्किट में बड़े पैमाने पर क्वांटम टनलिंग और ऊर्जा के स्तरों को खोजा गया

### फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार जॉन क्लार्क, माइकल डेवोरेट और जॉन मार्टिनिस को मिला



जॉन क्लार्क माइकल डेवोरेट जॉन मार्टिनिस

**नई दिल्ली।** फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार जॉन क्लार्क, माइकल डेवोरेट, जॉन मार्टिनिस को मिला है। स्वीडन की रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने इसकी घोषणा की। यह पुरस्कार बिजली के सर्किट में बड़े पैमाने पर क्वांटम टनलिंग और ऊर्जा के स्तरों की खोज के लिए दिया गया है। नोबेल पुरस्कार पाने वाले तीनों अमेरिकी वैज्ञानिक हैं। स्वीडन की रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने इसकी घोषणा की है। भौतिकी का नोबेल पुरस्कार 2025 कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, बर्कले के जॉन क्लार्क, येल यूनिवर्सिटी और



कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा के मिशेल एच. डेवोरेट और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा के जॉन एम. मार्टिनिस को प्रदान किया जाएगा। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने इलेक्ट्रिक सर्किट में मैक्रोस्कोपिक क्वांटम मैकेनिकल टनलिंग और ऊर्जा क्वांटीकरण की खोज के लिए उनके अग्रणी कार्य को मान्यता दी, जो मानवीय पैमाने पर क्वांटम परिघटनाओं को प्रदर्शित करने की खोज में एक सफलता का प्रतीक है। विजेताओं को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना ( भारतीय रुपयों में 10.3 करोड़), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इन शोधकर्ताओं को पुरस्कार के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि 10 दिसंबर को एक समारोह में औपचारिक रूप से स्टॉकहोम में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### मोदी कैबिनेट की बड़ी सौगात, रेलवे के चार बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट को मिली मंज़ूरी

# 24,634 करोड़ रुपये की लागत से 894 किमी नेटवर्क का होगा विस्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति की बैठक में रेलवे मंत्रालय के चार महत्वपूर्ण बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं को मंजूरी दे दी गई। इन परियोजनाओं पर कुल लगभग 24 हज़ार करोड़ रुपये की लागत आएगी। छत्तीसगढ़ की अंतिम आबादी तक रेल परिवहन पहुँचाने का केंद्र सरकार का यह प्रयास है। निश्चित रूप से इससे कोयला ढुलाई भी आसान हो सकेगी।



#### मंज़ूर किए गए 4 बहु-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट

- ▶▶ वर्धा - भुसावल (तीसरी एवं चौथी लाइन) - 314 किमी (महाराष्ट्र)
- ▶▶ गोंदिया - डोंगरगढ़ (चौथी लाइन) - 84 किमी (महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़)
- ▶▶ वडोदरा - रतलाम (तीसरी एवं चौथी लाइन) - 259 किमी (गुजरात एवं मध्यप्रदेश)
- ▶▶ इटारसी - भोपाल - बीना (चौथी लाइन) - 237 किमी (मध्यप्रदेश)

इन परियोजनाओं के माध्यम से महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ के 18 जिलों में रेलवे नेटवर्क में लगभग 894 किलोमीटर का विस्तार होगा।

#### यात्रा और माल परिवहन दोनों में सुधार

नई लाइनों से रेल नेटवर्क की क्षमता में वृद्धि होगी जिससे ट्रेनों की गति, परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। इससे भीड़भाड़ कम होगी और ट्रेनों की समयबद्धता में भी सुधार आएगा। ये मार्ग कोयला, सीमेंट, फ्लाई ऐश, खाद्यान्न, स्टील और कंटेनर जैसे आवश्यक माल के परिवहन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। परियोजनाओं के पूरा होने पर करीब 78 मिलियन टन प्रति वर्ष अतिरिक्त माल परिवहन की क्षमता उपलब्ध होगी।

#### ग्रामीण इलाकों तक पहुंचेगी रेल सुविधा, 85.84 लाख की आबादी को लाभ

इन परियोजनाओं से लगभग 3,633 गांवों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी, जिनकी आबादी लगभग 85.84 लाख है। साथ ही दो आकांक्षी जिलों - विदिशा (मध्यप्रदेश) और राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) को भी इस विकास का सीधा लाभ मिलेगा।

#### पर्यटन और स्थानीय विकास को भी बढ़ावा

*इन परियोजनाओं से कई महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों जैसे सांची स्तूप, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, भीमबेटका रॉक शेल्टर, हजारा फॉल्स, नावागांव राष्ट्रीय उद्यान आदि तक रेल पहुंच आसान होगी, जिससे पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।*

#### 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में बड़ा कदम

*प्रधानमंत्री मोदी के 'नए भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन के अनुरूप ये परियोजनाएं क्षेत्र में रोजगार और स्व-रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करेंगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति देंगी।*

#### गति शक्ति योजना के तहत समेकित योजना

*ये परियोजनाएं 'पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान' के तहत तैयार की गई हैं, जिसका उद्देश्य मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ाना है। समेकित योजना और सभी हितधारकों के साथ परामर्श के माध्यम से इन परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हो सके।*

#### पर्यावरण संरक्षण और तेल आयात में कमी

*रेल परिवहन एक पर्यावरण-अनुकूल और ऊर्जा-कुशल माध्यम है। नई लाइनें बनने से देश को 28 करोड़ लीटर तेल की बचत होगी और 139 करोड़ किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी, जो कि लगभग 6 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। इससे भारत के जलवायु लक्ष्यों की प्राप्ति में भी मदद मिलेगी और लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी। केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत ये चार बहु-ट्रैकिंग परियोजनाएं न केवल भारतीय रेल के नेटवर्क को मजबूत बनाएंगी बल्कि देश के औद्योगिक, कृषि, पर्यटन और पर्यावरणीय लक्ष्यों को भी नई दिशा देंगी। प्रधानमंत्री मोदी के 'गति शक्ति' और 'आत्मनिर्भर भारत' विज़न की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।*

### मुख्यमंत्री ने जापान के ओसाका में आयोजित इन्वेस्टर्स रोड शो में निवेशकों और उद्यमियों को किया संबोधित

# मुख्यमंत्री नायब ने जापान के निवेशकों को हरियाणा में निवेश करने के लिए किया आमंत्रित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को जापान के ओसाका में आयोजित इन्वेस्टर्स रोड शो के दौरान जापान के निवेशकों और उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा जापान के साथ डिजिटल तकनीकों और उद्योग 4.0 में सहयोग को और मजबूत करना चाहता है। यह साझेदारी जापान के वैश्विक नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को हरियाणा के युवा, कुशल और गतिशील प्रतिभा के साथ जोड़ने में सहायक होगी। हरियाणा सरकार की निवेशक हितैषी नीतियां उत्पादन, अनुसंधान, डिज़ाइन और नवाचार केंद्र स्थापित करने की वैश्विक उद्यमियों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है।

#### 400 जापानी कंपनियां हरियाणा से काम कर रहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सामान्य कारोबार से आगे बढ़कर आर्थिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम सेमीकंडक्टर्स, महत्वपूर्ण खनिज, स्वच्छ ऊर्जा और हाई-स्पीड रेल नेटवर्क जैसी परिवर्तनकारी परियोजनाओं में सहयोग को प्राथमिकता दे रहे हैं। इस दौरे को सफल बनाने के लिए जमीनी स्तर पर तेजी से कार्रवाई ▶▶ शेष पेज 5 पर



#### ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र में एमओयू पर किए हस्ताक्षर

*हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जापान दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को ओसाका में जापान की अग्रणी कंपनियों मिनेबेआ मित्सुमी, मित्सुई किंजोकू कंपोनेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और निटो सेइको के शीर्ष नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इस दौरान हरियाणा सरकार और मित्सुई किन्ज़ोकू कंपोनेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में शोध और विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह सहयोग हरियाणा में ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। एमओयू के तहत ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन, स्टोरेज और अनुप्रयोगों के क्षेत्र में अनुसंधान, प्रौद्योगिकी विकास और निवेश के प्रयास किए जाएंगे। यह साझेदारी राज्य में ग्रीन ऊर्जा पहल को मजबूत करेगी, साथ ही नए रोजगार सृजन और तकनीकी नवाचार के लिए भी मार्ग प्रशस्त करेगी।*

### जापान दौरे पर हैं आईएएस पत्नी पी. अमनीत

# हरियाणा पुलिस के आईजी वाई पूरन कुमार ने खुद को सिर में मारी गोली

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस के आईजी रैंक के अधिकारी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना सेक्टर-11 की है। चंडीगढ़ पुलिस की महिला एसएसपी कंवरदीप कौर ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना दोपहर 1.30 बजे मिलीथी। जानकारी मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस की एसएसपी, सीएफएसएल और फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर पहुंच गई। आईजी वाई पूरन कुमार की कुछ दिन पहले रोहतक के सुनारिया जेल में तैनाती हुई थी। अभी उन्होंने वहां ज्वॉइन नहीं किया था।



उन्होंने चंडीगढ़ सेक्टर-11 स्थित अपनी कोठी में सुसाइड किया है। वाई पूरण कुमार की पत्नी पी अमनीत कुमार विदेश दौरे पर हैं। आईएएस पी अमनीत कुमार, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मंत्री राव नरवीर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी जापान दौरे पर हैं। 2001 बैच के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार ने घर की बेसमेंट में अपने सिर में गोली मारी है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

# राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने की सभी दलों के नेताओं के साथ पहली बैठक, गरिमा और अनुशासन बनाए रखने पर दिया जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को राज्यसभा में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ अपनी पहली औपचारिक बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में मंत्रियों सहित कुल 29 नेताओं ने भाग लिया। सभापति ने पदभार ग्रहण करने के बाद से मिले अपार समर्थन और शुभकामनाओं के लिए सभी नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अल्प सूचना पर सभी नेताओं के एक साथ एकत्रित होने को उत्साहजनक बताया और कहा कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सभी दलों की



प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपने उद्घाटन वक्तव्य में श्री राधाकृष्णन ने कहा कि राज्यसभा को उसके गरिमापूर्ण इतिहास, अनुशासन और शिष्टाचार के अनुरूप ही कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा, "संवाद, विचार-विमर्श, बहस और चर्चा संसदीय लोकतंत्र की आत्मा हैं और हमें इन्हें पूरी गंभीरता से निभाना होगा।" ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हिमाचल के बिलासपुर में बड़ा हादसा

# बस की छत पर गिरा भूस्खलन का मलबा, 18 की मौत, कई अंदर फंसे

- पीएम ने जताया दुख, मृतकों के परिजनों को 2 लाख देंगे

एजेंसी ▶▶ बिलासपुर (हिप्र)

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में मरोतन से घुमारवीं जा रही संतोषी निजी बस पर शुक्र खड्ड के किनारे बरठीं में भल्लू पुल के पास पहाड़ी से भूस्खलन का मलबा गिर गया। मलबा गिरने से बस की छत उड़कर खड्ड के किनारे जा पहुंची। वहीं सारा मलबा बस पर आ गया। जिससे बस पूरी तरह मलबे की



चपेट में आ गई। बस के अंदर से अभी तक 18 शव निकाले गए हैं। दो बच्चियों और एक बच्चे को सुरक्षित निकाला गया है। इनमें से एक बच्ची की मां दुर्घटना में मारी गई है। बेटियों का प्रारंभिक उपचार बरठीं अस्पताल में चला हुआ है। बताया जा रहा है कि करीब 35 लोग बस में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सुरक्षित लैंडिंग के बाद वापसी रद्द

# एयर इंडिया की कोलंबो से चेन्नई आ रही फ्लाइट से टकरा गया पक्षी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



एयर इंडिया की कोलंबो-चेन्नई फ्लाइट में बर्ड हिट की घटना सामने आई, जिसके बाद एयरलाइन को अपनी वापसी उड़ान रद्द करनी पड़ी। हवाई अड्डा प्राधिकरणों के मुताबिक, विमान में उस समय 158 यात्री सवार थे। विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की और सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला गया। अधिकारियों के अनुसार बर्ड हिट का पता लैंडिंग के बाद चला। घटना के बाद विमान को उड़ान भरने से रोक दिया गया और एयर इंडिया के इंजीनियरों ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### एयर इंडिया का बयान

#### इंजन ब्लेड पर प्रभाव के निशान

*एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि 7 अक्तूबर को एआई 273 फ्लाइट के चालक दल ने चेन्नई से कोलंबो के लिए उड़ान के दौरान संभावित बर्ड स्ट्राइक की सूचना दी। कोलंबो में लैंडिंग के बाद इंजीनियरों ने विमान का निरीक्षण किया और कोई क्षति नहीं पाई, जिसके बाद इसे संचालन के लिए मंजूरी दे दी गई। यही विमान निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एआई 274 फ्लाइट के रूप में कोलंबो से चेन्नई के लिए रवाना हुआ। लेकिन चेन्नई में रूटीन पोस्ट-फ्लाइट जांच के दौरान इंजीनियरों ने इंजन ब्लेड पर प्रभाव के निशान देखे। इसके बाद विमान को अतिरिक्त निरीक्षण और नुकसान के कारण का पता लगाने के लिए ग्राउंड कर दिया गया है।*

### पीएम मोदी आज करेंगे इंडिया मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन

एशिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी इवेंट इंडिया मोबाइल कांग्रेस-2025

# भारत की टेक्नोलॉजी पर होगी दुनिया की निगाहें तकनीकी प्रगति- डिजिटल नेतृत्व आएगा सामने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बुधवार को एशिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन 8 से 11 अक्टूबर के बीच होगा।

यह आयोजन भारत की डिजिटल प्रगति, नवाचार और 5जी, एआई आईओटी जैसी तकनीकों में उसकी वैश्विक क्षमता को प्रदर्शित करेगा। भारत एक बार फिर डिजिटल दुनिया में अपनी ताकत दिखाने जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 (आईएमसी 2025) का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन एशिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी और इनोवेशन फोरम माना जाता है, जहां भारत की तकनीकी प्रगति और डिजिटल नेतृत्व दुनिया के सामने पेश होगी। इस साल के कार्यक्रम में 150 से अधिक देशों के 1.5 लाख से ज्यादा आगंतुक और 7,000 प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस भव्य आयोजन का मकसद भारत को ग्लोबल टेक्नोलॉजी हब के रूप में स्थापित करना है।

कार्यक्रम में 150 से अधिक देशों के 1.5 लाख से ज्यादा आगंतुक और 7,000 प्रतिनिधि शामिल होंगे



#### 8.8 करोड़ के निवेश के लिए होगा मुकाबला

आईएमसी में इस बार 6 प्रमुख ग्लोबल समिट्स आयोजित की जाएंगी, जो डिजिटल इनोवेशन के अलग-अलग क्षेत्रों पर केंद्रित होंगी। इनमें भारत 6जी संगोष्ठी, एआई शिखर सम्मेलन, ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### यह एशिया मोबाइल कांग्रेस बनने की दिशा में : ज्योतिरादित्य सिंधिया

कार्यक्रम से पहले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को यशोभूमि में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आईएमसी 2025 भारत में कनेक्टिविटी का नया युग शुरू करेगा, जहां 5जी, एआई आईओटी , मशीन लर्निंग और सैटेलाइट कम्युनिकेशन जैसी तकनीकें दुनिया को एक प्लेटफॉर्म पर जोड़ेंगी। सिंधिया ने कहा कि अब कहना गलत नहीं होगा कि इंडिया मोबाइल कांग्रेस सिर्फ भारत की नहीं, बल्कि एशिया मोबाइल कांग्रेस बनने की दिशा में आगे बढ़ चुका है।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर चोरी के मामले में दो गिरफ्तार, वाहन बरामद

**फरीदाबाद।** ट्रैक्टर चोरी करने के मामले में अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने दो आरोपियों को काबू कर उनके कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर बरामद कर लिया है। थाना सेक्टर-8 में रोहित ने अपने शिकायत में आरोप लगाया था कि 24 जून को उसने अपने ट्रैक्टर ड्राइवर रोहन के पास ट्रैक्टर लाने के लिए कॉल किया, लेकिन उसका फोन बंद आ रहा था जब उसने जाकर देखा तो पाया की ट्रैक्टर अपनी जगह पर नहीं था। जिसकी शिकायत उन्होंने थाने में दर्ज करवाई।



### अवैध नशा बेचने के मामलों में दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-65 व अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने दो आरोपियों को अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया है। 6 अक्टूबर को अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने कार्रवाही करते हुए दलीप कुमार को 510 ग्राम गांजा सहित नंगला एनक्लेव पार्ट 2 से गिरफ्तार किया। वहीं अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने बंटी से 222 ग्राम गांजा सहित डबुआ कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।



### चोरी के दो आरोपी काबू 14000 नगद बरामद

**फरीदाबाद।** घरों में घुसकर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 14000 रुपए नगद बरामद किया है। पुलिस चौकी टाउन-2 में राकेश कुमार ने दी शिकायत कहा कि 3 सितंबर की रात को जब घर पर कोई नहीं था तो कोई घर में घुस कर एक मूर्ति जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपए थी , चोरी कर ले गया। शिकायत पर थाना कोतवाली में मामला दर्ज किया और आरोपियों की तलाशी शुरू की । आखिर आरोपियों को पकड़ा गया।



### 2 वाहन चोर गिरफ्तार बाइक व स्कूटी बरामद

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की एक बाइक और एक स्कूटी बरामद की है। अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने कार्रवाई करते हुए विशाल को चोरी की स्कूटी सहित और दीपक निवासी राहुल कॉलोनी फरीदाबाद को चोरी की मोटरसाइकिल सहित प्रतापगढ पुल, सेक्टर.56 के पास से गिरफ्तार किया है। दोनों को अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।



# वाल्मिकी ने भारत की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक धरोहर को किया समृद्ध

मुख्य अतिथि ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। समारोह में पहुंचने पर सूचना, जनसंपर्क विभाग की ओर से जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी दिनेश कुमार ने अतिथिगण का स्वागत एवं अभिनंदन किया

**खास बातें**

- महर्षि वाल्मीकि जयंती पर जिला स्तरीय समारोह
- स्वच्छता योद्धाओं को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला प्रशासन व सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर मंगलवार को फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन हॉल में हरियाणा सरकार की संत महापुरुष सम्मान एवं विचार-प्रसार योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार में खाद्य, नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले तथा माइनिंग एवं स्टेशनरी राज्य मंत्री राजेश नागर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। समारोह में पहुंचने पर सूचना, जनसंपर्क विभाग की ओर से जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी दिनेश कुमार ने अतिथिगण का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर स्वच्छता योद्धाओं को सम्मानित भी किया गया। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि पूरे देश और हरियाणा प्रदेश में महर्षि वाल्मीकि की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह दिन रामायण के रचयिता और संस्कृत साहित्य के आदि कवि महर्षि वाल्मीकि के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को समृद्ध किया। महर्षि वाल्मीकि ने मानवता, समानता और धर्म के पथ पर चलने की प्रेरणा दी। वे ज्ञान, सत्य और न्याय के प्रतीक थे। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को यह संदेश दिया कि मेहनत, ईमानदारी और शिक्षा के बल पर जीवन में ऊंचाइयां प्राप्त की जा सकती हैं।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर जिला स्तरीय समारोह




### महान संतों की गौरव गाथा को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा

*राज्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार द्वारा संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना चलाई जा रही है। इस परंपरा के शुरू होने से सामाजिक समरसता और महान संतों की गौरव गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने समाज के महापुरुषों को याद नहीं करेंगे तो हमारी सभ्यता के महत्वपूर्ण पहलू इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह जाएंगे। इसलिए सरकार की ओर से धन्ना भगत, कबीर दास जी, महात्मा ज्योतिबा फुले, संत रविदास आदि महापुरुषों की याद में उनकी जयंती पर राज्य व जिला स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करवाया जा रहा है।*

### विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता

# हरियाणा के गांवों से लेकर शहरों तक बुनियादी ढांचे का निरंतर हो रहा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णा पाल गुर्जर ने सरूरपुर में 2 करोड़ 30 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया शुभारंभ, एनआईटी विधायक सतीश फागना भी मौजूद रहे।

भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि पिछले 10 से 11 वर्षों में जिले में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं, जिनका प्रमाण हर गांव, हर सडक़ और प्रत्येक सार्वजनिक सुविधा में स्पष्ट दिखाई देता है। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने गांव सरूरपुर में सडक़ निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। शुभारंभ गांव के लोगों द्वारा नारियल फोड़कर परंपरागत तरीके से किया गया। इस अवसर पर एनआईटी विधायक सतीश फागना भी मौजूद रहे। लगभग 2 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का आरंभ हुआ।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी कड़ी में मंगलवार को उन्होंने गांव सरूरपुर में लगभग 50 लाख रुपए की लागत से गलियों और सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके साथ ही बताया कि सरूरपुर से सोहना रोड तक लगभग 1 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से बनने वाली आरएमसी सड़क का निर्माण कार्य भी प्रारंभ किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि यह सड़क 18 फुट चौड़ी आरएमसी रोड होगी, जिसके दोनों ओर 3.3 फुट की इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई जाएंगी। इस प्रकार कुल मिलाकर 24 फुट चौड़ी आधुनिक सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।



### तेज गति से गांवों में भी हो रहे विकास के काम

*एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतीश फागना ने कहा कि फरीदाबाद विकास के उस मार्ग पर अग्रसर है, जिसकी कल्पना कभी की जाती थी। उन्होंने कहा कि जितनी तेजी से विकास कार्य फरीदाबाद में हुए हैं, उतनी गति से किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र में नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल शहरों का नहीं, बल्कि गांवों, गरीबों और अंतिम पंक्ति के नागरिकों तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। इस अवसर पर जिला परिषद मेंबर हरिंदर भड़ाना, सरपंच साजिद अहमद, पार्षद महेश सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।*

### पीएम मोदी की सरकार देश के गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के लिए समर्पित

*कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जीवन में गरीबी को केवल देखा नहीं, बल्कि स्वयं भोगा है, इसलिए वे गरीबों की समस्याओं को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले दिन से ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार देश के गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों को समर्पित है। गुर्जर ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा देश के 80 करोड़ नागरिकों को हर महीने 5 किलो मुफ्त अनाज, 60 करोड़ लोगों को साल में मुफ्त इलाज की सुविधाए तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पहले बच्चे पर 5000 रुपए और दूसरे बच्चे के रूप में कन्या संतान पर 6000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि 10 करोड़ महिलाओं को एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं और 90 लाख रेहड़ी.पटरी वालों को मात्र 1 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण उपलब्ध करवाने का कार्य भी केंद्र सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास की नीति को अपनाते हुए सरकार समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास और योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मौजूदा सरकार का लक्ष्य केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा में लाना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरूरपुर के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी और प्रदेश को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सबका सहयोग आवश्यक है।*

# रालोद ने मनाई वाल्मीकि जयंती, सदस्यता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय संगठन महासचिव त्रिलोक त्यागी ने मंगलवार को यहां पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि जयंती भी मनाई गई।

मौके पर उन्होंने चौधरी तेजपाल सिंह को मुरादाबाद मंडल एव रविंद्र चौहान को अलीगढ़ मंडल का प्रभारी बना, जाने की घोषणा की।

### 31 अक्टूबर तक जयंत चौधरी सभी मंडलों में जाएंगे

*त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी व वह खुद 31 अक्टूबर तक सभी मंडलों में जाएंगे । कार्यक्रम को गति देने के लिए प्रभारीयों की नियुक्ति की गई है। मंडलों के अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष प्रभारी के साथ तालमेलकर रैली को सफल बनाएंगे। वहीं किसान प्रकोष्ठ ने राज नगर एक्सटेंशन में महर्षि जयंती एवं सदस्यता अभियान आयोजन किया गया।*

### महर्षि वाल्मीकि व चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि

*महर्षि वाल्मीकि और चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके कार्यक्रम की शुरुवात की गई । किसान प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव एवं आयोजक अमित त्यागी आरके ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया । जिलाध्यक्ष तेजवीर दबाना ने प्रबुध कुमार का स्वागत किया। तेजपाल चौधरी, इंद्रजीत सिंह टीटू, रविन्द्र चौहान, अमित त्यागी, ओड़ी त्यागी, प्रदीप त्यागी, तुषार कौशिक, संजीव अरोड़ा, संजीव चौधरी आदि ने रालोद पार्टी की विचारधारा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने रालोद की सदस्यता ली।*

### साइबर ठगों को कराता था खाता उपलब्ध

# टास्क पूरा करवाने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

साइबर ठगों द्वारा तकनीकी का गलत प्रयोग करके लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। ऐसे ही एक मामला में टास्क पूरा करवाने के नाम पर ठगी करने पर साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने आरोपी राजकमल को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल में हैबिटेट रेजिडेंसी सेक्टर-78 फरीदाबाद में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके पास व्हाट्सएप पर मैसेज आया जिसने अपने आपको कंपनी की बताया। जिसके बाद उसने एक लिंक भेज रेटिंग का काम और निवेश करके अच्छा लाभ कमाने का लालच दिया। फिर ठगों ने टेलीग्राम का लिंक भेज टेलीग्राम ग्रुप में जोड दिया। जिसमें उसे डाटा टास्क दिया और 15000 रूपए टास्क में इन्वेस्टमेंट करने के बाद 28200 रूपए का लाभ दिखाया, जिसके बाद 88200 रूपये टास्क में इन्वेस्टमेंट करने के बाद 159100 रूपए का लाभ बताया। जब शिकायतकर्ता ने अपने लाभ के पैसे निकालना चाहे तो पैसे नही निकल पाये। जिसके बाद ठगों से सम्पर्क किया जिसपर उन्होंने इन्कम टैक्स का डर दिखाया और पैसे इन्वेस्ट करने को कहा। इस प्रकार शिकायतकर्ता ने दबाव में आकर 34,47,000रू ठगों के खाते में भेजें। इस तरह शिकायतकर्ता के साथ ठगी हुई। जिस पर साइबर थाना सेन्ट्रल में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए राजकमल निवासी गांव गुजरी जिला श्रीगंगानगर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पुछताछ में सामने आया कि राजकमल ठगों के लिए खाता उपलब्ध करवाता था और इसने पहले गिरफ्तार आरोपी चिरांश का खाता लेकर आगे ठगों को दिया था तथा आरोपी बेरोजगार है। मामले में अधिक जानकारी के लिए आरोपियों को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। मामले में चिरांश सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका हैं।



### साथी मौके से फरार होने में कामयाब हो गया

# डॉक्टर का मर्डर व भाजपा नेत्री के मकान से चोरी करने का आरोपी एनकाउंटर में ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

दिल्ली में डॉक्टर का मर्डर करने व भाजपा नेत्री के गुरुग्राम मकान से लाखों की चोरी करने के आरोपी भीम बहादुर जोरा को सीआईए व दिल्ली पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। वहीं, भीम बहादुर का साथी फरार होने में कामयाब हो गया। भीम बहादुर पर दिल्ली पुलिस ने एक लाख रुपए इनाम व एक रैंक प्रमोशन की घोषणा की हुई थी। मुठभेड़ के दौरान गुरुग्राम सीआईए सेक्टर-43 के प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा को भी गोली लगी। गनीमत यह रही कि उन्होंने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी हुई थी जिसके कारण गोली इसी जैकेट में ही फंस गई और उनकी जान बच गई। दरअसल, सीआईए प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा को सोमवार देर रात को उन्हें सूचना मिली थी कि भाजपा जिला उपाध्यक्ष के घर चोरी करने में संलिप्त आरोपी भीम जोरा दिल्ली के अमर कॉलोनी थाना क्षेत्र में मौजूद है। इस पर उन्होंने दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल से संपर्क कर एक संयुक्त कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान सीआईए इंचार्ज नरेंद्र शर्मा के साथ एएसआई सतबीर, सिपाही रोहित, अजीत सिंह, प्रियंक की टीम ने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर बताए गए स्थान पर पहुंचे तो भीम जोरा ने पुलिस को देखते ही अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस दौरान एक गोली इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा को लगी। टीम ने जवाबी कार्रवाई करते भीम जोरा पर फायरिंग की जिसमें एक गोली भीम जोरा को लगी जबकि उसका साथी मौके से फरार होने में कामयाब हो गया।

पुलिस ने मौके पर घायल भीम जोरा को दिल्ली के एम्स अस्पताल भेजा जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




### मर्डर व डकैती के आधा दर्जन से ज्यादा केस

*भीम जोरा के खिलाफ दिल्ली-गुडगांव की नहीं बल्कि कई अन्य राज्यों में भी करीब आधा दर्जन केस दर्ज थे। जांच के दौरान सामने आया कि भीम जोरा पर डकैती के दौरान हत्या करने के मामले में एक लाख रुपए और वन रैंक प्रमोशन का इनाम दिल्ली पुलिस ने घोषित किया हुआ था। उसके खिलाफ डकैती डालने का मामला गुजरात में भी दर्ज है। इसके अलावा घर में चोरी करने का मामला कर्नाटका और गाजियाबाद में भी दर्ज है जिसमें यह गिरफ्तार हो चुका था और जमानत पर बाहर आने के बाद शहर बदलकर फिर से वारदातों को अंजाम देने लगा।*


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निदेशक/ एडमिन, उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए निविदाए आमन्त्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल में नेत्र ओपीडी भवन में अतिरिक्त लिफ्ट चौंबर जी + 3 का निर्माण और नेत्र ओपीडी भवन के ऊपर वार्ड/केबिन का निर्माण और एडीईएन/ एनआरसीएच के तहत एसएसई/वर्क्स/ एनआरसीएच के अनुभाग में उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल में अलग से भोजन लिफ्ट का प्रावधान। | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 20376616.81 | धरोहर राशि | ₹ 251900/- |
| समापन अवधि | 06 माह | निविदा खुलने की तिथि | 31.10.2025 |

सुचनाः निविदा रेलवे की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 31.10.2025 15:00 बजे तक ही भरी जायगी।

पत्र सं.: 128-W-269-O.E.T-10-25-26-NRCH दिनांक: 06.10.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3083/2025



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **धर्मराज उर्फ विपिन उर्फ सर्किट, पुत्र प्रेम चंद निवासी मकान नं. 8/45, तीसरी मंजिल, सुभाष नगर, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 441/2022, भा.द.सं. की धारा 380/454/411/34 के तहत, थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **धर्मराज उर्फ विपिन उर्फ सर्किट** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **धर्मराज उर्फ विपिन उर्फ सर्किट** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 441/2022, भा.द.सं. की धारा 380/454/411/34 के तहत, थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **धर्मराज उर्फ विपिन उर्फ सर्किट** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.01.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आवेशानुसार
श्री शशांक नंदन भट्ट
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-02, पश्चिम कोर्ट्स, दिल्ली
DP/13497/WD/2025



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरजीत सिंह सचदेवा, पुत्रः जसवन्त सिंह सचदेवा, निवासीः मकान नंबर–512, नानीवाला बाग, आजादपुर, दिल्ली** ने **FIR No.: 025384/2020, U/s:379/411/34 IPC, पुलिस थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हरजीत सिंह सचदेवा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हरजीत सिंह सचदेवा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना बुराड़ी दिल्ली** के अभियुक्त **हरजीत सिंह सचदेवा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.11.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पायल सिंगल
जेएमएफसी–09, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट, कमरा नं. – 286, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/13437/N/2025



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दुर्गेश कुमार पुत्र सुदामा भगत निवासी झुग्गी नंबर 1004, एफ 6/7, एचजीआई लेबर कॉलोनी, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 532/23, U/S 188 IPC, अन्तर्गत राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दुर्गेश कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दुर्गेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 532/23, U/S 188 IPC, अन्तर्गत राज पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दुर्गेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री इब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
दक्षिण–पश्चिम, कोर्ट संख्या 107, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/13443/OD/2025(Court Matter)



## छपरा जं. – आनन्द विहार (ट.) रेलवे स्टेशन के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारम्भ

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा छपरा जं. एवं आनन्द विहार (ट.) स्टेशनों के बीच रेलगाड़ी सं. 15133/15134 नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की संचालन, समय–सारणी एवं ठहराव निम्नानुसार होंगे :–

**रेलगाड़ी संख्या 15133/15134 छपरा जं. – आनन्द विहार (ट.)– छपरा जं. अमृत भारत एक्सप्रेस (द्वि–साप्ताहिक)**

| रेलगाड़ी संख्या : 15133 | | स्टेशन | रेलगाड़ी संख्या : 15134 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22.00 | छपरा जं. | 22.50 | -- |
| 22:50 | 22:55 | सीवान जं. | 21:20 | 21:25 |
| 23:30 | 23:35 | थावे जं. | 20:20 | 20:25 |
| 00:25 | 00:27 | तमकुही रोड | 19:45 | 19:47 |
| 01:10 | 01:12 | पडरौना | 18:53 | 18:55 |
| 02:05 | 02:10 | कप्तानगंज जं. | 18:15 | 18:20 |
| 03:15 | 03:25 | गोरखपुर जं. | 16:50 | 17:00 |
| 04:01 | 04:03 | खलीलाबाद | 15:34 | 15:36 |
| 04:28 | 04:31 | बस्ती | 15:10 | 15:13 |
| 04:54 | 04:56 | बभनान | 14:36 | 14:38 |
| 05:35 | 05:37 | मनकापुर जं. | 13:52 | 13:54 |
| 06:30 | 06:35 | गोंडा जं. | 13:25 | 13:30 |
| 08:31 | 08:33 | बाराबंकी | 10:31 | 10:33 |
| 09:45 | 09:48 | बादशाहनगर | 09:30 | 09:33 |
| 10:15 | 10:25 | ऐशबाग | 09:00 | 09:10 |
| 13:30 | 13:35 | कानपुर सेंट्रल | 07:00 | 07:05 |
| 15:43 | 15:45 | इटावा जं. | 04:20 | 04:22 |
| 22:10 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 00:20 |

चलने के दिनः 15133 छपरा जं. से प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार को दिनांक 20.10.2025 से एवं 15134 आनन्द विहार (ट.) से प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को दिनांक 22.10.2025 से। स्थानः शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3091/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




## मुख्यमंत्री ने निशुल्क डायलिसिस सेवा एवं थैलेसीमिया जांच केंद्र का किया शुभारंभ

# हर व्यक्ति तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना दिल्ली सरकार का लक्ष्य : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं हर व्यक्ति तक समान रूप से पहुंचाना दिल्ली सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं का पर्याप्त विस्तार किया जा रहा है। यह बातें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को अशोक विहार स्थित सेवा भारती डायग्नोस्टिक एवं डायलिसिस सेंटर द्वारा आयोजित निशुल्क डायलिसिस सेवा एवं थैलेसीमिया जांच केंद्र के शुभारंभ समारोह में कही।

मुख्यमंत्री ने सेवा भारती की सराहना करते हुए कहा कि सेवा के इस प्रकल्प में जुड़े सभी कार्यकर्ता इन सेवाभावी प्रयासों से दिल्ली के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार कर रहे है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, स्वास्थ्य मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मरीजों से संवाद किया और केंद्र में स्थापित अत्याधुनिक जांच मशीनों एवं व्यवस्थाओं के संचालन की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाजसेवी संस्थानों और नागरिकों से इस दिशा में साझेदारी का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार और समाज दोनों को मिलकर सेवा का यह अभियान आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने सेवा भारती द्वारा स्थापित इस केंद्र को जीवनदायी प्रयास बताते हुए कहा कि यह केंद्र हर वर्ष हज़ारों लोगों को लाभान्वित करेगा, जो वास्तव में समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़े के अंतर्गत ऑर्गन डोनेशन और आई डोनेशन का सरकारी प्लेटफ़ॉर्म शुरू किया है, ताकि नागरिक मरणोपरांत भी किसी अन्य व्यक्ति के जीवन को बचाने में योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि यह पहल मानवता की सर्वोच्च भावना का प्रतीक है। साथ ही समाज में 'सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है' के संदेश को भी साकार करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा का यह दीपक समाज में आशा और जीवन की किरण बनकर सदैव प्रज्वलित रहे। यही भगवान वाल्मीकि के आदर्शों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के विजन को साकार करने का मार्ग है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इसी भावना के साथ प्रत्येक नागरिक तक विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा की रोशनी पहुंचाने के लिए निरंतर कार्यरत है।

### सरकारी अस्पतालों में की 300 नई हीमो-डायलिसिस मशीनें स्थापित : डॉ. पंकज

इस अवसर पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार ने प्रमुख सरकारी अस्पतालों में 300 नई हीमो-डायलिसिस मशीनें स्थापित की हैं। सेवा पखवाड़ा के दौरान ही 150 से अधिक डायलिसिस मशीनें दिल्ली सरकार के अस्पतालों में स्थापित की गई। अब दिल्ली सरकार के अस्पतालों में 3000 से अधिक लोगों का हर दिन डायलिसिस किया जा रहा है। डॉ. पंकज ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़े के दौरान आयोजित स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान भी बेहद सफल रहा। इन शिविरों में कुल 10 लाख से अधिक लाभार्थियों ने भाग लिया।

## दिल्ली भाजपा ने ममता सरकार के विरोध में किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, सांसद, नेताओं और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बंग भवन के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और बंगाल की ममता सरकार के इस्तीफे की मांग की। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि हर राज्य में विभिन्न राजनीतिक दल काम करते हैं लेकिन पिछले कुछ दिनों में जिस तरह का घटनाक्रम पश्चिम बंगाल में चल रहा है वह चिंता जनक है। तुष्टिकरण और हिंसा तृणमूल कांग्रेस का धंधा बन गया है। बाढ़ पीड़ति क्षेत्रों में राहत सामग्री और निरीक्षण कर रहे भाजपा जनप्रतिनिधि जो आदिवासी समाज से आते हैं, पर जिस प्रकार से हमला किया गया है वह काफी दर्दनाक है। ममता बनर्जी को यह रास नहीं आ रहा है कि भाजपा नेता लोगों की समस्याओं में साथ खड़े हैं। वहीं, सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने संबोधित करते हुए कहा कि ममता बनर्जी की सरकार ने चुन चुन कर भाजपा नेताओं को प्रताड़ति किया जा रहा है। बंगाल की जनता भी अब ममता सरकार से परेशान हो गई है। 2011 से लेकर अब तक ममता सरकार ने बंगाल में सिर्फ एक विशेष वर्ग की राजनीति के लिए पूरे बंगाल को बर्बाद करने का काम किया है।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती: 'वाल्मीकि दलित महापंचायत' में शामिल हुईं मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



महर्षि वाल्मीकि ने अपनी अमर कृति रामायण के माध्यम से संदेश दिया है कि समाज की सच्ची शक्ति करुणा, समानता और श्रम की गरिमा में निहित है। महर्षि वाल्मीकि का जीवन इस बात का प्रतीक है कि मानवता का सर्वोच्च रूप सेवा और समरसता में निहित होता है। यह विचार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को त्रिलोकपुरी क्षेत्र में आयोजित वाल्मीकि दलित महापंचायत में व्यक्त किए। पंचायत में मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

यदि महर्षि वाल्मीकि न होते तो हम प्रभु श्रीराम के व्यक्तित्व व कृतित्व को गहराई से नहीं जान पाते। इस विशेष कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से आए नागरिकों, समाजसेवियों, और जनप्रतिनिधियों ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, दर्शन और शिक्षाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विधायक श्री रविकांत भी मौजूद थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि और प्रभु श्रीराम के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि रामायण हमें समानता, करुणा और समरसता का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम ने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का संदेश दिया, चाहे वह केवट हों, निषादराज हों, शबरी हों या वानर सेना।

### प्रवेश वर्मा ने विभिन्न भंडारों में शामिल होकर श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद

**नई दिल्ली।** भगवान महर्षि वाल्मीकि की पावन जयंती पर मंगलवार को दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री और स्थानीय विधायक प्रवेश साहिब सिंह ने अपनी नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न भंडारों में सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। वाल्मीकि जयंती पर उन्होंने सभी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समस्त देशवासियों को रामायण के रचनाकार, आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। इस पुण्य पर्व पर आइए, हम सभी उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर सत्य, धर्म और सेवा के मार्ग पर अग्रसर हों। बता दें कि वाल्मीकि जयंती से पहले मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने मंदिर मार्ग स्थित वाल्मीकि मंदिर में और आस-पास साज सज्जा और लाइटों की व्यवस्था करवाई।

### कांग्रेस हमेशा लड़ती रही है दलितों के लिए : यादव

नई दिल्ली। श्री रामायण जैसे महान ग्रंथ के रचयिता भगवान महर्षि वाल्मीकि की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर दिल्ली में कई जगह शोभा यात्राएं व झांकियां निकाली गई, भण्डारों का आयोजन हुआ। जबकि दिल्ली के सबसे बड़े मंदिर मार्ग पंचकुइयां रोड महर्षि वाल्मीकि मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। दिल्ली के छोटे बड़े नेताओं ने मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना आदि की। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव पंचकुइयां रोड महर्षि वाल्मीकि मंदिर सहित अन्य आयोजनों में पहुंचे और देश व समाज की खुशहाली के लिए प्रर्थाना की। इस अवसर पर यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा दलितों के अधिकारों और हितों की रक्षा की लड़ाई लड़ी है और भविष्य में उन्हें न्याय दिलाने के लिए अगर लड़ना पड़े तो लड़ेगी। उन्होंने कहा कि भगवान महर्षि वाल्मीकि ने जो समानता, समरसता और न्याय के आदर्शों की शिक्षा का रास्ता लोगों को दिखाया, आज उन पर चलना और भी जरुरी हो गया है।

## राजधानी में लगातार दूसरे दिन हुई बारिश, ठंडक दे रही दस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लगातारी दूसरे दिन मंगलवार को दिल्ली में हुई बारिश के चलते हल्की गुलाबी ठंडक दस्तक देती महसूस की जा रही है। सुबह से ही मौसम खुशगवार बना रहा, जबकि दोपहर बाद कई क्षेत्रों में बारिश होने लगी। दोपहर तीन बजे के करीब अधिकांश दिल्ली में कहीं हल्की कहीं मध्यम बारिश हुई। बारिश के चलते अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे चला गया है जिससे गुलाबी ठंडक का अहसास हो रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने पहले ही बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया था। आईएमडी के अनुसार मंगलवार सुबह साढ़े आई बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच दिल्ली में पालम में सबसे ज्यादा 41.6 मिमी पानी बरसा। वहीं दूसरे नंबर पर रिज एरिया 37 मिमी बारिश दर्ज की गई। जबकि सफदरजंग वेधशाला में 5.8 मिमी बारिश हुई। वहीं लोधी रोड 5.8 मिमी, आया नगर 5.1 मिमी, राजघाट 0.1 मिमी, पूसा 22.5 मिमी और 20.0 मयूर विहार में मिमी बारिश दर्ज हुई। जबकि सुबह साढ़े आठ बजे से पहले के 24 घंटे में आया नगर में सबसे ज्यादा 32.8 मिमी बारिश दर्ज हुई। जबकि सफदरजंग वेधशाला में 12.6 मिमी, पालम में 11.0 मिमी, लोधी रोड 11.7 मिमी, राजघाट 0.6 मिमी, पूसा 7.0 मिमी और रिज एरिया में 7.8 मिमी बारिश दर्ज हुई। आईएमडी ने ताजा अनुमान में बताया है कि बुधवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। जबकि अगले तीन चार दिन मौसम साफ सुथरा रहेगा और तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज होगी। आईएमडी ने बताया कि अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे है। वहीं न्यूनतम तापमान 21.0 दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.3 डिग्री सेल्सियस नीचे है।

### आईपी यूनिवर्सिटी में दाखिले का एक और अवसर

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी अपने बीएजेएमसी (कोड 126) एवं बी. कॉम (ऑनर्स) (कोड 146) प्रोग्राम में दाखिले के लिए आवेदन का एक और अवसर दे रही है। आवेदन का यह अवसर सीयूईटी स्कोर के आधार पर उन उम्मीदवारों को दिया जाएगा जिन्होंने अभी तक इस प्रोग्राम में कहीं दाखिला नहीं लिया है। आईपीयू प्रशासन ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक आवेदक को यूनिवर्सिटी कुलसचिव के नाम से निर्गत 2,500 रुपये का बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य दस्तावेज 9 अक्टूबर को द्वारका कैंपस में साथ लेकर आने हैं। उसी दिन दस्तावेजों के सत्यापन के बाद मेरिट के अनुरूप इस प्रोग्राम में उपलब्ध खाली सीटों का आवंटन कर दिया जाएगा। सीट आवंटन के समय यूनिवर्सिटी कुलसचिव के नाम निर्गत 96 हज़ार रुपये का बैंक ड्राफ्ट भी जमा करना है। इसलिए वह बैंक ड्राफ्ट भी साथ लाना है। ये दोनों प्रोग्राम यूनिवर्सिटी कैंपस के अलावा एफिलिएटेड इंस्टीट्यूट्स में भी उपलब्ध हैं।

### मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने वाले वकील के घर के बाहर 'आप' ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के ऊपर एक वकील द्वारा जूता फेंकने के विरोध में मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में आरोपी वकील के घर के बाहर कर विरोध प्रदर्शन किया और हमलावर वकील को सजा की मांग की है। इस दौरान सौरभ भारद्वाज और विधायक कुलदीप कुमार वकील को पहनाने के लिए जूते की माला भी अपने साथ लेकर गए थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दलित मुख्य न्यायाधीश पर हमला बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर का अपमान है और देश के लोग इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बाबा साहब का संविधान जिंदा है, तभी आज हम सड़क पर अन्याय के खिलाफ आवाज उठा पा रहे हैं। सौरभ ने कहा जिसने मुख्यन्यायाधीश को जूता फेंका वो अपने अपार्टमेंट में भी एक बड़ी समस्या है।

### करीब तीन साल पहले ही बने हैं फ्लाईओवर

# एनएच-44 : फ्लाईओवर के साथ जमा पानी से हो सकता है हादसा, जगह-जगह लगा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) संख्या- 44 स्थित नरेला विधानसभा के सिंघोला गांव स्थित सिडनी ग्रैंड होटल के सामने हर बारिश के मौसम में खतरा मंडराता रहता है। यहां हाई-वे विस्तार के दौरान सर्विस लेन के निर्माण में बरती गई लापरवाही, अनियमितताओं के चलते जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई। इसके चलते यहां सर्विस लेन पर बारिश के समय सड़क पर पानी भर जाता है और वाहनों के आवागमन में चलते यहां जलभराव के पास में ही लगे बिजली ट्रांसफॉर्मर के संपर्क में यह पानी आने से बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों के अनुसार, जब भी बारिश होती है तो जमा पानी बिजली ट्रांसफॉर्मर तक पहुंच जाता है। इस दौरान कई बार बिजली के हल्के झटके महसूस किए गए हैं, जिसके चलते हादसा होने की संभावना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और बिजली कंपनी टाटा पावर प्रशासन और संबंधित विभागों को इस गंभीर समस्या की कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया।

### बारिश में यहां हो जाता है जलभराव

स्थानीय निवासियों के अनुसार करीब तीन वर्ष पूर्व एनएच-44 का यह हिस्सा सिंघु-कुंडली बॉर्डर से अलीपुर की ओर विस्तारित किया गया था। उस समय करोड़ों रुपये खर्च कर कई फ्लाईओवर और सर्विस लेन बनाए गए थे। लेकिन सर्विस लेन के निर्माण में लेवल कर निकासी व्यवस्था और सड़क की समतलता पर ध्यान न देने के कारण हर बारिश में यहां जलभराव हो जाता है। वाहन चालकों का कहना है कि पानी भरने से सड़क पर जाम लग जाता है, जिससे दोनों दिशाओं में आवागमन प्रभावित होता है। कई बार तो वाहन बंद पड़ जाते हैं और लोग घंटों तक फंसे रहते हैं।



सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को निर्देश

# एसआईआर के तहत हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं की जानकारी दें

**एसआईआर चुनाव आयोग का कार्यक्षेत्र, उसे स्वतंत्र रूप से काम करने दिया जाए**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत तैयार अंतिम चुनावी सर्वेक्षण से बाहर रखे गए 3.66 लाख मतदाताओं का ब्योरा उपलब्ध कराने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से बिहार एसआईआर के तहत बाहर रखे गए मतदाताओं का विवरण 9 अक्टूबर तक देने के लिए कहा है।

आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि एसआईआर की अंतिम मतदाता सूची में जोड़े गए ज्यादातर नाम नए मतदाताओं के हैं और कुछ पुराने मतदाताओं के हैं। बिहार एसआईआर प्रक्रिया पर चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अब तक किसी भी बाहर रखे गए मतदाता द्वारा कोई शिकायत या अपील दायर नहीं की गई है।

*अब तक किसी मतदाता ने कोई अपील नहीं की*

*बिहार चुनाव प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई*



### पारदर्शिता और पहुंच बढ़ी

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि आयोग बाहर रखे गए मतदाताओं के बारे में जो भी उनके पास है, उसे गुरुवार तक पेश करेगा। अदालत ने कहा कि सभी के पास मसौदा मतदाता सूची है और अंतिम सूची भी 30 सितंबर को प्रकाशित हो चुकी है, इसलिए तुलनात्मक विश्लेषण के माध्यम से आवश्यक आंकड़े उपलब्ध कराए जा सकते हैं। न्यायमूर्ति बागची ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से कहा कि अदालती आदेशों के परिणामस्वरूप चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और पहुंच बढ़ी है।

### दिल्ली में बैठे नेता मुद्दे को उठा रहे

आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को यह भी बताया कि प्रभावित/हटाई गई सूची में शामिल किसी भी मतदाता ने अदालत का रुख नहीं किया है और न ही अपील दायर की है, बल्कि दिल्ली में बैठे राजनेता और गैर-सरकारी संगठन ही इस मुद्दे को उठा रहे हैं।

### यह आयोग का कार्यक्षेत्र, कोई सामने नहीं आया

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी में कहा कि एसआईआर पूरी तरह से केंद्रीय चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह बात एक याचिका की सुनवाई के दौरान कही। कोर्ट ने यह भी जोड़ा कि देश में कुछ लोग अनधिकृत रूप से रह रहे हो सकते हैं, जो अपनी पहचान उजागर होने के डर से सामने नहीं आना चाहेंगे।

### अन्य राज्यों में हस्तक्षेप नहीं करेंगे

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि वह एसआईआर की प्रक्रिया में अन्य राज्यों में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा। यह चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और विशेषाधिकारहै। सुनवाई के हम हर काम अपने हाथ में क्यों लें? चुनाव आयोग के पास अपना तंत्र है, उसे काम करने दिया जाए।

### याची शिकायतकर्ताओं की 100 लोगों की सूची दें, जिनके नाम हटे

कोर्ट ने यह भी कहा कि देश में कुछ लोग बिना अनुमति के रह रहे हैं, वे सामने आने से डरेंगे क्योंकि उनका नाम मतदाता सूची से हटने पर उनकी पहचान उजागर हो सकती है। याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे कम से कम 100 ऐसे लोगों की सूची प्रस्तुत करें, जिनका दावा है कि उनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए, लेकिन उन्हें कोई आदेश नहीं मिला, जिसके कारण वे अपील नहीं कर पा रहे। हमें उन लोगों की एक इलस्ट्रेटिव लिस्ट चाहिए, जिन्हें यह शिकायत है।

जयराम ने कहा

### चुनाव आयोग में बताने की हिम्मत नहीं रही

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने चुनाव आयोग पर फिर से हमला बोलते हुए कहा कि मतदाता सूची से गैर नागरिकों को हटाने के लिए मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण की जरूरत पर बल दिया



और कहा कि चुनाव आयोग में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह देशवासियों को बता सके कि बिहार में कितने गैर नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए। कांग्रेस महासचिव और पार्टी के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया में समानता और पारदर्शिता की कमी है। रमेश ने कहा कि अगर चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी होती कि बिहार में कितने गैर-नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, तो उसकी पोल और भी ज्यादा खुल जाती।

---

यह जानकारी रक्षा मंत्री ने राजधानी में आयोजित किए गए सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी

# एआई और ऑटोनॉमस सिस्टम से लड़े जाएंगे भविष्य के युद्ध, ड्रोन की बड़ी भूमिका: राजनाथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पश्चिमी-सीमा पर पाकिस्तान से बढ़ती युद्ध की चुनौती के बीच मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दो महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। पहले में उन्होंने कहा कि भविष्य में लड़े जाने वाले युद्ध एल्गोरिदम, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ऑटोनॉमस सिस्टम से लड़े जाएंगे और उस दौरान मानव रहित विमान (ड्रोन), एंटी-ड्रोन सिस्टम, क्वांटम कम्प्यूटिंग और निर्देशित ऊर्जा हथियारों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जो भावी रूपरेखा तैयार करेंगे। दूसरे में उन्होंने देश की रक्षा और सुरक्षा को राष्ट्र की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र को सशक्त बनाना केवल किसी एक संस्थान या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि इसके लिए संपूर्ण देशवासियों को साझा रूप से संकल्पबद्ध होना चाहिए। रक्षा विनिर्माण से जुड़े हुए अवसरों पर 7 अक्टूबर को राजधानी में एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया था। जिसे संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने यह जानकारी दी है। सीडीएस जनरल अनिल चौहान, डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. कामत, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी व नव-प्रवर्तक, स्टार्टअप, एमएसएमई और उद्योग जगत के प्रतिनिधि मौजूद थे।



### मानसिकता में बदलाव का सूचक

उन्होंने कहा, यह बदलाव केवल संख्या तक सीमित नहीं है। बल्कि निर्भरता से आत्मविश्वास की ओर मानसिकता में परिवर्तन का सूचक हैं। केंद्र की सार्वजनिक खरीद नीति में वार्षिक खरीद का 25 फीसदी एमएसएमई के लिए आरक्षित है। 350 वस्तुएं इसके तहत आती हैं। रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता एक नारे से आगे बढ़कर एक आंदोलन का रूप ले चुकी है। नीति से व्यवहार तक और नवाचार से प्रभाव तक ये बदलाव हमारे नवप्रवर्तकों, स्टार्टअप और युवा उद्यमियों के प्रयासों से संभव हुआ है। उन्होंने स्टार्टअप्स को ऊंचे मानक स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि भारत में 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न हैं। लेकिन रक्षा क्षेत्र में एक भी नहीं है। इस स्थिति को बदलने की आवश्यकता है, युवा जिसमें अहम भूमिका निभा सकते हैं। सरकार इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### नकलची न बनें नव-प्रवर्तक

राजनाथ सिंह ने कहा, नव-प्रवर्तक पहले से मौजूद समाधानों पर ध्यान देने के बजाय उनसे आगे का सोचने और युद्ध को नई परिभाषा देने वाली प्रौद्योगिकियों का विकास करने पर जोर दें। हमें प्रौद्योगिकी में न तो नकलची बनना है और न ही अनुयायी। बल्कि हमें दुनिया के लिए एक सृजक और मानव निर्धारक बनना है। बीते वित्त वर्ष में 1.5 लाख करोड़ रुपए का रक्षा उत्पादन और निर्यात का आंकड़ा 23 हजार करोड़ को पार कर गया। वहीं, घरेलू स्रोतों से रक्षा पूंजी अधिग्रहण 2021-22 के 74 हजार करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 1.2 लाख करोड़ हो गया है। 2018 में आईडेक्स की शुरुआत हुई और आज केवल सात वर्षों में इस क्षेत्र में 650 से अधिक विजेता बनकर उभरे हैं, 3 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोटोटाइप की खरीद सुनिश्चित की गई है।

### 50 हजार करोड़ का होगा रक्षा निर्यात

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने वर्ष 2029 तक रक्षा मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात का लक्ष्य क्रमशः 3 लाख करोड़ और 50 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचाने का रखा है। 2014 में रक्षा उत्पादन 46 हजार करोड़ से अधिक था। वो मौजूदा साल में 1.5 लाख करोड़ पर जा पहुंचा है। जिसमें निजी क्षेत्र का योगदान 33 हजार करोड़ का है। इसी तरह से 2014 में रक्षा निर्यात 1 हजार करोड़ से बढ़कर 2025 में 23,500 करोड़ पर पहुंच गया है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हमारे लिए केवल उत्पादन और अर्थव्यवस्था का मामला नहीं है। बल्कि इसका संबंध सीधे-सीधे देश की सामरिक स्वायत्तता से है। जो हमारी संप्रभुता से संबंधित है। राजनाथ ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से एक व्यापक और वैश्विक प्रतिद्वंद्वी रक्षा मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है। मंत्रालय ने इस बाबत डीएपी-20, डीपीएम-25 में बदलाव किए हैं।

### आंकड़ों तक सीमित नहीं आत्मनिर्भरता

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता सिर्फ मेक इन इंडिया और निर्यात के आंकड़ों तक सीमित नहीं है। बल्कि ये हमारे संकट के समय में प्रदर्शित किए गए आत्मविश्वास का प्रमाण है कि हम अपनी रक्षा करने के लिए किसी और पर निर्भर नहीं हैं। इससे हमारी सशस्त्र सेनाओं द्वारा स्वदेश की धरती पर बनाए गए हथियारों के इस्तेमाल को लेकर भी आत्मविश्वास बढ़ता है। इनमें हमारे ही वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की प्रतिभा लगी हुई होती है।

---

अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक बार फिर से दोहराया ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दोनों देशों के बीच संघर्षविराम कराने का अपना दावा

# 'टैरिफ' से हुआ भारत-पाकिस्तान जैसे दो परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच संघर्षविराम समझौता: ट्रंप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के साथ ही पाकिस्तान भी अमेरिकी राष्ट्रपति के इस दावे को पहले ही सिरे से खारिज कर चुका है

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हैं कि मानते ही नहीं, ऐसे समय में जब बहुत पहले ही भारत द्वारा उन्हें साफ शब्दों में ये स्पष्ट कर दिया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 7 से 10 मई 2025 तक पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य संघर्ष को रुकवाने में किसी तीसरे पक्ष या दुनिया के किसी अन्य देश की कोई भूमिका नहीं रही है। संघर्षविराम समझौता पूरी तरह से द्विपक्षीय था। जो भारत और पाकिस्तान के बीच ही हुआ है। ट्रंप ने इस तथ्य को दरकिनार करते हुए बीते सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में संघर्षविराम को लेकर अपने दावे को पुनः दोहराते हुए कहा कि इस साल की शुरुआत में भारत और पाकिस्तान जैसे दो परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच हुए संघर्षविराम को रोकने में टैरिफ की अहम भूमिका है। ये टैरिफ ही था जो दोनों के बीच संघर्षविराम समझौता कराने की वजह बना। अमेरिका की टैरिफ पर बनी हुई स्थिति को साफ करते हुए उन्होंने कहा कि अगर मेरे पास टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं होता। तो दुनिया के लगभग 7 में से 4 देशों में तो आज भी युद्ध चल रहे होते। यह टैरिफ ही था जिसकी वजह से भारत, पाकिस्तान जैसे दो परमाणु शक्ति वाले देशों के बीच संघर्षविराम हो सका। उन्होंने कहा कि टैरिफ के जरिए प्रभावी रूप से दखल देने से पहले सात विमान गिराए गए। इस संबंध में हालांकि उन्होंने विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी है।



### टैरिफ से अमेरिका बना शांतिदूत

ट्रंप ने ये भी कहा कि हमारे द्वारा लगाए गए टैरिफ की वजह से ही अमेरिका दुनिया में शांतिदूत बना है। साथ ही हमारे देश को भी सैकड़ों अरब डॉलर का फायदा यानी कमाई हुई है और हम एक बार फिर से अमीर और शक्तिशाली बन गए हैं। उल्लेखनीय है कि ये पहला मौका नहीं है जब अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत-पाक के बीच संघर्षविराम समझौता करने का राग अलापा है। इससे पहले भी वो दर्जनों बार यह बयान दे चुके हैं। जिसमें कभी सार्वजनिक रूप से आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में उनके द्वारा इस संबंध में दावा किया गया तो कभी सोशल मीडिया मंचों पर उन्होंने इस संबंध में बयान दिया है।

### भारत-पाक ने खारिज की ट्रंप की भूमिका

भारत की तरफ से इस साल जून महीने में जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ फोन पर हुई बातचीत में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मामले पर देश का रुख साफ किया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष को रोकने के लिए हुआ संघर्षविराम समझौता द्विपक्षीय था। जिसमें किसी अन्य देश द्वारा कोई मध्यस्थता नहीं की गई है। पाकिस्तान ने संघर्षविराम समझौता करने के लिए भारत से आग्रह किया था। जिसे हमने स्वीकार किया है। पीएम ने ये भी कहा था कि दोनों देशों के बीच आपसी मुद्दों का समाधान द्विपक्षीय आधार पर ही निकाला जाएगा। वहीं, पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री इशाक डार ने भी बीते वक्त में इस तथ्य को विदेशी मीडिया को दिए एक साक्षात्कार के दौरान दोहराया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के बीच हुआ संघर्षविराम समझौता पूरी तरह से द्विपक्षीय था और उसमें किसी अन्य पक्ष की कोई भूमिका नहीं रही है।

---

# राजस्थान-मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत, कांग्रेस ने की न्यायिक जांच की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने राजस्थान और मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामलों को लेकर भाजपा सरकारों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए न्यायिक जांच की मांग की है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में दवाइयों की खरीद में भारी भ्रष्टाचार किया गया है।



### राजस्थान में अब तक 4 मौतें

टीकाराम जूली ने बताया कि राजस्थान में कफ सिरप से अब तक चार मौतें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार कफ सिरप से बच्चों की मौत होने की बात मानने को तैयार नहीं है। राजस्थान में चिकित्सा मंत्री ने कफ सिरप में गड़बड़ी होने से इंकार कर दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि जिन कंपनियों को ब्लैक लिस्ट किया जा चुका है या जिनकी विश्वसनीयता पर पहले से ही सवाल उठते रहे हैं, उनसे सरकारें दवाइयों की आपूर्ति क्यों ले रही हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने कार्रवाई करने के बजाय केवल कमेटी बना दी, जिसका उद्देश्य मामले को भटकाना और ठंडा करना है।

### मध्यप्रदेश में 19 बच्चों की मौत हुई: सिंघार

वहीं उमंग सिंघार ने कहा कि मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में कफ सिरप से 19 बच्चों की मौत हो गई। उन्होंने शुरु में ही मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और कलेक्टर को पत्र लिखकर जांच की मांग की, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। बच्चों की मौत के बीच सीएम के काजीरंगा पार्क में हाथियों के साथ मौज-मस्ती को लेकर तंज भी कसा। डिप्टी सीएम ने कफ सिरप से कोई मृत्यु नहीं होने की बात कही और सिरप बनाने वाली कंपनी को क्लीनचिट दे दी। कहा कि किडनी फेल होने से बच्चों की एक के बाद एक मौत के बावजूद संबंधित टेस्ट नहीं करवाए गए। दवा कंपनियां सरकार के साथ मिलकर परासिया जैसे आदिवासी क्षेत्रों और छोटे जिलों में व्यापार कर रही हैं।

# अरविंद केजरीवाल होंगे प्रियंका गांधी वाड्रा के पड़ोसी, नहीं मिला मायावती का बंगला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लंबे कानूनी और राजनीतिक खींचतान के बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को आखिरकार दिल्ली में सरकारी आवास मिल गया है। केजरीवाल की ख्वाहिश थी कि उन्हें मायावती के नाम आवंटित 35 लोदी की एस्टेट वाला बांग्ला आवंटित हो, लेकिन ऐसा हो न सका।

शहरी विकास मंत्रालय के सूत्रों ने बताया की वो बंगला पहले ही वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के नाम आवंटित हो चुकी थी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नया पता होगा - 95 लोधी एस्टेट। वे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शशि थरूर और प्रियंका गांधी वाड्रा के पड़ोसी होंगे। लालू यादव की बेटी राज्यसभा सांसद मीसा भारती भी उनकी पड़ोसी होंगी। सूत्रों के अनुसार, केजरीवाल और उनकी पार्टी इस बात पर अड़ी थी कि उन्हें मायावती वाला बंगला ही दिया जाए।

उनका तर्क था कि एक मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी के प्रमुख होने के नाते उन्हें उसी श्रेणी का आवास मिलना चाहिए। लेकिन केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली उच्च न्यायालय में बताया कि संबंधित बंगला पहले ही एक केंद्रीय मंत्री को आवंटित किया जा चुका है और अब वह उपलब्ध नहीं है।

जम्मू-कश्मीर के 8.55 लाख किसानों के खातों में सम्मान निधि के 171 करोड़ रु. हुए जमा

# 5100 घरों के पुनर्निर्माण के लिए केंद्र से 85 करोड़ रु. का बजट भी मंजूर: शिवराज सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*जम्मू-कश्मीर के आपदा प्रभावित किसानों को केंद्र सरकार से मिली राहत*

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कृषि भवन, नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के बाढ़ व भूस्खलन प्रभावित किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 21वीं किस्त अग्रिम जारी की।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, केंद्रीय कृषि सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. मांगी लाल जाट सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे, वहीं जम्मू-कश्मीर के कृषि मंत्री जावेद अहमद डार, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, किसान कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े। इस किस्त के तहत लगभग 8.55 लाख किसानों के बैंक खातों में सीधे 171 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए, जिनमें 85,418 महिला किसान शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर के किसानों को पीएम-किसान के तहत अब तक कुल 4,052 करोड़ रु. की सहायता दी जा चुकी है। चौहान ने बताया कि जम्मू-कश्मीर सरकार से लगभग 5100 घरों के क्षतिग्रस्त होने संबंधी जानकारी ज्ञापन के माध्यम से मिली है, जिनके पुनर्निर्माण के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 85.62 करोड़ रु. का विशेष प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया है, जिसमें मूल सहायता राशि के अलावा शौचालय निर्माण व मनरेगा से भी राशि मिलेगी, ताकि लोग अपना घर फिर से बना सकें। साथ ही, राज्य से प्रस्ताव प्राप्त होने पर ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मनरेगा के तहत 100 दिनों के बजाय 150 दिनों की मजदूरी दी जाएगी, जिससे कि प्रभावित परिवारों को अतिरिक्त आजीविका सहायता मिलेगी।

---

बोले राजदूत हरीश, अपने लोगों पर बम बरसाने वाले, महिलाओं से गैंगरेप करने वाले देश को दूसरों को नसीहत देने का अधिकार नहीं

# कश्मीर पर झूठा राग अलापने वाले पाकिस्तान को एक बार फिर से यूएन में भारत की खरी-खरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



संयुक्त राष्ट्र (यूएन) जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान भारत के खिलाफ झूठी, भ्रामक और आधारहीन बयानबाजी करने से बाज नहीं आ रहा है। ताजा मामला बीते सोमवार देर रात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में 'महिला, शांति और सुरक्षा' के मुद्दे पर हुई एक खुली बहस से जुड़ा हुआ है। जिसमें पड़ोसी दुश्मन देश के एक अधिकारी ने अपने बयान में जानबूझकर एक बार फिर से कश्मीर को लेकर भारत पर मिथ्या और अनर्गल आरोप लगाते हुए कहा कि कश्मीरी महिलाएं दशकों से यौन हिंसा का शिकार हैं। भारतीय राजदूत पी.हरीश ने भी तुरंत करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जिसने अपने ही लोगों पर बम बरसाए हों, अपने नागरिकों के व्यवस्थित नरसंहार में शामिल रहा हो,करीब 4 लाख महिला नागरिकों के नरसंहार और सामूहिक बलात्कार के अभियान की सेना को मंजूरी दी हो। उसे दूसरे देशों को नसीहत देने का कोई अधिकार नहीं है। वैश्विक मंचों पर पाक के उक्त बयान उसके द्वारा दुनिया का ध्यान भटकाने और उसे गुमराह करने के इरादे से दिए जाते हैं।

### भारत का अभिन्न अंग 'जम्मू-कश्मीर'

*भारत के राजदूत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। बताते चलें कि यूएन में इस खुली बहस की अध्यक्षता रूस कर रहा था। जहां भारत ने साफ तौर पर यह बता दिया कि महिला, शांति और सुरक्षा को लेकर उसका रिकॉर्ड बेहद उत्तम बना हुआ है। ज्ञात हो कि वर्तमान में पाकिस्तान के आंतरिक हालात बहुत अच्छे नहीं हैं। अर्थव्यवस्था दुनियाभर से लिए हुए कर्ज के बोझ तले दबी हुई है। गरीबी और भुखमरी जोरों पर है। इन सबके बीच पाकिस्तानी सेना के अत्याचार किसी से छिपे हुए नहीं हैं। हाल ही में उसने बर्बरता के साथ खैबर पख्तूख्वा के इलाके में आम लोगों पर बमबारी की थी। जिसमें 30 निर्दोष लोगों की जान चली गई। पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भी सरकार विरोधी प्रदर्शनों का गवाह बना है।*

### ऑपरेशन सर्चलाइट से दिखाया आईना

हरीश ने ये भी कहा कि पाकिस्तान ने 25 मार्च 1971 को तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान में बांग्लादेश) में ऑपरेशन सर्चलाइट की शुरुआत की थी। जिसमें उसने अपनी सेना को 4 लाख से ज्यादा महिलाओं के नरसंहार और व्यवस्थित सामूहिक बलात्कार करने के लिए अभियान चलाने की मंजूरी दी थी। इस दमनकारी अभियान के तहत पूर्वी पाकिस्तान में 30 लाख लोग मारे गए थे और महिलाओं के साथ बड़े पैमाने पर बलात्कार किए गए। वहीं, ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान हर साल भारत के खिलाफ और उसमें भी खासतौर पर जम्मू-कश्मीर को लेकर विश्व के सामने गलत और झूठी बयानबाजी करता है। आधिकारिक रूप से यह भारतीय भूभाग में पड़ने वाला क्षेत्र है। जिस पर पाकिस्तान की लालची निगाहें बनी हुई हैं। बावजूद इसके पूरी दुनिया पाकिस्तान के झूठे प्रचार को भली-भांति समझती है।

### साझा चुनौतियों में मदद करेगा भारत

उन्होंने कहा कि भारत महिला, शांति और सुरक्षा के एजेंडे के संबंध में अपनी प्रतिबद्धता को लेकर न केवल संकल्पित है। बल्कि वह अपने तमाम भागीदारी खासकर वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ अपनी विशेषज्ञता को साझा करने के लिए भी पूरी तरह से तैयार है। जिससे साझा चुनौतियों के सामूहिक समाधान निकाले जा सकेंगे। पी.हरीश ने यूएन शांति सेना में भारत के नियमित योगदान का भी उल्लेख किया और कहा कि यह भी वैश्विक शांति को लेकर हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जो केवल शांति सेना में हमारी योगदान को ही नहीं बल्कि महिलाओं को शांति दूत के रूप में पहचान देने के हमारे प्रयास को भी प्रमाणित करता है।

### 1960 के दशक को बताया महत्वपूर्ण

उन्होंने कहा कि 1960 की शुरुआत में भारत ने कांगो में महिला चिकित्सा अधिकारियों की तैनाती की थी। जो कि यूएन शांति अभियानों में महिलाओं की तैनाती का पहला प्रारंभिक मौका था। हालांकि ये केवल सांकेतिक नहीं था। बल्कि महिलाओं के नजरिए, कौशल और उनकी उपस्थिति को दी गई जमीनी स्वीकारोक्ति थी। मौजूदा वर्ष 2025 में भारत ने वैश्विक दक्षिण की महिला शांति सैनिकों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया था। जिसमें करीब 35 देशों की महिला शांति सैनिकों ने भाग लिया। आयोजन में महिलाओं ने दुनिया में शांति अभियानों के दौरान महिलाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर मंथन किया। जिसमें शारीरिक शोषण से लेकर तकनीक के इस्तेमाल जैसे मुद्दे शामिल थे। ये सम्मेलन चर्चा का एक मंच मात्र नहीं था। बल्कि इसका संबंध महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए कदम उठाने वाली रणनीति तैयार करने से जुड़ा था। जिनका भावी शांति अभियानों पर भी प्रभाव पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### 11 अक्टूबर से स्पेशल वंदे भारत ट्रेन का संचालन



**पटना।** दीवाली व छठ पूजा पर बिहार आने-जाने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पटना और नई दिल्ली के बीच स्पेशल वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएगी। ट्रेन 11 अक्टूबर से शुरू होगा। स्पेशल वंदे भारत पटना से 11 अक्टूबर से 17 नवंबर तक चलेगी। वहीं, नई दिल्ली से (गाड़ी संख्या 02254) ट्रेन की शुरुआत 12 अक्टूबर से होगी व 16 नवंबर तक चलेगी।

### बिहार सरकार ने दिवाली की छुट्टी अब 20 को



**बिहार।** बिहार में दीपावली की सरकारी छुट्टी अब 20 अक्टूबर को होगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने गजट जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पूर्व में 22 अक्टूबर को एनआई एक्ट के तहत अवकाश घोषित किया गया था। अब 20 अक्टूबर (सोमवार) को अवकाश की घोषणा की गई है। गौरतलब है कि इस साल में लक्ष्मी पूजा के साथ दीपावली का पर्व 20 अक्टूबर सोमवार को मनाया जाएगा।

### घाटशिला सीट पर 13 को नोटिफिकेशन



**रांची।** झारखंड की घाटशिला सीट पर उपचुनाव से जुड़ी तैयारियां भी जारी हैं। नोटिफिकेशन, नॉमिनेशन, नाम को वापस लेने, मतदान और रिजल्ट जैसे कार्यक्रम की पूरी सूची निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कर दी गई है। 13 अक्टूबर को नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा। 20 अक्टूबर नॉमिनेशन फाइल करने का आखिरी दिन होगा।

### आज ऐतिहासिक पल की साक्षी बनेगी रामनगरी

# बृहस्पति कुंड और निषादराज चौराहे का होगा लोकार्पण

एजेंसी ▶▶ अयोध्या




रामनगरी अयोध्या आठ अक्तूबर को एक बार फिर ऐतिहासिक पल की साक्षी बनेगी। इस दिन यहां केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिन के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वित्त मंत्री टेढ़ी बाजार चौराहे स्थित बृहस्पति कुंड का भव्य लोकार्पण करेंगी। बृहस्पति कुंड अब दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं की आस्था का नया केंद्र बनने जा रहा है। यहां दक्षिण भारत के तीन महान संगीतज्ञों की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। ये प्रतिमाएं दक्षिण भारत की सांस्कृतिक विरासत को समर्पित हैं। उत्तर-दक्षिण भारत के सांस्कृतिक सेतु का प्रतीक मानी जा रही हैं।

***राम मंदिर में दर्शन-पूजन भी करेंगे दोनों नेता***

*इसके साथ ही टेढ़ी बाजार चौराहे का नाम बदलकर निषादराज चौराहा कर दिया गया है। यहां निषादराज की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। इसका अनावरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस ऐतिहासिक अवसर पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राम मंदिर में दर्शन-पूजन भी करेंगे। राम मंदिर परिसर के यात्री सुविधा केंद्र में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। इसमें अयोध्या की परंपरा, भक्ति और दक्षिण भारतीय संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिलेगा। इसको लेकर पुलिस-प्रशासन ने सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।*

### एएसआई से वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराए जाने की मांग

# ज्ञानवापी स्थित वजूखाने के सर्वेक्षण की मांग की याचिका पर सुनवाई 10 नवंबर को

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

काशी विश्वनाथ मंदिर के पास स्थित विवादित ज्ञानवापी परिसर से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है, इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर मंगलवार (7 अक्टूबर 2025) को सुनवाई है। यह मामला वाराणसी के विवादित ज्ञानवापी परिसर में स्थित वजू खाने का एएसआई से वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराए जाने की मांग से जुड़ा है। दरअसल, हिंदू पक्ष की तरफ से वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाने का एएसआई से वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराए जाने की मांग की गई थी, जिस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अब इस मामले की सुनवाई के लिए 10 नवंबर की तारीख मुकर्रर की है।

ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाने का एएसआई से वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराने की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनवाई की. अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 10 नवंबर की तारीख दी है।



***कोर्ट ने स्वयंभू लार्ड आदि विशेश्वर से जुड़ी याचिका को भी सम्बद्ध किया***

*वजूखाने का सर्वेक्षण आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया से कराए जाने की मांग की गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस केस के साथ ही स्वयंभू लार्ड आदि विशेश्वर से जुड़ी याचिका को भी सम्बद्ध कर दिया है। कोर्ट दोनों याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई कर रही है। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच कर रही है मामले की सुनवाई।*

### दीवाली से पहले यूपी के सफाईकर्मियों और होमगार्ड्स को योगी सरकार का बड़ा तोहफा

# कार्य के दौरान दुर्घटना होने पर परिजनों को 35-40 लाख तक की सहायता देंगे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाल्मीकि जयंती पर वाल्मीकि समाज को सुरक्षा का आश्वासन दिया और संविदा सफाई कर्मियों के लिए नई घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि का अपमान भगवान राम का अपमान है। योगी ने विपक्ष पर जातिवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया और वाल्मीकि समाज से बच्चों को शिक्षित करने की अपील की।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाल्मीकि जयंती के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह में कहा कि वाल्मीकि समाज की सुरक्षा और सम्मान ही समाज की सुरक्षा और सम्मान है।

उन्होंने घोषणा की कि अब संविदा सफाई कर्मियों का वेतन आउटसोर्सिंग कंपनियों के बजाय सरकार के निगम के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जाएगा। सफाई कर्मियों और होमगार्ड्स को सुरक्षा कवच मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्यवश यदि किसी सफाई कर्मी के साथ कार्य के दौरान कोई दुर्घटना होती है, तो उनके परिवार को 35 से 40 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए सरकार बैंकों से बातचीत कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 80 हजार होमगार्ड्स को भी इसी तरह का सुरक्षा कवच प्रदान किया जा रहा है।

**खास बातें**

- सीएम योगी ने संविदा सफाई कर्मियों को दी खुशखबरी
- सपा सरकार ने मेडिकल कॉलेज से बाबा साहेब का नाम हटाया



**"वाल्मीकि का सम्मान, धर्म का सम्मान"**

*योगी ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से बताया कि श्रीराम ही साक्षात धर्म हैं। उन्होंने समाज से अपील की कि हर घर में महर्षि वाल्मीकि का चित्र अवश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के देवतुल्य ऋषियों की परंपरा ने हर युग में समाज को दिशा दी रामायण काल में महर्षि वाल्मीकि, महाभारत में वेदव्यास, मध्यकाल में संत रविदास और आजादी के दौर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने समाज का मार्गदर्शन किया।*

***वोट बैंक की राजनीति पर साधा निशाना***

*मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कुछ लोग वोट बैंक की राजनीति के लिए जाति का सहारा लेते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 2012 में समाजवादी पार्टी की सरकार आने के बाद सामाजिक न्याय के पुरोधाओं के स्मारकों को तोड़ने की धमकी दी गई थी। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने कन्नौज मेडिकल कॉलेज से बाबा साहेब का नाम हटाया और लखनऊ के मान्यवर कांशीराम भाषा विश्वविद्यालय का नाम भी बदल दिया। ये लोग दोहरे चरित्र के हैं, हर कार्य वोट बैंक की दृष्टि से करते हैं।*

***"राम को गाली देने वाले वाल्मीकि का अपमान करते है"***

*योगी ने कहा कि जो लोग भगवान श्रीराम को गाली देते हैं, वे भगवान वाल्मीकि का भी अपमान करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने न केवल श्रीराम और श्रीकृष्ण के अस्तित्व पर प्रश्न उठाए, बल्कि महर्षि वाल्मीकि और महर्षि व्यास के योगदान पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि जब अयोध्या एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखा गया, तब भी सपा ने इसका विरोध किया।*

### नालंदा पुलिस ने घर पर छापा डाला

# भारी मात्रा में अवैध हथियार सहित 1.30 लाख कैश जब्त

एजेंसी ▶▶ नालंदा

बिहार विधानसभा चुनाव की मद्देनजर राज्य में लागू आदर्श आचार संहिता के बीच नालंदा पुलिस ने अवैध हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि दीपनगर थाना पुलिस ने एसटीएफ पटना के सहयोग से शशि रंजन गुड्डू कुमार के घर छापामारी कर भारी मात्रा में हथियार व नगदी बरामद किया है ।



***एक पिस्टल, 2 मैगजीन, 99 कारतूस बरामद***

*पुलिस ने आरोपियों के पास से एक पिस्टल, 2 मैगजीन, 99 कारतूस और एक लाख 33 हजार 400 रुपए बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार तस्कर शशि रंजन यादव के निशानदेही पर गुलशन कुमार को गिरफ्तार किया है।*

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **साजन पुत्र मो. इस्लाम निवासी वागाबोंड, प्रिंस पान शॉप के पास, दरियागंज, दिल्ली** ने एफआईआर सं. **349/22, अंतर्गत धारा 356/379/411 आईपीसी, थाना कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साजन** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साजन** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं. **349/22, अंतर्गत धारा 356/379/411 आईपीसी, थाना कोतवाली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **साजन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.11.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री सायशा चढडा**
न्यायिक मजिस्ट्रेट- प्रथम श्रेणी-08
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 272
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

**DP/13038/N/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित सभरवाल उर्फ टिंकू पुत्र स्व. श्री सुनील सभरवाल पता बी–22, चंदर विहार निलोठी एक्सटेंशन दिल्ली ने एफआईआर नं 317/2010 धारा 419/420/468/471/467/34 भा.द.स. के तहत** थानाः पश्चिम विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित सभरवाल उर्फ टिंकू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमित सभरवाल उर्फ टिंकू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर नं. 317/2010 धारा 419/420/468/471/467/34 भा.द.स. के तहत थानाः पश्चिम विहार, दिल्ली के उक्त अमित सभरवाल उर्फ टिंकू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**भारती गर्ग**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी**
**कोर्ट नं.31**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/13536/OD/2025

## पेज एक का शेष....

### समन्वित प्रयासों से पराली...

किसान पराली प्रबंधन के लिए वैकल्पिक उपायों की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।

**राज्यों के प्रयासों की सराहना की :** राज्यों के प्रयासों की सराहना करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि राज्यों में पराली प्रबंधन को लेकर अच्छा काम हो रहा है, लेकिन निरंतर प्रयास जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसानों के बीच जनजागरुकता अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए पंचायत और ग्रामीण स्तर पर जनप्रतिनिधियों व नोडल अधिकारियों की भी भागीदारी यदि सुनिश्चित की जाए, तो और बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।

**सीधी बुवाई को प्रोत्साहित करें :** उन्होंने बैठक में कृषि मंत्रियों से आग्रह किया कि अपने राज्यों में सीधी बुवाई को प्रोत्साहित करें। उन्होंने खेत में सीधी बुवाई की बात कही है जिसके फलस्वरूप पराली का उचित रूप से प्रबंधन व उपयोग हो पायेगा। चौहान ने कहा कि मैं 12 अक्टूबर को अपने ही खेत से इसकी शुरूआत करूंगा। मैं अपने खेत की धान कटने के बाद सीधे गेंहू की बुवाई करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा ऐसा करने से किसान भी सीधी बुवाई के लिए प्रेरित होंगे।

**उपकरणों का करें उपयोग :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रोटावेटर चॉपर, बायो डी-कम्पोजर, मलचिंग आदि का उपयोग करने का प्रयास करें। उन्होंने बायो सीएनजी इथनॉल संयंत्र एवं अन्य उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देने की बात भी कही।

### पीएम मोदी ने फोन पर...

उत्सुकता भी जताई। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। बीते सप्ताह पत्रकारों से बातचीत में रूस के राष्ट्रपति ने अपनी भारत यात्रा की पुष्टि करते हुए कहा था कि मुझे अपने प्रिय मित्र पीएम मोदी से मिलने का इंतजार है। दिसंबर की शुरुआत में मेरी यह भारत यात्रा होगी। जिसमें मुझे मेरे प्रिय मित्र और रूस के भरोसेमंद साझेदार प्रधानमंत्री मोदी से मिलने की उत्सुकता बनी हुई है। यहां बता दें कि दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच नियमित आधार पर संवाद की प्रक्रिया चलती रहती है। पूर्व में पिछले महीने 17 सितंबर को पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन के मौके पर राष्ट्रपति पुतिन ने भी उन्हें बधाई संदेश भेजा था। जिसे रूस के राष्ट्रपति भवन के क्रेमलिन स्थित कार्यालय की वेबसाइट पर भी लगाया गया था।

**चर्चा में शामिल रहा द्विपक्षीय एजेंडा :** पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से अपनी बातचीत के दौरान उनके अच्छे स्वास्थ्य और सभी प्रयासों में सफलता की कामना की। दोनों नेताओं ने भारत और रूस के द्विपक्षीय एजेंडे में हुई प्रगति की भी समीक्षा की और उसके अलावा विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी को और अधिक गहराई प्रदान करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

**दो दिवसीय होगा पुतिन का दौरा :** रूस के राष्ट्रपति दिसंबर महीने के पहले सप्ताह में भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आ सकते हैं। जिसमें तारीखें 5 से 6 दिसंबर 2025 हो सकती हैं। इसे लेकर अभी तक विदेश मंत्रालय द्वारा आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है। बताते चलें कि भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन का आयोजन क्रमवार रूप से दोनों देशों में आयोजन किया जाता है। पिछले साल रूस ने इसका आयोजन किया था। जिसमें शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस की राजधानी मास्को की यात्रा की थी। इसी के तहत अब रूस के राष्ट्रपति भी भारत की यात्रा पर आएंगे।

**रूसी राष्ट्रपति ने अमेरिका को दी चेतावनी :** रूस के भागीदार देशों को तोड़ने के लिए टैरिफ के माध्यम से डराने वाले अमेरिका को बीते दिनों रूस के राष्ट्रपति ने खुली चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि टैरिफ का निर्णय अमेरिका पर ही उलटा पड़ेगा। भारत कभी भी अपना अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। खासतौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने देश के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ किसी के आगे कभी भी नहीं झुकेंगे। पुतिन की ये चेतावनी भारत और चीन दोनों के संबंध में थी। जिनमें से भारत पर अमेरिका ने 50 फीसदी और चीन पर 30 फीसदी टैरिफ लगाया है। टैरिफ को लेकर भारत बहुत पहले ही अपना रुख साफ कर चुका है। पीएम मोदी कह चुके हैं कि देश की तेल खरीद उसके राष्ट्रीय हितों और आम उपभोक्ता की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए की जा रही है। भारत अपने किसानों और एमएसएमई के हितों की हर हाल में रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय ने भी अपने एक पूर्व बयान में स्पष्ट किया है कि अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ का फैसला पूरी तरह से अनुचित और अविवेकपूर्ण है। रूस के साथ स्वयं व्यापार जारी रखने वाले अमेरिका को भारत से ऐसा करने पर परेशानी क्यों है? मामला समझ से परे है।

### पुतिन ने दी यूक्रेन ...

दोनों पक्षों की इसकी अहम भूमिका है। बातचीत और कूटनीति से ही मसले का हल निकाला जाना चाहिए। भारत इस समस्या का समाधान निकालने को लेकर जारी तमाम प्रयासों को लेकर अपने समर्थन के साथ उनमें सहयोग देने के लिए तैयार है। पीएम ने मामले पर अमेरिका में हुई राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति पुतिन की पहली द्विपक्षीय बैठक का भी स्वागत किया था।

### 400 जापानी कंपनियां...

करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पहले से ही जापानी उद्यमियों के लिए पसंदीदा स्थल है। गुरुग्राम और मानेसर के औद्योगिक केंद्र हमारी चिरस्थायी सांझेदारी के जीवंत प्रमाण हैं। आज लगभग 400 जापानी कंपनियां हरियाणा से काम कर रही हैं। ये उस विरासत को आगे बढ़ा रही हैं, जिसकी नींव 1980 के दशक में सुजुकी के हरियाणा में आने के साथ पड़ी थी।

### हरियाणा पुलिस के आईजी...

**सुसाइड नोट मिला पुलिस ने छिपाया :** घटना स्थल पर सुसाइड नोट भी मिला है, जिस चंडीगढ़ पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। हालांकि, इसकी पुष्टि पुलिस नहीं कर रही है। वाई पूरन सिंह 2001 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। जानकारी के अनुसार आईजी वाई पूरन कुमार बीते डेढ़ वर्ष से काफी सुर्खियों में रहे थे। उन्हें एडीजीपी रैंक से आईजी रैंक में प्रमोट किया गया था। आईजी वाई पूरन कुमार ने पिछले वर्ष वन ऑफिसर वन हाउस पॉलिसी के तहत शिकायत दी थी और प्रदेश के कई अफसरों की शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि कई आईपीएस अफसरों ने एक से ज्यादा सरकारी आवास ले रखे हैं। इसके अलावा उन्होंने पूर्व डीजीपी और एडिशनल चीफ सेक्रेटरी पर भी जाति के आधार पर भेदभाव करने की शिकायत आयोग से की थी।

### राज्यसभा के सभापति...

सभापति ने अपनी पहली बात मुलाक़ात में सदस्यों को याद दिलाया कि शून्यकाल, विशेष उल्लेख और प्रश्नकाल जैसे संसदीय साधन जनहित के मुद्दों को उठाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी सदस्यों से आह्वान किया कि वे सदन के "प्रत्येक दिन, प्रत्येक घंटे, प्रत्येक मिनट और प्रत्येक सेकंड" का उपयोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने के लिए करें। उन्होंने संविधान और राज्यसभा के नियमों को संसदीय संवाद की "लक्ष्मण रेखा" बताते हुए कहा कि इस दायरे में रहकर सभी सदस्यों के अधिकारों की रक्षा की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि सदन की मर्यादा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में सभापति के संबोधन के बाद सदन के नेता ने उच्च संसदीय परंपराओं का पालन करने और कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। विपक्षी दलों के नेताओं ने भी पूर्ण सहयोग का भरोसा देते हुए सभापति से अनुरोध किया कि विपक्ष को शून्यकाल, प्रश्नकाल, गैर-सरकारी सदस्य विधेयक, अल्पकालिक चर्चा और ध्यानाकर्षण सूचना जैसे संसदीय साधनों के माध्यम से पर्याप्त अवसर दिए जाएं। छोटे दलों ने सुझाव दिया कि उनकी सीमित संख्या के बावजूद उन्हें भी उचित समय आवंटित किया जाए, जिस पर सभापति ने सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। अपने समापन भाषण में सभापति राधाकृष्णन ने आगामी शीतकालीन सत्र को सामूहिक प्रयास और सार्थक विचार-विमर्श का अवसर बताते हुए कहा कि सदस्यों के सभी बहुमूल्य सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने सभी नेताओं की सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया।

### बस की छत पर गिरा...

सवार थे। घटना करीब साढ़े छह बजे हुई है। बस में मरोतन बरठीं, घुमारवीं और बीच के स्टेशनों के लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि बस में 35 के करीब सवारियां थी। चालक और परिचालक की मौत हो चुकी है। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दल ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक्स पर लिखा कि बिलासपुर जिला के झंडूता विधानसभा क्षेत्र के बालूघाट (भल्लू पुल) के पास हुए भीषण भूस्खलन की खबर ने मन को भीतर तक झकझोर दिया है। इस भारी भूस्खलन में एक प्राइवेट बस के चपेट में आने से लोगों के निधन का दुःखद समाचार मिला है और कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन युद्ध स्तर पर जारी है। अधिकारियों को पूरी मशीनरी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। मैं स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हूं और पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन की पल-पल की जानकारी ले रहा हूं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति दें और शोकाकुल परिवारों को संबल प्रदान करें। इस कठिन घड़ी में मैं सभी प्रभावित परिवारों के साथ हूं।

**पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू ने जताया दुख :** इस हादसे पर पीएम मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। पीएम ने मृतक के परिजनों और घायलों को आर्थिक मदद देने का ऐलान किया। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में हुए एक हादसे में हुई जान-माल की हानि से दुखी हूं। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुख जताते हुए कहा कि बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन के कारण हुई बस दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा कि हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में भूस्खलन के कारण हुए बस हादसे से मन अत्यंत दुखी है। एनडीआरएफ की टीमें घटना घटनास्थल पर पहुंच चुकी हैं और बचाव कार्य में लगी हैं। इस हादसे में जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। साथ ही, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने लिखा कि हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के झंडूता क्षेत्र में हुए भीषण भूस्खलन में एक बस के चपेट में आने से कई लोगों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दुखद है। शोक संतप्त परिजनों के प्रति मैं गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं एवं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में आत्मबल प्रदान करें। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल व भाजपा कार्यकर्ताओं को पीड़ितों की तत्काल सहायता में लगाने का अनुरोध किया और बिलासपुर एम्स प्रशासन को त्वरित उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### एयर इंडिया की कोलंबो...

ने उसकी विस्तृत जांच की। सुरक्षा कारणों से एयरलाइन ने वापसी उड़ान को रद्द करने का निर्णय लिया। एयरलाइन ने प्रभावित यात्रियों की सुविधा के लिए एक अन्य विमान की व्यवस्था की, जिसके जरिए 137 यात्री बाद में कोलंबो के लिए रवाना हुए।

### 8.8 करोड़ के ....

साइबर सुरक्षा सम्मेलन, सैटकॉम समिट, आईएमसी एस्पायर प्रोग्राम और ग्लोबल स्टार्टअप वर्ल्ड कप का भारतीय संस्करण शामिल हैं। स्टार्टअप वर्ल्ड कप में 15 फाइनलिस्ट 8.8 करोड़ रुपए तक के निवेश अवसर के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस मंच पर युवा इनोवेटर्स अपने आइडिया को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने का मौका पाएंगे।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
**पंजीकृत कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की एक ई-नीलामी 18 अक्तूबर 2025 को आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : अयाल्की | |
| 316362000027 | बलराज कौर |
| शाखा का नाम : बाबियां | |
| 215362003463 | बलकार सिंह |
| 215362003472 | सोहन सिंह |
| शाखा का नाम : बरवाला, हरियाणा | |
| 359062002643 | जयवीर सिंह |
| शाखा का नाम : भट्टू मण्डी, हरियाणा | |
| 359362003358 | अनिल कुमार |
| शाखा का नाम : भिवानी | |
| 072957000234 | जसबीर रामभगत श्योराण |
| शाखा का नाम : भिवानी मण्डी, हरियाणा | |
| 360062001119 | धर्मेन्द्र धर्मेन्द्र |
| शाखा का नाम : चरखी दादरी | |
| 211162002546 | महावीर |
| 211157000278 | दिनेश कुमारी |
| शाखा का नाम : धारूहेड़ा | |
| 162962002329 | निकिता देवी |
| शाखा का नाम : ऐलनाबाद, हरियाणा | |
| 359462002300 | रवि दास |
| 359462002726 | अश्वनी कुमार |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सैनिक कॉलोनी | |
| 235862001125 | दिवाकर झा |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सैक्टर–55 | |
| 779457000005 | तेजपाल सिंह |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद–सैक्टर–35 | |
| 085762003344 | अंकित शर्मा |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद–सेक्टर–16 | |
| 008362017738 | श्रुति श्रुति |
| शाखा का नाम : फतेहाबाद | |
| 093262006292 | बबलु कुमार |
| शाखा का नाम : घरौंडा, हरियाणा | |
| 359962004105 | वेद प्रकाश |
| शाखा का नाम : गोहाना | |
| 062762003138 | मोहित |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – डीएलएफ कॉर्पोरेट पार्क | |
| 732562000339 | आंचल मलिक |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – आईएमटी मानेसर | |
| 035862003000 | शिशपाल |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर–23ए | |
| 091062002421 | पल्लव वर्मा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर–86 | |
| 489557000016 | अनिल कुमार अग्रवाल |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर–4 | |
| 244862001526 | पुनीत |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – यूटीडब्ल्यू साइबर पार्क | |
| 732757000015 | मोनिका मोनिका |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – बादशाहपुर | |
| 085857000007 | सचिन यादव |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – डीएलएफ | |
| 017762014721 | गुनित कौर |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सैक्टर–31 | |
| 114457000020 | गौरव नागपाल |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सैक्टर–57 | |
| 114757000026 | अरूण कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सोहना | |
| 091157000010 | नसीम अहमद |
| शाखा का नाम : गुरूग्राम – मेगा मॉल | |
| 469157000006 | अनुज गुप्ता |
| शाखा का नाम : हिसार–सैक्टर–14 | |
| 337757000037 | विवेकानंद |
| शाखा का नाम : हिसार | |
| 017262009135 | सुनील सुनील |
| शाखा का नाम : होडल | |
| 775262000284 | हेमराज हेमराज |
| शाखा का नाम : इन्दी, हरियाणा | |
| 359662003221 | कर्मवीर कर्मवीर |
| शाखा का नाम : इसराना | |
| 211762001672 | रविन्दर |
| शाखा का नाम : झज्जर | |
| 140262003344 | विक्रांत |
| शाखा का नाम : कलायत | |
| 378857000141 | संदीप राणा |
| शाखा का नाम : कालका | |
| 086262001601 | अशोक कुमार |
| शाखा का नाम : करनाल | |
| 017357000267 | राजेश शर्मा |
| शाखा का नाम : कोरसली | |
| 451562000157 | अशोक कुमार |
| शाखा का नाम : कुरूक्षेत्र – पिपली रोड | |
| 249362001335 | सुमन देवी |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : मदीना गिंधरान | |
| 366457000044 | राहुल |
| शाखा का नाम : महम | |
| 382557000097 | राहुल |
| 382562000670 | मनजीत मनजीत |
| शाखा का नाम : महेन्द्रगढ़ | |
| 219562001476 | श्री पंकज |
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197862007139 | लखवीर कौर |
| शाखा का नाम : मानेसर – सैक्टर–8 | |
| 721662000367 | नवीन नवीन |
| शाखा का नाम : नरवाना, हरियाणा | |
| 358962001507 | राजपाल मीर |
| शाखा का नाम : पुण्डरी | |
| 376062001743 | दीपक नैन नैन |
| शाखा का नाम : रतिया | |
| 214662003645 | मनजीत कौर |
| 214662004078 | इन्द्रजीत इन्द्रजीत |
| शाखा का नाम : सांपला | |
| 073262003264 | संदीप संदीप |
| शाखा का नाम : सिवानी | |
| 432757000106 | अनिल कुमार |
| शाखा का नाम : सोनीपत | |
| 030262003164 | योगेश नारंग |
| शाखा का नाम : चण्डीगढ़ – मनीमाजरा | |
| 036262004349 | अनुप्रीत कौर |
| शाखा का नाम : गांधीधाम – ट्रांसपोर्ट नगर | |
| 244357000027 | प्रदीप कुमार |
| शाखा का नाम : कोटपुतली | |
| 065262007101 | कृष्ण कुमार |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली– द्वारका सैक्टर 23ए | |
| 778357000001 | विनय कुमार प्रजापति |
| शाखा का नाम : पत्रातु | |
| 177257000021 | पार्थसारथी पार्थसारथी |
| शाखा का नाम : पिलानी | |
| 153857000012 | मलकीत सिंह |
| 153862005154 | सत्यवान |
| शाखा का नाम : सारदुलगढ़, पंजाब | |
| 356762003976 | तरसेम सिंह |
| शाखा का नाम : सीकर | |
| 065757000170 | अनिल कुमार |

दिनांक : 08.10.2025
स्थान : भिवानी, अम्बाला, गुरुग्राम, हिसार, जीन्द, करनाल, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, कैथल, फरीदाबाद, कुरूक्षेत्र, पंचकूला, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, पानीपत, झज्जर, फतेहाबाद, चरखी दादरी, पलवल, गुड़गांव, फतेहाबाद

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

MAX Healthcare | 25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE

**सार्वजनिक सूचना**

**उन परिवारों के लिए जिनकी मासिक आय ₹18,456/- से कम है**

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट याचिका संख्या 2866/2002 के संबंध में दिनांक 31.10.2018 को दिए गए निर्णय के अनुपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल (देवकी देवी फाउंडेशन की यूनिट) ऐसे मरीजों को ओपीडी और आईपीडी में निःशुल्क उपचार मुहैया करा रहा है, जिन परिवारों की मासिक आय ₹18,456 /- से कम है ।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया नीचे दिए गए नंबर पर हॉस्पिटल के नोडल ऑफिसर से संपर्क करें

**मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल**
(A Unit of Devki Devi Foundation)
2, प्रैस इन्क्लेव, साकेत, नई दिल्ली- 110 017
फोन: +91-11-26515050, स्थान: नई दिल्ली
**श्री मुकेश कनौजिया** (नोडल ऑफिसर)
**9971 153 354**

## चिंतन

# जहरीली कफ सिरप बनाने वालों को मिले सख्त सजा

आप जिस दवा को जीवनदायनी समझ कर ले रहे हैं, उसमें जहर निकले और मौत का कारण बन जाए तो इसे मुनाफाखोरी के मोह में जीवन से खिलवाड़ कहें, लालफीताशाही का निकम्मापन या कुछ और, क्या कहेंगे। मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से अब तक 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में 2 सितंबर से अब तक 19 और राजस्थान में 4 बच्चे दम तोड़ चुके हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु और पंजाब ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। इसमें पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने और देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है। तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह दवा कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल्स बनाती है। कानून तो अपनी कार्रवाई करेगा, लेकिन उनकी मानसिकता के बारे में सोचने भर से रूह कांप उठती है, जिन्होंने नौनिहालों की जिंदगी से ही खिलवाड़ कर दिया। बेचारे छोटे-छोटे बच्चे खांसी की दवा पीकर हमेशा के लिए सो गए। माता-पिता बच्चों को इलाज कराने के लिए सरकारी अस्पताल से दवा दिलाएं और फिर कुछ ही घंटों में बच्चों के गुर्दे फेल हो जाएं और उनकी मौत हो जाए, यह भयानक, दर्दनाक और क्रोध पैदा करने वाला विषय है। क्या भरोसे के साथ बीमार बच्चों को सरकारी अस्पताल से दवा दिलवाना, माता-पिता की गलती है। बच्चों के माता-पिता और परिवार का अपनी आंखों के सामने बच्चों का हमेशा के लिए नींद में सो जाते हुए देखना दिल दहलाने वाला है, माता-पिता की चीखें परेशान करने वाली हैं, लेकिन क्या मासूमों की मौत के इस तांडव से हमारे सरकारी अमले की नींद टूटेगी या फिर वो अब भी पहले की तरह खर्राटें ही लेते रहेंगे। 2023 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि भारत में बनने वाले कफ सिरप बच्चों की सेहत के लिए ठीक नहीं हैं। यह आदेश पंजाब स्थित क्यूपी फार्माकेम लिमिटेड द्वारा निर्मित गुआइफेनेसिन टीजी सिरप के परीक्षण के बाद दिए थे। अब मध्यप्रदेश में जिस सिरप का इस्तेमाल हुआ, वह तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स की फैक्ट्री में बना था। तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल विभाग ने इस फैक्ट्री से लिए गए कोल्ड्रिफ सिरप के सैंपल की जांच की, जिसमें 48.6 प्रतिशत डाईएथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया। यह बेहद जहरीला रसायन है, जो किसी भी फार्मा प्रोडक्ट में तय मात्रा से ज्यादा नहीं होना चाहिए। तय है कि पैसों का लालच ही इन मौतों की एकमात्र वजह है और इसलिए जहरीली खांसी की दवा में सस्ती और घटिया रसायन मिलाकर इसे बनाया गया। सरकार ने अब दवाओं का स्टॉक वापस मंगवाकर नष्ट करने जैसे उपाय शुरू किए हैं। जो काम पहले हो जाना चाहिए था, जो जांच पहले हो जानी चाहिए थी, दवाओं का जो गुणवत्ता नियंत्रण और परीक्षण पहले हो जाना चाहिए था, उसे अब किया जा रहा है। सरकार को चाहिए कि ऐसी कंपनी को तुरंत सील करे, जिसने मासूम बच्चों के जीवन से खिलवाड़ किया। दवा उत्पादन की लागत कम और मुनाफा बढ़ाने के लिए कफ सिरप में सस्ते और जहरीले रसायन को प्रयोग किया गया, जिसके चलते बच्चों की मौतों का यह तांडव हुआ। इसकी तुरंत जांच करवाकर इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए और सख्त से सख्त सजा दी जाए, ताकि दोबारा से कोई ऐसी हिमाकत ही न करे।



वायु सेना दिवस
डॉ. एलएस यादव

भारती वायुसेना अब 94वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इन 93 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई मौके आए जब वायुसेना के जांबाजों ने दुश्मनों के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। ऑपरेशन सिंदूर में तो वायुसेना ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले भी हर चुनौती के समय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया और हर युद्ध को जीतने में अहम भूमिका निभाई है। अब जरूरत है वायुसेना को और मजबूती देकर उसे शक्तिमान बनाने की। मिग-21 विमानों के दो स्क्वाड्रनों के रिटायर हो जाने के बाद अब भारतीय वायुसेना की जरूरत 42 स्क्वाड्रनों की जरूरत है इसे हर हाल में जल्द पूरा करना होगा।

# वायुसेना को और मजबूत बनाना होगा

आठ अक्टूबर 1932 से धीरे-धीरे प्रगति करती हुई भारतीय वायुसेना अपने 93 वर्ष पूरे कर 94वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इन 93 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई अवसर आए जब वायुसेना के जांबाजों ने शत्रु के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। ऑपरेशन सिंदूर में तो वायुसेना ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले भी हर चुनौती के समय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया है और प्रत्येक युद्ध को जीतने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान भी अपनी वायुसेना की ताकत बढ़ाने में लगा हुआ है और चीन के पास यह ताकत कम नहीं है। ऐसे में पाक व चीन सीमा पर चुनौतियां काफी बढ़ी हुई हैं। भारतीय वायुसेना के पास इस समय 29 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान हैं। मिग विमानों के रिटायर होने के बाद यह संख्या और घट गई। इस कारण वायुसेना को तत्काल 250 लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है। चीन व पाकिस्तान से मिलने वाली सामरिक चुनौतियों के मद्देनजर भारत के पास करीब 45 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए।

इन चुनौतियों के मद्देनजर भारत सरकार सीमान्त मोर्चों पर किसी भी दुश्मन को कोई अवसर देना नहीं चाहती। भारतीय वायुसेना की ओर से विमान बेड़ा बढ़ाने के लिए 114 मेक इन इंडिया राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को दिया है। इन विमानों की कीमत दो लाख करोड़ से ज्यादा होगी। इन विमानों का निर्माण फ्रांस की डसाल्ट एविएशन कंपनी और भारतीय एयरोस्पेस कंपनियां मिलकर करेंगी। मेक इन इंडिया राफेल में 60 फीसदी सामान स्वदेशी होगा। रक्षा मंत्रालय इस पर कब निर्णय लेगा यह पता नहीं, लेकिन वायु सेना इस सौदे को जल्द फाइनल करना चाहती है, क्योंकि वायुसेना के विमान लगातार कम होते जा रहे हैं। इससे भारतीय वायुसेना की ऑपरेशनल क्षमता प्रभावित हो रही है। मिग-21 विमानों के दो स्क्वाड्रनों के रिटायर हो जाने से यह समस्या और बढ़ गई है। हालांकि भारतीय वायुसेना की जरूरत 42 स्क्वाड्रनों की है, लेकिन दक्षिण एशिया की स्थिति और भू-राजनातिक उथल-पुथल को देखते हुए यह संख्या कम है। इन स्थितियों या दो मोर्चों पर युद्ध छिड़ने की स्थिति से निपटने के लिए 45 स्क्वाड्रन होना बेहतर होगा।

भारतीय वायुसेना की इस कमी को दूर करने के उद्देष्य से भारत सरकार ने स्वदेशी लड़ाकू विमानों पर भरोसा जताया है। इसके लिए पिछले दिनों ही 180 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद का आर्डर दिया है। विदित हो कि वर्ष 2021 में 46000 करोड़ रुपये की लागत से 83 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद कों मंजूरी दी थी। इस मंजूरी के मुताबिक इनकी आपूर्ति हो जानी चाहिए थी, लेकिन अभी तक नहीं हुई है। फिर भी सरकार ने वायुसेना की ताकत बढ़ाने के उद्देश्य से अगस्त 2025 में 62,000 करोड़ रुपये की लागत से 97 विमानों की खरीद को मंजूरी प्रदान कर दी गई। इन विमानों को बनाने वाली कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) का कहना है कि वह इसी महीने से इन विमानों की आपूर्ति प्रारम्भ कर देगी। दरअसल, इन विमानों की आपूर्ति में देरी का मुख्य कारण अमेरिकी इंजनों की आपूर्ति है। एचएएल ने अमेरिका की जीई कंपनी से '404 इंजन'



लेने का समझौता कर रखा है। इस समझौते के मुताबिक इन इंजनों की आपूर्ति मार्च 2024 में शुरू होनी थी, परन्तु ऐसा नहीं हो पाया। जीई कंपनी ने इस साल पहला इंजन अप्रैल में, दूसरा जुलाई में और तीसरा सितम्बर में दिया। अब तक मात्र तीन इंजनों की ही आपूर्ति हो सकी है। डील के मुताबिक जीई कंपनी को हर माह दो इंजनों की आपूर्ति करनी थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा। इस देरी से वायुसेना काफी चिंतित है। कुछ समय पहले वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने खुद कहा था कि बीते 40 साल से एचएएल तेजस निर्माण में लगा है, लेकिन अभी तक 40 विमानों की आपूर्ति नहीं कर पाया है। भारतीय वायुसेना के पास तेजस के दो ऑपरेशनल स्क्वाड्रन हैं। अगर इंजनों की आपूर्ति तेजी से हो तो एचएएल दो से ढाई दर्जन विमानों की आपूर्ति सालाना कर सकता है।

अमेरिकी इंजनों की आपूर्ति में देरी के कारण भारत अब फ्रांस के साथ मिलकर लड़ाकू विमानों के लिए इंजन बनाएगा। इसके लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान के बीच संयुक्त परियोजना को सरकार जल्द ही स्वीकृति प्रदान कर सकती है। सफ्रान कंपनी भारत के पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमानों के लिए उन्नत जेट इंजनों के विकास और उनके निर्माण में मदद करेगी। इससे भारतीय सेना और मजबूत होकर उभरेगी और चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगी। इस परियोजना का मुख्य लक्ष्य दोहरे इंजन वाले उन्नत मध्यम लड़ाकू विमानों के लिए भारत में 120-किलोन्यूटन इंजन का विकास और उत्पादन करना है। इस काम के लिए सफ्रान कंपनी प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण करेगी। डीआरडीओ की गैस टरबाइन रिसर्च एस्टैब्लिशमेंट के साथ मिलकर बनाई जाने इस परियोजना की अनुमानित लागत तकरीबन सात अरब डॉलर होगी। यदि यह मंजूरी मिलती है तो भारत उन विशिष्ट देशों के समूह में शामिल हो जाएगा, जिनके पास अपने विमान इंजन डिजाइन विकसित करने की क्षमता है। वर्तमान में ऐसे इंजन बनाने की यह तकनीक केवल अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस के पास है।

राफेल लड़ाकू विमान बढ़ाने की तैयारी के साथ ही भारत रूस के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 के भारत में ही बनाए जाने की तैयारी में लगा हुआ है। रूस ने भारत को एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान की सौ फीसदी तकनीक के साथ-साथ सोर्स कोड दिए जाने का ऑफर दे रखा है। इस ऑफर में रूस ने यह भी कहा है कि अगर भारत इसके लिए तैयार होता है तो एचएएल के जिस प्लांट में सुखोई-30 एमकेआई का उत्पादन होता है उसी प्लांट में एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान का उत्पादन शुरू हो सकता है। इस काम के लिए रूस की एक टीम जल्द ही एचएएल के नासिक प्लांट का दौरा करने वाली है। एसयू-57 एक बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान है जो हवाई श्रेष्ठता, जमीनी हमले, टोही मिशन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में सक्षम है। इसमें लम्बी दूरी की आर-37 एम मिसाइलें लगी हुई हैं, जिनकी मारक क्षमता 400 किलोमीटर तक है। इसके अलावा इसमें हाइपरसोनिक मिसाइलें भी लगी हुई हैं, जिनमें उन्नत एवियोनिक्स, कृत्रिम वुद्धिमत्ता और सुपरकंडक्टिविटी का बेहतर संयोजन है। इस बीच अमेरिकी प्रशासन भी भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान के सौदे का ऑफर दे रहा है, लेकिन भारत ने इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई है। कुल मिलाकर भारत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के निर्माण की तरफ आगे बढ़ चुका है। निश्चित है कि अब वायुसेना का विमान बेड़ा बढ़ जाएगा और भारत अपनी भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगा और अपनी सीमाओं की पूर्ण रूप से सुरक्षा कर पाएगा।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## अपराध
डॉ. रमेश ठाकुर



# हेल्थ सिस्टम पर 'कलंक' है 'कफ सिरप' हादसा

कफ सिरप कांड की चर्चाएं इस समय भारत में ही नहीं, पूरी दुनिया में हैं। दिल-दहला देने वाली कथित 'कफ सिरप' घटना के गर्भ से उपजे इस अक्षम्य अपराध ने लोगों का ध्यान एकाएक भारत में कुकुरमुत्तों की तरह सक्रिय नकली फार्मा कंपनियों की ओर खींचा है। सरकारों की मिलीभगत से जाली फार्मा कंपनियों का जाल इस समय देश में गुपचुप तरीके से फैला है। नकली दवाइयों के निर्माण में अभी तक चीन ही बदनाम था। पर, 3 वर्ष पहले जब भारतीय फार्मा कंपनियों द्वारा निर्मित नकली कफ सिरप के पीने से अफ्रीकी देशों में 50 से अधिक जब बच्चों की मौत हुई, तो दुनिया की नजरों में भारत आ गया। इससे भारतीय फार्मा कंपनियों की जमकर थू थू भी हो रही है। अफ्रीकी बच्चे जब भारत में बनीं कफ सिरप पीकर मरे, तब, केंद्रीय हुकूमत ने जुर्माने सहित तमाम कठोर कदम उठाए थे। यहां तक कि कई फार्मा कंपनियों को ब्लैकलिस्ट और कइयों के लाइसेंस तक रद किए गए थे, लेकिन कुछ समय बीतने के बाद वह कंपनियां चुनावी चंदा देकर बहाल हो गईं थीं। दुख इस बात का है कि अफ्रीका जैसी घटना की पुनरावृत्ति अब भारत में हुई है। राजस्थान-मध्य प्रदेश में कफ सिरप के सेवन से हुई बच्चों की मौत ने सभी को झकझोर दिया है। घटना की तपिश पूरे देश में आग की तरह फैली हुई है। सभी जानते हैं कि जेनेरिक दवाओं के वितरण में बड़ा गोलमाल होता है। ऐसी खबरें भी समय-समय पर आती हैं कि नकली दवा के सेवन से मरीजों की किडनियां खराब हुईं, जिससे उनकी मौत भी हुई। आमजन से लेकर सरकारें भी इस सच्चाई से वाकिफ होती हैं कि दवा क्षेत्र में बड़े माफिया सक्रिय हो चुके हैं, जिनकी पहुंच सीधे-सीधे हुकूमतों तक होती है। इसलिए शिकायतों पर सरकारी तंत्र चुप रहता है। गलतियों पर आंख मूद लेता हैं। थोड़ी बहुत कार्रवाई की बात उठती है तो दवा माफिया कमिशन के नाम पर मोटा माल चढ़ाकर मामले को रफादफा करवा ही लेते हैं। लेकिन उनके ये कृत्य कई बेकसूर मरीजों की जान ले लेते हैं। भारत में निर्मित दवाओं की गुणवत्ता कई समय से सवालों के घेरे में है। जेनेरिक दवाओं के वितरण में भारत में करीब 15 से 20 हजार औषधि केंद्र संचालित हैं, जबकि, इनकी संख्या इस साल के अंत तक 25 हजार तक पहुंचाने का लक्ष्य केंद्र सरकार ने निर्धारित किया हुआ है, लेकिन इनके भीतर कितना गड़बड़झाला है, जिसकी भनक मरीजों को जरा भी नहीं है। फार्मा कंपनियों और कमिशनखोरों को अच्छे से पता होता है कि मरीज दवाओं के नाम पर जहर भी गटक जाएंगे, तो उन्हें पता थोड़ी न चलेगा? दवाइयों के सेवन से हुई मौतों के गुनाहगारों पर कभी कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती? आरोपियों पर दोष तक सिद्ध नहीं होते, उससे पहले ही आजाद हो जाते हैं। इस तंत्र में सभी मिले होते हैं। एक मुनाफा खाता है तो दूसरा कमीशन?

बहरहाल, मौजूदा 'कफ सिरप' के पीने से हुई बच्चों की मौत ने न सिर्फ स्वास्थ्य सिस्टम को हिलाया है, बल्कि पूरा देश सोचने पर मजबूर है। कफ सिरप के नाम पर भारत में बीते कई वर्षों से मासूमों को जहर पिलाया जा रहा है। भांडा तब फूटा जब दर्जन भर के करीब बच्चे मौत के मुंह में समा गए। इतनी बड़ी घटना घट जाने के बाद भी कोई जिम्मेदारी नहीं ले रहा। मुद्दे को शांत करने और खानापूर्ति के नाम पर सिर्फ कागजी कार्रवाई और दिखावे की धरपकड़ हो रही है। गलत दवा लिखने वाले चिकित्सकों पर कड़ा एक्शन हो? और मुनाफा कमाने के भूखे केमिस्ट विक्रेताओं पर सरकारी चाबुक चले, ऐसी कल्पना सभी करते हैं।

लेकिन दुर्भाग्य ऐसा होता नहीं? भारत में करीब 3,000 से अधिक दवा कंपनियां रजिस्टर्ड हैं, जिनके पास 10,500 से अधिक विनिर्माण इकाइयां हैं। यह उद्योग जेनेरिक दवाओं के निर्माण और आपूर्ति पर केंद्रित है। दवा निर्माण में भारत वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण स्थान रखता हैं। लेकिन अपने काले कारनामों के चलते ये फार्मा कंपनियां सभी की नजरों में आ गई हैं। भारतीय फार्मा उद्योग का कुल बाजार 2030 तक 130 मिलियन अमेरिकी डॉलर और 2047 तक 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि, केंद्र सरकार कफ सिरप कांड को लेकर एक्शन में है। छोटे बच्चों को खांसी में कफ सिरप नहीं देने को लेकर एक एडवाइजरी जारी कर चुकी है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया है। लेकिन उन बच्चों का क्या जो किसी की लापरवाही के चलते अपना जीवन गवा गए। क्या उनके परिजनों को महज 4-4 लाख रुपये का मुआवजा देकर उनके जख्मों को भरा जा सकेगा? शायद कभी नहीं? ऐसे सख्त आदेश पहले भी दिए गए। ऐसे मुद्दे जैसे ही शांत होते हैं, कार्रवाही भी दम तोड़ देती हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## यह मन का कमाल है



संकलित
दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है। अगर आप एक आसन में बैठकर ठीक ढंग से सांस लेते हैं, तो मन विभिन्न अवस्थाओं में चला जाएगा।

## जब मन अशांत हो, इष्टदेव के मंत्रों का जप करें



संकलित
प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### क्रिकेट का चमकता सितारा यशस्वी जायसवाल

भारतीय क्रिकेट में नई पीढ़ी के खिलाड़ियों का दौर जारी है और इस दौर का सबसे चमकता सितारा निस्संदेह यशस्वी जायसवाल हैं जिनकी कहानी संघर्ष से सफलता तक का प्रतीक बन चुकी है। मुंबई के आज़ाद मैदान के टेंटों से लेकर भारतीय टीम की जर्सी तक का उनका सफर लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है। अब भारतीय क्रिकेट में अगली उम्मीद है वनडे क्रिकेट में उनका नया अध्याय। टेस्ट क्रिकेट में यशस्वी ने पहले ही अपने प्रदर्शन से दुनिया को चौंका दिया है। उनका 171 रनों का डेब्यू शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ और फिर इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापट्टनम में खेली गई 214 रनों की ऐतिहासिक पारी उनकी क्षमता और परिपक्वता का प्रमाण हैं। इतनी कम उम्र में उनकी उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। *– प्रदीप जैन, कांकेर*

## करंट अफेयर

# संरा की शांति वार्ताओं से महिलाएं नदारत: गुतारेस

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने मंगलवार को इस बात पर चिंता जताई कि महिलाएं अक्सर शांति वार्ताओं से अनुपस्थित रही हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति तब है जब शांति प्रयासों में महिलाओं की समान भागीदारी वाले संयुक्त राष्ट्र के ऐतिहासिक प्रस्ताव को जारी हुए 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला एजेंसी की प्रमुख ने भी चिंता व्यक्त की है कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ यौन हिंसा बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि 67 .6 करोड़ महिलाएं घातक संघर्षों के 50 किलोमीटर के दायरे में निवास कर रही हैं। यह संख्या 1990 के दशक के बाद से सबसे अधिक है। संरा महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा, 'पूरी दुनिया में हम सैन्य खर्च में परेशान करने वाले रुझान, अधिक सशस्त्र संघर्ष और महिलाओं तथा लड़कियों के खिलाफ और भी अधिक चौंकाने वाली क्रूरता देख रहे हैं।' गुतारेस ने बताया कि 31 अक्टूबर, 2000 को इस प्रस्ताव को अपनाने के बाद कुछ प्रगति अवश्य हुई है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के रूप में वर्दीधारी महिलाओं की संख्या दोगुनी हो गई है। इसके अलावा महिलाओं ने स्थानीय मध्यस्थता का नेतृत्व किया है, लैंगिक–आधारित हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय को आगे बढ़ाया है।



## ऑफ बीट

# आहार की नई सिफारिश में अधिक सब्जियों पर जोर

ईएटी–लैंसेट आयोग का कहना है कि पिछले सप्ताह जारी उनके 'प्लैनेटरी हेल्थ डाइट' को अपनाने से दुनिया भर में प्रतिदिन 40,000 समयपूर्व मौतों को रोका जा सकता है और 2050 तक कृषि से होने वाले मीथेन उत्सर्जन में 15 प्रतिशत की कमी लाई जा सकती है। इस आहार में अधिक सब्जियों, फल, साबुत अनाज, दालें और मेवे शामिल करने की सिफारिश की गई है, जबकि मांस, मछली, मुर्गी और दुग्ध उत्पाद को सीमित मात्रा में रखा गया है। यदि आप एक थाली की कल्पना करें, तो उसका आधा हिस्सा सब्जियों और फलों (जिनमें सब्जियां अधिक हों) से भरा होना चाहिए। बाकी आधे हिस्से में साबुत अनाज और वनस्पति आधारित प्रोटीन हों। इसमें थोड़ी मात्रा में पशु उत्पाद और स्वस्थ वसा के लिए स्थान है, लेकिन अतिरिक्त चीनी बहुत कम रखी जानी चाहिए। विशेष रूप से मक्खन का कहीं जिक्र नहीं किया गया। सबसे विवादास्पद सिफारिश है–मांस की मात्रा: केवल 14 ग्राम प्रतिदिन लाल मांस और 29 ग्राम प्रतिदिन चिकन। न्यूजीलैंड का पारंपरिक आहार इस सिफारिश से काफी अलग है। लेकिन देश भर में किशोर लड़कियों पर किए गए एक हालिया अध्ययन से संकेत मिलता है कि अब एक बदलाव आ रहा है और अधिकतर लड़कियां वनस्पति आधारित आहार को अपना रही हैं।



## ट्रेंड

### सहयोगियों पर हमला निंदनीय



पश्चिम बंगाल में भूस्खलन से प्रभावित लोगों की सेवा करने वाले हमारे पार्टी सहयोगियों पर जिस तरह से हमला किया गया, वह बेहद निंदनीय है। यह तृणमूल कांग्रेस की असंवेदनशीलता है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अतिरिक्त राशि स्वीकृत



जम्मू एवं कश्मीर में बाढ़ के कारण कई जगह मकान टूट गए। घरों के निर्माण के लिए 1,30,000 की मूल सहायता के साथ 40,000 की अतिरिक्त राशि शौचालय निर्माण के लिए हमने स्वीकृत कर दी है ताकि वे निर्माण कर सकें।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री

### पीएम मोदी का आभार



मैं जम्मू-कश्मीर के किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त समय से पहले जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान का अत्यंत आभारी हूं।
-मनोज सिन्हा, उपराज्यपाल, जम्मू-कश्मीर

### शर्मनाक घटना



मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंका गया। यह हमारे लोकतांत्रिक और न्यायिक इतिहास की एक शर्मनाक घटना है। 2014 के बाद जिस तरीके से राजकीय संरक्षण में विभिन्न-विभिन्न माध्यमों से देश में घृणा और हिंसा को नॉर्मलाइज किया गया है यह उसका दुषरिणाम है।
-तेजस्वी यादव, राजद नेता

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# ममता ने तृणमूल समर्थित गुंडों को लोकतंत्र का गला घोंटने के लिए छोड़ा: बिप्लब देब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के सिलिगुड़ी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर निकले बीजेपी सांसद और विधायक पर हमले के बाद से भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल सरकार पर हमलावर है।

मंगलवार को पश्चिम बंगाल के भाजपा चुनाव सह प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब हमले में घायल भाजपा सांसद खगेम मुर्मू और विधायक शंकर घोष से मिलने सिलिगुड़ी पहुंचें और हमले की साज़िश का आरोप टीएमसी पर लगाया। देब ने लिखा




एक्स पर लिखा 'ममता-विहीन ममता शासन।' भाजपा नेता ने आगे लिखा कि ममता बैनर्जी ने यह महसूस करते हुए कि जनता अब उनके साथ नहीं है, तृणमूल समर्थित गुंडों को हिंसा और भय के माध्यम से लोकतंत्र का गला घोंटने और असहमति को दबाने के लिए छोड़ दिया है। मंगलवार दोपहर देब सीधे अस्पताल पहुंचे।

दोनों नेताओं से पूरे घटनाक्रम के बारे में भी जानकारी ली। घायल सांसद और विधायक ने बिप्लब कुमार देब को विस्तार से बताया कि किस तरह जब वे बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों का दौरा कर रहे थे तो उन पर साजिशन हमला किया गया। बिप्लब देब यहां आम लोगों से भी मिले और पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था पर बातचीत की। अस्पताल में भर्ती घायल नेताओं से मिलने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता बिप्लब कुमार देब ने कहा कि टीएमसी सरकार की उलटी गिनती शुरू हो गई है। बिप्लब देब ने टीएमसी सरकार को ललकारते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार के खिलाफ जनाक्रोश लगातार बढ़ रहा है।

जनता आगामी विधानसभा चुनाव में टीएमसी सरकार को उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने ममता सरकार को घेरते हुए कहा कि ममता सरकार के खिलाफ पश्चिम बंगाल की जनता में जबरदस्त गुस्सा है। ममता दीदी और टीएमसी के नेता सरकार जाने के अहसास से ही घबरा गए हैं और टीएमसी के नेता भाजपा नेताओं पर साजिशन हमले करवा रहे हैं। घायल नेताओं से मिलने की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए देब ने लिखा 'भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष पर तृणमूल कांग्रेस समर्थित उपद्रवियों ने उस समय हमला किया जब वे उत्तर बंगाल के बाढ़ प्रभावित इलाकों में पीड़ित लोगों की मदद के लिए गए थे। आज, मैंने उन दोनों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।' बिप्लब देब ने सोशल मीडिया पर आगे लिखा कि जनता का विश्वास खोते और आसन्न हार को भांपते हुए, ममता बनर्जी ने प्रशासनिक तंत्र को पार्टी-नियंत्रित व्यवस्था में बदल दिया है और आतंक, हिंसा और रक्तपात को अपने राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही हैं। उनके शासन में, हर बीतता दिन एक नया शर्मनाक अध्याय शुरू कर रहा है।

# OFFICE OF THE ADDL. DEPUTY COMMISSIONER OF POLICE-II NORTH WEST DISTRICT, ASHOK VIHAR, DELHI

Ashok Vihar, Delhi - 110052, Tel.: 011-27454825, Email : soadcp2nwd@gmail.com

## PROCLAMATION U/S 64 D.P. ACT 1978

The below mentioned vehicles have been seized U/s 66 DP Act, 1978 in the police stations of North-West District on the date mentioned against each (list enclosed):-

| Sl. No. | Police Stations | No. of Vehicles |
|---|---|---|
| 1. | Bharat Nagar | 23 |
| 2. | Subhash Place | 79 |
| 3. | Maurya Enclave | 4 |
| 4. | Jahangir Puri | 22 |
| 5. | Model Town | 9 |
| 6. | Mukerjee Nagar | 9 |
| | Total | 146 |

Now, in exercise of the power conferred upon me by the Commissioner of Police, Delhi and as envisaged vide section 67 (1) of Delhi Police Act-1978, the aforesaid vehicle/articles are notified for the information of the general public through the proclamation. Any person who may have a claim thereof may put his claim within six months of the issue of this proclamation.

## List of Unclaimed Vehicles seized U/s 66 D.P. ACT North-West District

| S. No. | Police Station | DD No | Date | Registration No. | Chasis No. | Engine No. | Type of Vehicle | Make | Modal |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BHARAT NAGAR | 89A | 02.06.23 | HR06AC3603 | 22265 | 86642 | M/Cycle | TVS | Appache |
| 2 | BHARAT NAGAR | 41A | 05.07.23 | DL8SAM2010 | 3478 | 4146 | M/Cycle | Bajaj Auto | Discover |
| 3 | BHARAT NAGAR | 89A | 21.07.23 | DL8SBM5734 | 7761 | 7865 | Scooty | Honda | Activa |
| 4 | BHARAT NAGAR | 111A | 21.07.23 | DL8SAV7172 | 15037 | 15068 | Scooty | Honda | Activa |
| 5 | BHARAT NAGAR | 103A | 02.08.23 | DL8SAP4627 | 85032 | 28856 | M/Cycle | TVS | Star Sport |
| 6 | BHARAT NAGAR | 57A | 07.08.23 | DL7SBP4871 | 59204 | 38659 | M/Cycle | Bajaj Auto | Discover |
| 7 | BHARAT NAGAR | 90A | 07.10.23 | DL6SBB5541 | 25543 | 25492 | Scooty | Honda | Activa |
| 8 | BHARAT NAGAR | 121A | 09.10.23 | DL6SAD5267 | 58787 | 48876 | Scooty | Honda | Activa |
| 9 | BHARAT NAGAR | 122A | 07.11.23 | DL1SAE8469 | 6392 | 67017 | Scooty | TVS | Jupiter |
| 10 | BHARAT NAGAR | 66A | 18.11.23 | DL11SL1793 | 98541 | 98681 | Scooty | Honda | Activa |
| 11 | BHARAT NAGAR | 32A | 19.11.23 | DL6SBH7597 | 79808 | 79346 | Scooty | Honda | Activa |
| 12 | BHARAT NAGAR | 86A | 22.11.23 | Without Number Plate | 2344 | 7030 | Scooty | Honda | Activa |
| 13 | BHARAT NAGAR | 70A | 12.01.24 | DL8SBK4837 | 49878 | 50375 | Scooty | Honda | Activa |
| 14 | BHARAT NAGAR | 70A | 26.01.24 | DL 4-SNC-4455 | 34712 | N/A | Scooty | Honda | Activa |
| 15 | BHARAT NAGAR | 68A | 04.02.24 | DL 10-SR-4727 | 98580 | 53323 | Scooty | Yamaha | Fassino |
| 16 | BHARAT NAGAR | 88A | 09.02.24 | DL6SAP9789 | 51898 | 52852 | Scooty | Activa | Honda |
| 17 | BHARAT NAGAR | 69A | 09.03.24 | DL4SBJ8734 | 26738 | 51651 | M/Cycle | Platina | Bajaj |
| 18 | BHARAT NAGAR | 82A | 11.03.24 | DL13SN1060 | 33998 | 34075 | M/Cycle | Yamaha | FZ |
| 19 | BHARAT NAGAR | 105A | 23.03.24 | DL11SR2950 | 59353 | 19355 | M/Cycle | Bajaj | V12 |
| 20 | BHARAT NAGAR | 84A | 24.03.24 | DL1SY3240 | 6400 | 5697 | Scooty | MAHINDRA | GUSTO |
| 21 | BHARAT NAGAR | 62A | 29.03.24 | DL3SBX5465 | 53634 | 42802 | Scooty | Activa | Honda |
| 22 | BHARAT NAGAR | 98A | 03.04.24 | DL8SBC5284 | 71853 | 78605 | Scooty | JUPITER | TVS |
| 23 | BHARAT NAGAR | 67A | 01.06.24 | DL8SCT8176 | 68080 | 68537 | Scooty | Activa | Honda |
| 24 | SUBHASH PLACE | 99 A | 25.08.23 | DL8SBB 9703 | 25161 | 32431 | Scooty | HONDA | ACTIVA |
| 25 | SUBHASH PLACE | 97 A | 06.11.23 | DL7SCC 1397 | 83434 | 31184 | Scooty | TVS | JUPITER |
| 26 | SUBHASH PLACE | 18 A | 02.11.23 | DL6SAH-6823 | 47674 | 36648 | Scooty | HONDA | ACTIVA |
| 27 | SUBHASH PLACE | 81A | 25.12.23 | DL 5BW 5205 | 98292 | 42568 | M/Cycle | HERO | SPLENDOR |
| 28 | SUBHASH PLACE | 10A | 11.09.23 | DL 4SCC 4786 | 81596 | 71550 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 29 | SUBHASH PLACE | 118A | 13.10.23 | DL 11G 8549 | 41929 | 41716 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 30 | SUBHASH PLACE | 49A | 08.09.23 | DL 11SL 3127 | 31990 | 30902 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 31 | SUBHASH PLACE | 14A | 09.08.23 | DL 9SZ 7749 | 554 | 542 | M/Cycle | HERO HONDA | KRIZMA |
| 32 | SUBHASH PLACE | 7A | 12.07.23 | DL 8SBR 4799 | 76352 | 3137 | SCOOTY | SUZUKI | ACCESS |
| 33 | SUBHASH PLACE | 110A | 22.06.23 | DL 10SR 9299 | 6713 | 6706 | M/Cycle | HONDA | DREAM |
| 34 | SUBHASH PLACE | 89A | 09.06.23 | DL 8BK 1038 | 52227 | 53095 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 35 | SUBHASH PLACE | 109A | 09.06.23 | DL 11SV 9904 | 67687 | 45450 | SCOOTY | TVS | JUPITER |
| 36 | SUBHASH PLACE | 95A | 19.03.22 | DL 3SEV 9540 | 43361 | 51386 | SCOOTY | SUZUKI | ACCESS |
| 37 | SUBHASH PLACE | 13A | 18.03.22 | DL 6SAP 4834 | 34721 | 35886 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 38 | SUBHASH PLACE | 104A | 16.03.22 | DL 11A 5695 | 20564 | 21360 | SCOOTY | TVS | NTROQ |
| 39 | SUBHASH PLACE | 111A | 09.03.22 | DL 10 AA 1272 | 62631 | 62445 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 40 | SUBHASH PLACE | 87A | 19.11.21 | DL 8SBX 1987 | 23961 | 55976 | M/Cycle | YAHAMA | FASCINO |
| 41 | SUBHASH PLACE | 57A | 31.10.21 | DL 8SBK 3292 | 6965 | 6965 | M/Cycle | HONDA | TWISTER |
| 42 | SUBHASH PLACE | 46A | 30.10.21 | DL 1SZ 3702 | 1601 | 11909 | M/Cycle | HERO HONDA | SPLENDOR |
| 43 | SUBHASH PLACE | 79A | 05.10.21 | DL 6SAV 1729 | 10083 | 1328 | M/Cycle | BAJAJ | DISCOVER |
| 44 | SUBHASH PLACE | 55A | 04.10.21 | DL 4SDD 9134 | 18889 | 11497 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 45 | SUBHASH PLACE | 108A | 05.08.21 | DL 4SND 0849 | 63863 | 53569 | SCOOTY | TVS | JUPITER |
| 46 | SUBHASH PLACE | 79A | 31.07.21 | DL 9SAZ 6119 | 28486 | 377 | M/Cycle | BAJAJ | PULSAR |
| 47 | SUBHASH PLACE | 54A | 17.07.21 | DL 7SBT 1142 | 237442 | 37498 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 48 | SUBHASH PLACE | 71A | 14.07.21 | DL 8SAX 3932 | 5728 | 23281 | M/Cycle | MAHINDRA | RODEO |
| 49 | SUBHASH PLACE | 53A | 09.07.21 | DL 10SA 3871 | 18733 | 8876 | M/Cycle | BAJAJ | DISCOVER |
| 50 | SUBHASH PLACE | 48A | 03.07.21 | DL 4SNA 0835 | 73475 | 15113 | M/Cycle | HONDA | ETERNO |
| 51 | SUBHASH PLACE | 79 A | 04.06.23 | DL 10 SQ 1709 | 60771 | 60731 | M/Cycle | YAHAMA | CYGNUS ALPHA |
| 52 | SUBHASH PLACE | 10A | 02.01.23 | UP 17K 9634 | 62290 | 54120 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 53 | SUBHASH PLACE | 84A | 10.12.22 | DL 7SAS 8888 | 11385 | 258 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 54 | SUBHASH PLACE | 02A | 09.12.22 | DL 8SV 9223 | 113357 | 84289 | M/Cycle | LML | NV SPL |
| 55 | SUBHASH PLACE | 09A | 20.11.22 | DL 6SAZ 8617 | 7283 | 8449 | M/Cycle | HERO HONDA | DUET |
| 56 | SUBHASH PLACE | 29A | 05.10.22 | HR 01X 5166 | 75678 | 71562 | M/Cycle | HERO HONDA | PASSION |
| 57 | SUBHASH PLACE | 63A | 30.09.23 | DL 1SAC 7489 | 277291 | 48044 | SCOOTY | TVS | JUPITER |
| 58 | SUBHASH PLACE | 72A | 30.09.22 | DL 9SAA 8712 | 52888 | 49726 | M/Cycle | BAJAJ | PLATINA |
| 59 | SUBHASH PLACE | 25A | 18.09.22 | DL 8SBT 6811 | 152568 | 243197 | M/Cycle | YAHAMA | FZS |
| 60 | SUBHASH PLACE | 18A | 17.08.22 | DL 8SCS 3637 | 22916 | 23273 | M/Cycle | TVS | APACHE |
| 61 | SUBHASH PLACE | 10A | 18.07.22 | DL 8SCC 9341 | 82114096 | 8071192 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 62 | SUBHASH PLACE | 94A | 07.07.22 | DL 7SAR 4311 | 14890 | 14646 | M/Cycle | HERO HONDA | SUPER SPLENDOR |
| 63 | SUBHASH PLACE | 132A | 30.05.22 | DL 8SAE 3721 | 155739 | 58155678 | SCOOTY | HONDA | ETERNO |
| 64 | SUBHASH PLACE | 71A | 26.05.22 | DL 10SG 3699 | 50429 | 59448 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 65 | SUBHASH PLACE | 77A | 23.05.22 | DL 6SAH 0462 | 24975 | 72666 | M/Cycle | HONDA | SHINE |
| 66 | SUBHASH PLACE | 109A | 09.05.22 | DL 8SCL 0897 | 27431 | 27436 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 67 | SUBHASH PLACE | 35A | 01.05.22 | UP 38B 8102 | 81693 | 40170 | M/Cycle | TVS | STAR SPORTS |
| 68 | SUBHASH PLACE | 97A | 22.04.22 | DL 4 SBG 4116 | 7387 | 9102 | M/Cycle | HERO HONDA | PASSION PLUS |
| 69 | SUBHASH PLACE | 20A | 12.04.22 | DL 8SBK 4477 | 57865 | 58893 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 70 | SUBHASH PLACE | 68A | 20.03.22 | DL 8SCG 8581 | 46189 | 46202 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 71 | SUBHASH PLACE | 74A | 3.08.19 | DL 11S 6793 | 58024 | 47306 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 72 | SUBHASH PLACE | 79A | 17.01.20 | DL8SAK5510 | 23232 | 90317 | M/Cycle | BAJAJ | PULSAR |
| 73 | SUBHASH PLACE | 33A | 21.01.20 | DL1SAD1734 | 7771 | 33985 | M/Cycle | TVS | XL 100 |
| 74 | SUBHASH PLACE | 51A | 12.05.20 | DL8SCA0147 | 14340 | 68592 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 75 | SUBHASH PLACE | 18A | 08.06.20 | DL1SX5245 | 72239 | 49816 | M/Cycle | HERO | PASSION PRO |
| 76 | SUBHASH PLACE | 39A | 15.07.20 | DL8SAV3381 | 76486 | 26491 | M/Cycle | HONDA | TWISTER |
| 77 | SUBHASH PLACE | 103A | 02.03.21 | DL4SAW4523 | 21024 | 56743 | M/Cycle | BAJAJ | CT-100 |
| 78 | SUBHASH PLACE | 99A | 04.03.21 | DL8SBQ0109 | 32268 | 32204 | M/Cycle | YAHAMA | FZS |
| 79 | SUBHASH PLACE | 93A | 10.03.21 | DL7SBQ0651 | 7134 | 12212 | M/Cycle | HERO | PASSION PRO |
| 80 | SUBHASH PLACE | 95A | 12.03.21 | DL4SCG4375 | 6905 | 7792 | SCOOTY | HERO | MASTERO |
| 81 | SUBHASH PLACE | 85A | 16.03.21 | DL8SAP3561 | 11032 | 47142 | M/Cycle | TVS | STAR SPORTS |
| 82 | SUBHASH PLACE | 85A | 16.03.21 | DL7SBC3863 | 93336 | 18298 | M/Cycle | BAJAJ | PLATINA |
| 83 | SUBHASH PLACE | 38A | 17.03.21 | DL4SBH2884 | 31703 | 15872 | M/Cycle | BAJAJ | PLATINA |
| 84 | SUBHASH PLACE | 99A | 07.07.20 | DL1RW8269 | 69549 | 56540 | M/Cycle | BAJAJ | RE COMPACT |
| 85 | SUBHASH PLACE | 49A | 02.01.24 | DL 8SCE 1353 | 80563 | 42152 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 86 | SUBHASH PLACE | 09A | 05.01.24 | DL 8SCF 2269 | 93013 | 36431 | SCOOTY | SUZUKI | ACCESS |
| 87 | SUBHASH PLACE | 53A | 09.01.24 | DL 4SNC 9316 | 13081 | 100913 | SCOOTY | HONDA | AVIATOR |
| 88 | SUBHASH PLACE | 88A | 12.01.24 | DL 6SN 7042 | 25190 | 16807 | M/Cycle | HERO | GLAMOUR |
| 89 | SUBHASH PLACE | 78A | 08.02.24 | DL 3SBN 1384 | 5359 | 5272 | SCOOTY | HERO | PLEASURE |
| 90 | SUBHASH PLACE | 91A | 09.02.24 | DL 6SAB 1590 | 2943 | 2989 | SCOOTY | HERO | PLEASURE |
| 91 | SUBHASH PLACE | 87A | 25.02.24 | DL 4SCV 7157 | 86885 | 18123 | SCOOTY | SUZUKI | BURGMAN STREET |
| 92 | SUBHASH PLACE | 71A | 26.02.24 | DL 12S 1749 | 25847 | 90566 | SCOOTY | SUZUKI | ACCESS |
| 93 | SUBHASH PLACE | 43A | 30.03.24 | DL8SAR 6418 | 62486 | 62401 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 94 | SUBHASH PLACE | 99AA | 03.07.24 | DL 8SBB 1239 | 23912 | 23524 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 95 | SUBHASH PLACE | 82A | 08.07.24 | DL 6SAD 8244 | 90086 | 46166 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 96 | SUBHASH PLACE | 97A | 16.07.24 | DL 12SL 2084 | 64781 | 64307 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 97 | SUBHASH PLACE | 176A | 24.07.24 | DL 11SQ 3529 | 86557 | 39009 | SCOOTY | TVS | JUPITER |
| 98 | SUBHASH PLACE | 78A | 20.12.24 | DL 8SAV 4931 | 24248 | 13867 | SCOOTY | TVS | JUPITER |
| 99 | SUBHASH PLACE | 108A | 03.03.25 | DL 8SAZ 2452 | 22284 | 20468 | M/CYCLE | HERO | PASSION PRO |
| 100 | SUBHASH PLACE | 114A | 04.03.25 | DL 10SS 2798 | 50725 | 50484 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 101 | SUBHASH PLACE | 64A | 27.04.25 | DL 12SH 9615 | 78367 | 83127 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 102 | SUBHASH PLACE | 13A | 29.04.25 | DL 8SDH 6904 | 68207 | E00042 | M/Cycle | HERO | HF DELUX |
| 103 | MURYA ENCLAVE | 60A | 10.10.24 | DL5ER6466 | 167 | K0167 | E-RICKSHAW | E-RICKSHAW | CITYLIFE XV-850 |
| 104 | MURYA ENCLAVE | 88A | 20.5.25 | DL8CR5348 | 38556 | 61602 | CAR | MARUTI | SWIFT DZIRE VXI |
| 105 | MURYA ENCLAVE | 68A | 05.05.25 | DL10SR1517 | 44674 | 44443 | M/CYCLE | BAJAJ | CT 100 |
| 106 | MURYA ENCLAVE | 122A | 18.10.24 | DL3SDC4376 | 47598 | 69784 | M/CYCLE | BAJAJ | PLATINA |
| 107 | JAHANGIR PURI | 66A | 45864 | DL4SCF8066 | 22058 | 21975 | M/CYCLE | HONDA | NEW ACTIVA DLX |
| 108 | JAHANGIR PURI | 42A | 45703 | UP32QC1398 | 5011 | 74 | M/CYCLE | BOUNCE | BOUNCE E.1 + |
| 109 | JAHANGIR PURI | 59A | 45717 | DL11SE6008 | 72031 | 86513 | M/CYCLE | BAJAJ | DISCOVER |
| 110 | JAHANGIR PURI | 52A | 45680 | DL8SAS6002 | 7962 | 9376 | M/CYCLE | HERO | SPL |
| 111 | JAHANGIR PURI | 118A | 45777 | DL8SCT7638 | 72989 | 31058 | SCOOTY | SUZUKI | ACCESS125 |
| 112 | JAHANGIR PURI | 123AA | 45834 | DL8SDE4936 | 2104 | 14775 | M/CYCLE | HERO | SPL+ |
| 113 | JAHANGIR PURI | 44A | 45695 | DL5SBC6723 | 346 | 411 | M/CYCLE | HERO | SPL |
| 114 | JAHANGIR PURI | 95A | 45673 | DL9SAQ8869 | 22230 | 29564 | M/CYCLE | BAJAJ | PULSAR |
| 115 | JAHANGIR PURI | 119A | 45677 | DL11M0622 | 6849 | 6746 | SCOOTY | TVS | NTORQ |
| 116 | JAHANGIR PURI | 62A | 45678 | DL8SCQ5514 | 7062 | 69936 | SCOOTY | TVS | JUPITER |
| 117 | JAHANGIR PURI | 125A | 45710 | DL1SX2249 | 37877 | 37702 | SCOOTY | HERO | MAESTRO |
| 118 | JAHANGIR PURI | 105A | 45722 | DL9SBB2490 | 92259 | 92468 | SCOOTY | HERO | ACTIVA |
| 119 | JAHANGIR PURI | 79A | 45695 | DL8SBG1432 | 1720 | 1799 | SCOOTY | HERO | MAESTRO |
| 120 | JAHANGIR PURI | 81A | 45728 | DL8SBK5354 | 33621 | 34628 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA DLX |
| 121 | JAHANGIR PURI | 68A | 45788 | DL8SDJ6340 | 7346 | 54449 | M/CYCLE | HERO | HF DELUXE |
| 122 | JAHANGIR PURI | 128A | 45876 | DL8SCV2777 | 10800 | 12542 | M/CYCLE | HERO | SPL + |
| 123 | JAHANGIR PURI | 188A | 45734 | DL3SFF7691 | 81620 | B6304 | M/CYCLE | HERO | SPL + |
| 124 | JAHANGIR PURI | 131A | 45736 | DL8SAZ3914 | 51468 | 19990 | M/CYCLE | HERO | PASSION PRO |
| 125 | JAHANGIR PURI | 132A | 45761 | HR10AD3213 | B6040 | 16060 | M/CYCLE | HERO | SPL + |
| 126 | JAHANGIR PURI | 79A | 45763 | DL6SAH3754 | 7627 | 96667 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 127 | JAHANGIR PURI | 62A | 45708 | DL5SAQ1228 | 732 | 251 | SCOOTY | HERO | MAESTRO |
| 128 | JAHANGIR PURI | 36A | 45884 | DL8SCA7382 | 89450 | 89467 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 129 | MODEL TOWN | 62A | 45764 | DL1SAA7469 | 46461 | 95589 | SCOOTY | TVS | JUPITER |
| 130 | MODEL TOWN | 72A | 45774 | DL8SCQ7294 | 4330 | 4360 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 131 | MODEL TOWN | 10A | 45795 | UP80CC8653 | 83201 | 64910 | M/CYCLE | BAJAJ | PULSAR 220CC |
| 132 | MODEL TOWN | 8A | 45805 | DL6SAS9796 | 38620 | 37669 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA 3G |
| 133 | MODEL TOWN | 83A | 45807 | DL7SBT9745 | 35750 | 32741 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 134 | MODEL TOWN | 102A | 45811 | DL8SAT3033 | NIL | NIL | M/CYCLE | YAMAHA | |
| 135 | MODEL TOWN | 92A | 45812 | DL6SAT8247 | 54206 | 54240 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 136 | MODEL TOWN | 94A | 45848 | DL8SAV5214 | 55511 | 44449 | SCOOTY | HONDA | ACTIVA |
| 137 | MODEL TOWN | 89A | 45875 | DL4SDC8814 | 7AL25 | 7312A | SCOOTY | TVS | NTORQ 125CC |
| 138 | MUKHERJEE NAGAR | 39B | 09.04.20 | DL8SAL4562 | 8274 | 8368 | Two Wheeler | Yamaha | FZ |
| 139 | MUKHERJEE NAGAR | 118A | 19.02.24 | UP17H2621 | 23158 | 23854 | Two Wheeler | Honda | Activa |
| 140 | MUKHERJEE NAGAR | 147A | 16.05.24 | DL7SBU4945 | 10610 | 9125 | Two Wheeler | Hero | Pleasure |
| 141 | MUKHERJEE NAGAR | 118A | 19.05.24 | RJ02SZ2887 | 38578 | 21225 | Two Wheeler | Hero | Delux |
| 142 | MUKHERJEE NAGAR | 100A | 27.07.24 | DL9SAC5800 | 59732 | C5800 | Two Wheeler | Honda | Avenger |
| 143 | MUKHERJEE NAGAR | 99A | 08.08.24 | HR35L6558 | 4867 | 4784 | Two Wheeler | Honda | Saluto |
| 144 | MUKHERJEE NAGAR | 94A | 05.09.24 | HR07P5284 | 41 | 5 | Two Wheeler | Hero Honda | Karizma |
| 145 | MUKHERJEE NAGAR | 72A | 27.09.24 | UK07AR4719 | 23301 | 99518 | Two Wheeler | Bajaj | Pulsar |
| 146 | MUKHERJEE NAGAR | 07A | 10.05.25 | UP19N8265 (Burn Condition) | 88859 | 4807 | Four Wheeler | Renault | Triber RXL |

**Addl. Dy. Commissioner of Police-II**
**North, West District, Delhi**

DP/9801/NW/2025

## खबर संक्षेप




### आईआईएचएल ने स्टर्लिंग बैंक का किया पूर्ण अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल), मॉरीशस ने बहामास स्थित स्टर्लिंग बैंक की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। आईआईएचएल ने एक बयान में कहा कि उसने स्टर्लिंग बैंक की शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी भी खरीद ली है जिससे यह बैंक अब उसके पूर्ण-स्वामित्व वाली इकाई बन गया है।

### केनरा एचएसबीसी लाइफ का आईपीओ 10 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 100-106 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। बीमा कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा, 2,516 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 अक्टूबर को खुलेगा और 14 अक्टूबर को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक नौ अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, केनरा बैंक द्वारा प्रवर्तित एक संयुक्त उद्यम है।

### देश का कोयला निर्यात चालू वित्त वर्ष में 23 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश का कोयला निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 23.4 प्रतिशत बढ़कर 19.08 लाख टन रहा। सरकार जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोल) की बढ़ती वैश्विक मांग का लाभ उठाने के लिए कोयला निर्यात को बढ़ावा दे रही है। इस लिहाज से यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़े अस्थायी हैं। देश का कोयला निर्यात 2023-24 में 15.46 लाख टन रहा था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सरकार बेच रही 5 पीएसयू बैंकों में हिस्सेदारी, पहले चरण में दो बैंकों से होगी शुरुआत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार इस वित्त वर्ष में चुनिंदा पब्लिक सेक्टर बैंकों में अपनी अल्पांश हिस्सेदारी बेचने की योजना पर काम कर रही है। सूत्रों के अनुसार, यह बिक्री ऑफर-फॉर-सेल (ओएफएस) रूट के जरिए होगी और पहले चरण में दो बैंकों से शुरुआत की जाएगी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार जिन बैंकों में हिस्सेदारी घटाने की योजना बना रही है, उनमें बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन ओवरसीज बैंक, यूको बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब एंड सिंध बैंक शामिल हैं। कुल मिलाकर लगभग 20 प्रतिशत इक्विटी चरणबद्ध तरीके से बेची जाएगी।

## यह बिक्री ऑफर-फॉर-सेल रूट के जरिए होगी

### 25 फीसदी पब्लिक फ्लोट के नियम का पालन होगा

यह हिस्सेदारी बेचने के बाद सरकार की हिस्सेदारी 75 प्रतिशत से नीचे लाई जाएगी ताकि सेबी के 25 प्रतिशत न्यूनतम पब्लिक फ्लोट के नियम का पालन किया जा सके। खबर है कि मर्चेंट बैंकरों और सलाहकारों को इस प्रक्रिया पर काम करने की जिम्मेदारी अगस्त 2025 से ही दी गई है। सरकार को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष (2025–26) में इस दिशा में "महत्वपूर्ण प्रगति" देखने को मिलेगी।



### पब्लिक शेयर होल्डिंग बढ़ाई जाएगी

इस हिस्सेदारी बिक्री के बाद, केंद्र सरकार की होल्डिंग 75 प्रतिशत से नीचे लाई जाएगी, ताकि सेबी के 25 प्रतिशत न्यूनतम पब्लिक फ्लोट के मानदंडों का पालन हो सके। बता दें कि सरकार का यह कदम पीएसयू बैंकों में पब्लिक शेयरहोल्डिंग बढ़ाने और बाजार अनुशासन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।

### मार्केट वैल्यू व तरलता में सुधार होगा

इससे न केवल इन बैंकों की मार्केट वैल्यू और तरलता में सुधार होगा, बल्कि सरकार को डिवेस्टमेंट लक्ष्य पूरा करने में भी मदद मिलेगी। सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में दो बैंकों के शेयर बाजार में उतारे जा सकते हैं, हालांकि किन बैंकों से शुरुआत होगी, इसका निर्णय अभी तक अंतिम नहीं हुआ है। इन बैंकों की बिक्री के लिए मर्चेंट बैंक की नियुक्ति अब बिल्कुल अंतिम चरण में पहुंच गई है। अगले कुछ दिनों में मर्चेंट बैंकर नियुक्ति हो जाएगी और उसके बाद धीरे-धीरे सरकार इन बैंकों में अपनी हिस्सेदारी बेचने वाली है। सरकार की यूको बैंक में 10 प्रतिशत हिस्सा बिक्री की योजना है।

## 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025' के छठे संस्करण में बोली वित्त मंत्री

# वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियां एआई के दुरुपयोग को रोकने पर ध्यान दें : सीतारमण

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों को जोखिम प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि आज अपराधी भी कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने यहां 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025' के छठे संस्करण में कहा कि भारत में विभिन्न एआई उत्पादों एवं सेवाओं के लिए वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता है।

- कहा, आज अपराधी भी एआई का इस्तेमाल कर रहे

इस कार्यक्रम में सीतारमण ने 'गिफ्ट आईएफएससी' में विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली की शुरुआत की जो वास्तविक समय में निर्बाध लेनदेन की सुविधा प्रदान करेगी। साथ ही यह नगदी प्रबंधन को बेहतर बनाएगी और अनुपालन सुनिश्चित करेगी। विदेशी मुद्रा लेनदेन वर्तमान में आमतौर पर 36 से 48 घंटों के अंतराल में पूरा हो पाता है।

**खास बातें**

- भारत में एआई उत्पादों एवं सेवाओं के लिए वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता
- सीतारमण ने 'गिफ्ट आईएफएससी' में विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली की शुरू



### हमारा एआई ढांचा भारतीय भाषाओं के संदर्भों में हो

वित्त मंत्री ने कहा, " हमारा एआई ढांचा भारतीय भाषाओं, स्थानीय संदर्भों और बहुविध 'इंटरफेस' पर आधारित होना चाहिए ताकि इसे हमारे नागरिक व्यापक रूप से स्वीकार और इसका उपयोग कर सकें।" मंत्री ने कहा कि एआई ढांचे में केंद्रित दृष्टिकोण भारत को 'ग्लोबल साउथ' के लिए एआई अग्रदूत बना सकता है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर कम विकसित देशों के लिए किया जाता है।

### गिफ्ट सिटी वित्तीय केंद्रों की सूची में शामिल

विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली के संचालन के साथ 'गिफ्ट सिटी' हांगकांग, टोक्यो, मनीला सहित कुछ अन्य चुनिंदा वित्तीय केंद्रों की सूची में शामिल हो गई है जिनके पास स्थानीय स्तर पर विदेशी मुद्रा लेनदेन को पूरा करने का बुनियादी ढांचा है। मंत्री ने इस मौके पर कहा कि भारत ऐसे एआई उत्पाद भी बना सकता है जो दुनिया भर में विविध उपयोग-परिस्थितियों के अनुकूल हों। यह एआई विचारों के विकास एवं परीक्षण के लिए एक प्रयोगशाला हो सकता है।

### एआई ने कामकाज के तरीके को बदल दिया

सीतारमण ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) ने वित्त और कामकाज करने के तरीके को बदल दिया है लेकिन इस प्रौद्योगिकी के कुछ नकारात्मक पहलू भी हैं। उन्होंने कहा, हालांकि एआई असाधारण संभावनाओं के द्वार खोलता है, हमें इसके अंधकारमय पक्ष का सामना करना होगा। नवाचार को शक्ति प्रदान करने वाले उन्हीं उपकरणों का उपयोग धोखे एवं धोखाधड़ी के लिए भी किया जा सकता है। मैं इसे व्यक्तिगत नहीं बना रही हूं, लेकिन मैं कह सकती हूं कि मैंने अपने कई 'डीपफेक' वीडियो देखे हैं जिन्हें ऑनलाइन प्रसारित किया जा रहा है...।

### अपराधी नकली वीडियो एआई से बना प्रभावित कर रहे

वित्त मंत्री ने कहा, " यह इस बात को याद दिलाता है कि हमें अपनी सुरक्षा व्यवस्था को कितनी तेजी से मजबूत करना होगा।" सीतारमण ने कहा कि धोखाधड़ी की नई पीढ़ी अब 'फायरवॉल' (सुरक्षा प्रणाली) तोड़ने के बारे में नहीं, बल्कि भरोसे को तोड़ने के बारे में है। उन्होंने कहा कि अपराधी आवाजों की नकल करने, नकली पहचान बनाने तथा असली दिखने वाली नकली वीडियो बनाने के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे लोगों को प्रभावित किया जा सकता है।

# जम्मू-कश्मीर के 8.55 लाख किसानों के खातों में सम्मान निधि के 171 करोड़ जमा

**नई दिल्ली।** (ब्यूरो)केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कृषि भवन, नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के बाढ़ व भूस्खलन प्रभावित किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 21वीं किस्त अग्रिम जारी की। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, केंद्रीय कृषि सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. मांगी लाल जाट सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे, वहीं जम्मू-कश्मीर के कृषि मंत्री जावेद अहमद डार, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, किसान कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े। इस किस्त के तहत लगभग 8.55 लाख किसानों के बैंक खातों में सीधे 171 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए, जिनमें 85,418 महिला किसान शामिल हैं।

- जम्मू-कश्मीर के आपदा प्रभावित किसानों को केंद्र सरकार से मिली राहत

### कृषि मंत्री बोले

चौहान ने बताया कि जम्मू-कश्मीर सरकार से लगभग 5100 घरों के क्षतिग्रस्त होने संबधी जानकारी ज्ञापन के माध्यम से मिली है, जिनके पुनर्निर्माण के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 85.62 करोड़ रु. का विशेष प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया है, जिसमें मूल सहायता राशि के अलावा शौचालय निर्माण व मनरेगा से भी राशि मिलेगी, ताकि लोग अपना घर फिर से बना सकें। साथ ही, राज्य से प्रस्ताव प्राप्त होने पर ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मनरेगा के तहत 100 दिनों के बजाय 150 दिनों की मजदूरी दी जाएगी, जिससे कि प्रभावित परिवारों को अतिरिक्त आजीविका सहायता मिलेगी।

# अनिल अंबानी पर एसबीआई के आदेश को कोर्ट ने बरकरार रखा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



मुंबई उच्च न्यायालय ने उद्योगपति अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के खातों को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आदेश को बरकरार रखा है।

अदालत ने कहा कि एसबीआई का यह आदेश तर्कसंगत है और इसमें कोई कानूनी खामी नहीं है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने तीन अक्टूबर को एसबीआई के 13 जून, 2025 के आदेश को चुनौती देने वाली अंबानी की याचिका खारिज कर दी। इस फैसले की प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई। अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि अंबानी की यह दलील कि उन्हें व्यक्तिगत सुनवाई का मौका नहीं दिया गया और आवश्यक दस्तावेज नहीं उपलब्ध कराए गए, निराधार हैं। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मास्टर दिशानिर्देशों के तहत एसबीआई के इस आदेश के खिलाफ केवल लिखित आपत्ति दर्ज कराने का अधिकार है, व्यक्तिगत सुनवाई का नहीं। अदालत ने कहा कि अंबानी को जारी अंतिम नोटिस पर कोई जवाब न मिलने पर बैंक ने इस खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किया है।

- अदालत ने कहा, एसबीआई का आदेश तर्कसंगत

### रिलायंस कम्युनिकेशंस ने शर्तों का उल्लंघन किया

एसबीआई ने अदालत में कहा कि रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुरूप इस मामले में व्यक्तिगत सुनवाई आवश्यक नहीं थी। बैंक का आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने अपने ऋण की शर्तों का उल्लंघन करते हुए धन का दुरुपयोग किया।

## सोना 700 रुपये उछलकर नए शिखर पर, चांदी टूटी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 700 रुपये उछलकर 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। अमेरिका में वित्त पोषण को लेकर विवाद के बीच विभिन्न विभागों में कामकाज ठप होने और फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में और कटौती की बढ़ती संभावनाओं के साथ सोने में तेजी आई। हालांकि, चांदी अपने अपने उच्चतम स्तर से 3,400 रुपये की गिरावट के साथ 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई।अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 1,23,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 700 रुपये बढ़कर 1,23,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,22,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी अपने अपने उच्चतम स्तर से 3,400 रुपये की गिरावट के साथ 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई।

- सोना उछलकर हुआ 1,24,000 रुपए प्रति दस ग्राम

## घरेलू निवेशकों के समर्थन से शेयर बाजार में चौथे दिन तेजी




**मुंबई।** प्रमुख बैंकों के शेयरों में खरीदारी आने और घरेलू संस्थागत निवेशकों का समर्थन मिलने से स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 137 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 31 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद 136.63 अंक यानी 0.17 प्रतिशत बढ़कर 81,926.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 519.44 अंक बढ़कर 82,309.56 अंक पर पहुंच गया था लेकिन ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली होने से यह अपनी बढ़त काफी हद तक गंवा बैठा। निफ्टी भी उतार-चढ़ाव के बाद 30.65 अंक यानी 0.12 प्रतिशत चढ़कर 25,108.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

- सेंसेक्स 137 अंक चढ़ा, निफ्टी में 30 अंक का उछाल

### मर्सिडीज के लिए सितंबर सबसे अच्छा महीना

**नई दिल्ली।** लक्जरी वाहन कंपनी मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसकी खुदरा बिक्री अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई। सितंबर में रिकॉर्ड बिक्री और नवरात्र के दौरान 2,500 से अधिक इकाइयों के पंजीकरण ने इसमें अहम भूमिका निभाई। कंपनी ने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में 5,119 इकाइयों की बिक्री हुई जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बेची गई 5,117 इकाइयों के लगभग बराबर है। पिछले महीने नवरात्र के दौरान सिर्फ नौ दिनों में ही कंपनी ने 2,500 से अधिक वाहन बेच दिए जो भारत में उसके किसी भी त्योहारी मौसम की सर्वाधिक बिक्री है।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

# भारत में अगले साल वेतन नौ प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| मुंबई


भारत में अगले साल वेतन वृद्धि नौ प्रतिशत तक रहने की संभावना है, जो इस साल हुई 8.9 प्रतिशत की औसत वृद्धि से थोड़ा अधिक है। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि अनिश्चितताओं के बावजूद वेतन वृद्धि का यह रुझान मजबूत घरेलू खपत, निवेश और नीतिगत समर्थन के चलते बना रहेगा। वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन की सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2026 में औसत वेतन वृद्धि नौ प्रतिशत रहने का अनुमान है लेकिन उद्योगों के हिसाब से वृद्धि अलग-अलग होगी।

- वेतन वृद्धि का यह रुझान रियल एस्टेट में सर्वाधिक रहेगा

### *एनबीएफसी में 10 फीसदी वेतन वृद्धि की संभावना*

*अगले साल रियल एस्टेट/ ढांचागत क्षेत्र में सर्वाधिक 10.9 प्रतिशत और गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) में 10 प्रतिशत की वेतन बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इसके साथ वाहन निर्माण में 9.6 प्रतिशत, इंजीनियरिंग डिजाइन सेवाओं में 9.7 प्रतिशत और खुदरा एवं जीवन-विज्ञान क्षेत्रों में 9.6 प्रतिशत की वेतन वृद्धि अपेक्षित है।*



### नौकरी छोड़ने की कुल दर में आई गिरावट

सर्वेक्षण में यह भी पता चला कि नौकरी छोड़ने की कुल दर 2025 में 17.1 प्रतिशत तक घट गई, जबकि 2024 में यह 17.7 प्रतिशत और 2023 में 18.7 प्रतिशत थी। यह गिरावट संकेत देती है कि प्रतिभा का परिदृश्य अधिक स्थिर हो रहा है और कंपनियों को लक्षित कौशल विकास कार्यक्रमों में निवेश करने का अवसर मिल रहा है।

### कंपनियां रणनीतिक दृष्टिकोण से वेतन का प्रबंधन कर रही


एऑन इंडिया में साझेदार रूपांक चौधरी ने कहा, "भारत की वृद्धि गाथा मजबूत बनी हुई है और उसे ढांचागत निवेश एवं नीतिगत उपायों का समर्थन है। रियल एस्टेट और एनबीएफसी जैसे क्षेत्रों में प्रतिभा में निवेश के साथ कंपनियां रणनीतिक दृष्टिकोण से वेतन प्रबंधन कर रही हैं ताकि स्थायी वृद्धि और कार्यबल की स्थिरता बनी रहे।"

# नवरात्रि में वाहनों की खुदरा बिक्री 35 प्रतिशत बढ़ी: फाडा

**नई दिल्ली।** यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री इस साल नौ दिन की नवरात्र अवधि में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़ी जिससे पिछले महीने कुल पंजीकरण में छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वाहन डीलर के संगठन फाडा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, सितंबर महीने के पहले 21 दिन में बिक्री धीमी रही और 22 सितंबर को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के बाद इसमें तेजी आई। नवरात्रि के दौरान यात्री वाहन की कुल खुदरा बिक्री 2,17,744 इकाई रही जबकि पिछले वर्ष नवरात्रि अवधि में यह 1,61,443 इकाई रही थी। वाहन डीलर के संगठन के अनुसार, इस उच्च बिक्री के कारण सितंबर में यात्री वाहन खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 2,82,945 इकाई से छह प्रतिशत बढ़कर 2,99,369 इकाई हो गई। 22 सितंबर के बाद नई जीएसटी दर लागू होने के बाद कीमतों में कटौती की उम्मीद कर रहे ग्राहकों ने महीने के पहले हिस्से में खरीदारी नहीं की।

- सितंबर में बिक्री में छह प्रतिशत की वृद्धि

## शब्द पहेली - 6012



**बाएँ से दाए**


1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**

2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 6011 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | ज | ली | घ | र | ■ | मा | न | सि | क |
| दि | ल | ■ | ड | ■ | ख | न | न | ■ | ना | रा |
| ल | ■ | धा | र | दा | र | ■ | क | ली | ■ | मा |
| दु | ला | रा | ■ | ■ | खा | स | ■ | ख | प | त |
| ख | ■ | धा | ■ | ना | व | ■ | ग | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | च | म | क | दा | र |
| ■ | यू | ■ | त | ■ | स | र | ■ | ट | ■ | वा |
| ह | र | म | ■ | शा | म | ■ | ■ | पी | स | ना |
| ड़ | ■ | य | श | ■ | का | रा | वा | स | ■ | हो |
| ता | न | ■ | प | ग | ली | ■ | न | ■ | म | ना |
| ल | थ | प | थ | ■ | न | ग | र | व | धु | ■ |



# महिला विश्व कपः नाइट और सोफी ने इंग्लैंड को बांग्लादेश पर चार विकेट से जीत दिलाई

भाषा ⏭ गुवाहाटी



179 के टारगेट में 6 विकेट गंवा दिए थे

हेदर नाइट ने फिफ्टी लगाकर जिताया

सोफी एक्लेसटन की अगुवाई में स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के बाद पूर्व कप्तान हीथर नाइट ने अपने अपार अनुभव का इस्तेमाल करके शानदार अर्धशतक लगाते हुए इंग्लैंड को बांग्लादेश के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप के मैच में मंगलवार को चार विकेट से जीत दिलाई। पहले बल्लेबाजी करने वाली बांग्लादेशी टीम 178 रन पर आउट हो गई। इसके बाद लेग स्पिनर फाहिमा खातून (दस ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट) और तेज गेंदबाज मारूफा अख्तर (पांच ओवर में 28 रन देकर दो विकेट) ने किला लड़ाने की कोशिश की और एक समय 23वें ओवर में इंग्लैंड के पांच विकेट 78 रन पर गिर गए थे। नाइट ने हालांकि बांग्लादेश के उलटफेर के मंसूबों पर पानी फेरते हुए जबर्दस्त पारी खेली। मार्च में कप्तानी छोड़ने वाली नाइट 111 गेंद में 79 रन बनाकर नाबाद रही। वहीं चार्ली डी ने 56 गेंद में 27 रन की नाबाद पारी खेली। डीन और नाइट ने सातवें विकेट के लिये 79 रन जोड़कर 23 गेंद बाकी रहते टीम को जीत दिलाई। इससे पहले इंग्लैंड के लिये एक्लेसटन ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर तीन विकेट लिये।

बांग्लादेश के लिये शोभना मोस्तारी ने 108 गेंद में 60 और राबिया खान ने 27 गेंद में 43 रन बनाये। इंग्लैंड की शुरूआत खराब रही और एमी जोंस (एक) पहले ही ओवर में मारूफा अख्तर की गेंद पर पगबाधा आउट हो गई। बांग्लादेश को अगले ओवर में दूसरा विकेट भी मिल जाता लेकिन स्पिनर नाहिदा अख्तर की गेंद पर मारूफा ने टैमी ब्यूमोंट का कैच टपकाया।

# पाक के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

## आज दोपहर 3 बजे से एलिसा और फातिमा की टीमों में मुकाबला

एजेंसी ⏭ कोलंबो

अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने वाला ऑस्ट्रेलिया बुधवार को आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट में लय हासिल करने के लिए जूझ रही है। इस वैश्विक प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया का शानदार प्रदर्शन अन्य टीम के प्रदर्शन से बिल्कुल अलग रहा है। एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम अब तक टूर्नामेंट में 300 से अधिक का स्कोर बनाने वाली एकमात्र टीम रही है और पिछले दो मैच में बांग्लादेश और भारत के खिलाफ कमजोर दिखे पाकिस्तान के खिलाफ एक और बड़ा स्कोर खड़ा कर सकती है। ऑस्ट्रेलिया ने 300 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन की आसान जीत दर्ज की थी।



### ऑस्ट्रेलिया की नजर आठवें खिताब पर टिकी

टीम की नजरें रिकॉर्ड में सुधार करने वाले आठवें विश्व कप खिताब पर टिकी हैं। हालांकि सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली, बेथ मूनी और एनाबेल सदरलैंड जैसी बल्लेबाज लड़खड़ा रही हैं लेकिन एश्ले गार्डनर ने इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में शानदार शतक जड़कर अंत में मुकाबला एकतरफा बना दिया। एनाबेल सदरलैंड की तेज गेंदबाजी और सोफी मोलिन्यु की स्पिन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गेंदबाजी विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और इंग्लैंड, भारत तथा दक्षिण अफ्रीका जैसी कड़ी टीमों से मुकाबला करने से पहले टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अपनी रणनीति को और मजबूत करने की कोशिश करेगी।

## खबर संक्षेप



### विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 16वें स्थान पर अजय बाबू

**फोर्डे।** राष्ट्रमंडल चैंपियन भारोत्तोलक अजय बाबू वल्लूरी विश्व चैंपियनशिप में पुरुष 79 किग्रा वर्ग में 16वें स्थान पर रहे, जिससे मीराबाई चानू के 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक के बाद भारतीय खिलाड़ी प्रभावित करने में नाकाम रहे। बीस साल के अजय ने कुल 323 किग्रा (146 किग्रा स्नैच और 177 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाया और 39 प्रतिभागियों के बीच 16वां स्थान हासिल किया। उन्होंने अगस्त में अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में उठाए कुल 335 किग्रा (152 किग्रा और 183 किग्रा) वजन से 12 किग्रा वजन कम उठाया। उन्होंने अहमदाबाद में जीत की बदौलत अगले साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई किया था।

### बीएफआई कप में सेना के मुक्केबाजों का दबदबा

**चेन्नई।** सेना के मुक्केबाजों ने पहले बीएफआई कप के मंगलवार को पुरुष वर्ग में दबदबा कायम किया, जिसमें एस विश्वनाथ, मोहम्मद हुसामुद्दीन, वंशज, सचिन और अंकुश ने फाइनल में शानदार जीत दर्ज की। एशियाई अंडर-22 चैंपियन सेना के एस. विश्वनाथ ने 47-50 किग्रा वर्ग के फाइनल में हरियाणा के आशीष पर 5-0 की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। सेना के आशीष ने 50-55 किग्रा वर्ग के करीबी मुकाबले में एआईपी के नवराज को 3-2 से हराया। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सेना के हुसामुद्दीन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 55-60 किग्रा वर्ग के मुकाबले में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के सागर जाखड़ को 5-0 से हराया।

### भारतीय वाटर पोलो टीम की करारी हार

**अहमदाबाद।** भारत की वाटर पोलो टीमों को 11वीं एशियाई एक्वाटिक्स चैम्पियनशिप के पहले दौर में ही संघर्ष करना पड़ा जबकि कजाखस्तान ने कलात्मक तैराकी में बाजी मारते हुए मंगलवार को छह स्वर्ण , दो रजत और दो कांस्य पदक जीते। भारतीय पुरूष वाटर पोलो टीम पहले दौर में जापान से 11.35 से और महिला टीम उजबेकिस्तान से 4.23 से हार गई। उजबेकिस्तान की खदीचा अगजामोवा और सबीना मखमूदोवा ने युगल फ्री वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि कजाखस्तान ने कलात्मक में शीर्ष स्थान हासिल किया।

### न्यूयॉर्क स्क्वाश से बाहर हुए तीन भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** भारत के वेलावन सेंथिलकुमार, वीर चोटरानी और रमित टंडन को न्यूयॉर्क में 74 हजार डॉलर इनामी पीएसए कांस्य प्रतियोगिता ओपन स्क्वाश क्लासिक के प्री क्वार्टर फाइनल में अपने-अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। गत राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 45वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार को मैक्सिको के चौथे वरीय लियोनल कार्डेनास के खिलाफ 7-11, 6-11, 4-11 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि आठवें वरीय टंडन को इंग्लैंड के एड्रियन वालेर के खिलाफ 11-6, 9-11, 8-11, 11-8, 7-11 से हार मिली।

## अंडर 19 दूसरा टेस्ट : हेनिल और खिलन चटकाए तीन-तीन विकेट

# भारत की अनुशासित गेंदबाजी, नहीं टिके ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज, 135 रन पर सिमटी कंगारुओं की टीम

एजेंसी ⏭ मैके

हेनिल पटेल और खिलन पटेल की अगुवाई में अनुशासित गेंदबाजी प्रदर्शन से भारत अंडर-19 टीम ने दूसरे युवा टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को 135 रनों पर ऑलआउट करने के बाद पहली पारी में 7 विकेट गंवाकर 9 रन की मामूली बढ़त हासिल कर ली। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल और बाएं हाथ के स्पिनर खिलन पटेल ने क्रमशः 21 और 23 रन देकर तीन-तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के बल्लेबाजों को परेशान किया, जिससे उनकी टीम 43.3 ओवर में सिमट गई। विकेटकीपर एलेक्स ली यंग ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा 66 रन (108 गेंदों में) बनाए। कप्तान विल मलाजचुक ने 10 और यश देशमुख ने 22 रन का योगदान दिया, जबकि अन्य बल्लेबाज दहाई के आंकड़े में भी नहीं पहुंच पाए।



### ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब

*ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने सुबह के सत्र में 10वें ओवर तक 32 रन तक ही पांच विकेट गंवा दिए। यंग और देशमुख ने इसके बाद छठे विकेट के लिए 59 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को वापसी दिलाने की कोशिश की। यह साझेदारी खिलन की गेंद पर देशमुख के आउट होने से टूटी, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने 44 रन के अंदर आखिरी के पांच विकेट गंवा दिए। भारत के लिए तेज गेंदबाज उद्धव मोहन ने दो विकेट लिए जबकि दीपेश देवेंद्र को एक सफलता मिली।*

### भारत ने 41 रन पर गंवाए तीन विकेट


भारत ने दिन का खेल खत्म होने तक 40 ओवर में 144 रन तक सात विकेट गंवा दिए। स्टंप्स के समय हेनिल और दीपेश क्रमशः 22 और छह रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। भारत की भी शुरुआत खराब रही और टीम ने सातवें ओवर में 41 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। पिछले टेस्ट में 86 गेंद में 113 रन की पारी खेलने वाले प्रतिभाशाली वैभव सूर्यवंशी 14 गेंद में 20 रन बनाकर चार्ल्स लैचमंड की गेंद पर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया। पहले टेस्ट में 140 रन बनाने वाले वेदांत त्रिवेदी ने 44 गेंदों पर चार चौके की मदद से 25 रन बनाए।

### खिलन और हेनिल ने की 48 रन की साझेदारी

त्रिवेदी और राहुल कुमार (नौ रन) ने चौथे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी कर पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन भारत अंडर-19 ने इसके बाद सिर्फ दो रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। खिलन और हेनिल ने सातवें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। शुरुआती दिन भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा 26 रन बनाने वाले खिलन दिन का खेल समाप्त होने से पहले आउट हुए।

## हैरी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरूष टेस्ट बल्लेबाज घोषित

# बीएस चंद्रशेखर, ब्रायन लारा को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार



एजेंसी ⏭ मुंबई

महान बल्लेबाज बी एस चंद्रशेखर और ब्रायन लारा को मंगलवार को यहां सीएट क्रिकेट रेटिंग पुरस्कारों के दौरान 'लाइफटाइम अचीवमेंट' सम्मान दिया गया जबकि भारत के संजू सैमसन और वरुण चक्रवर्ती ने क्रमशः वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज और गेंदबाज का पुरस्कार हासिल किया। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को कप्तान के रूप में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए एक विशेष स्मृति चिन्ह दिया गया, जबकि श्रेयस अय्यर को 50 ओवर की प्रतियोगिता में किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक रन बनाने के लिए स्मृति चिन्ह दिया गया। अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज इंग्लैंड के जो रूट ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पुरूष क्रिकेटर का पुरस्कार जीता। हैरी ब्रुक को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरूष टेस्ट बल्लेबाज घोषित किया गया, जबकि श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट गेंदबाज चुना गया। भारत की दीप्ति शर्मा को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज चुना गया जबकि स्मृति मंधाना ने सर्वश्रेष्ठ महिला अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज का पुरस्कार जीता। रणजी ट्रॉफी 2024-25 में 69 विकेट लेकर एक सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाने वाले विदर्भ के हर्ष दुबे को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ घरेलू क्रिकेटर चुना गया। मुंबई के अंगकृष रघुवंशी को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ उभरता खिलाड़ी चुना गया।

## वुहान ओपन

# ओसाका ने लेला को हराया दूसरे दौर में बनाई जगह



एजेंसी ⏭ वुहान

नाओमी ओसाका ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए लेला फर्नांडिज को हराकर डब्ल्यूटीए 1000 लेवल वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई।

वर्ष 2017 के बाद पहली बार खेल रही ओसाका ने सेंटर कोर्ट पर दिन के पहले मैच में फर्नांडिज के खिलाफ 4-6, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। ऐमा राडुकानु जब आन ली के खिलाफ 1-6, 1-4 से पिछड़ रहीं थीं तो उन्हें चक्कर आने के कारण मुकाबले के बीच से हटना पड़ा। सोफिया केनिन ने अनास्तासिया जखारोवा को 3-6, 7-6, 6-3 से हराया। वह दूसरे दौर में 16वें नंबर की खिलाड़ी लुइडमिला सैमसोनोवा से भिड़ेंगी, जिन्होंने एमिलियाना एरेंगो को 6-1, 7-5 से शिकस्त दी। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक मेरी बुजकोवा के खिलाफ दूसरे दौर के मुकाबले के साथ वुहान टूर्नामेंट में पदार्पण करेंगी।

### 30 साल बाद आमने-सामने होंगे आनंद-कास्परोव

**सेंट लुई।** पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और गैरी कास्परोव 30 साल बाद अपनी प्रतिद्वंद्विता को फिर जीवंत करेंगे जब वे 8 अक्टूबर से 'क्लच शतरंजः द लीजेंड्स टूर्नामेंट' में आमने-सामने होंगे। इस 12 बाजी वाले शतरंज मुकाबले की कुल इनामी राशि 1,44,000 डॉलर होगी और इसका आयोजन नवीनीकृत सेंट लुई शतरंज क्लब में किया जाएगा। वर्ष 1995 में न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 107वीं मंजिल पर क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप मैच खेलने के बाद खेल के ये दो दिग्गज रैपिड एवं ब्लिट्ज प्रारूप में एक बार फिर आमने-सामने होंगे, जिसे हाल ही में फ्रीस्टाइल शतरंज का नाम दिया गया है। कास्परोव ने आनंद के खिलाफ उस मुकाबले में दबदबा बनाया था और 20 बाजी का मुकाबला 10.5-7.5 से जीता था।



### विश्व चैम्पियनशिप में वजन तय सीमा तक नहीं ला पाने के कारण अमन सहरावत पर एक साल का निलंबन



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत को सीनियर विश्व चैंपियनशिप में निर्धारित वजन सीमा से नीचे नहीं आने के कारण कुश्ती से जुड़ी सभी गतिविधियों से एक साल के लिए निलंबित कर दिया। पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में भारत के शीर्ष पदक दावेदारों में से एक 22 वर्षीय अमन को प्रतियोगिता के दिन निर्धारित वजन सीमा से 1.7 किलो अधिक वजन पाये जाने के कारण विश्व चैंपियनशिप से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। डब्ल्यूएफआई ने एक पत्र में कहा, /"आपको कारण बताओ नोटिस की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती से जुड़ी सभी गतिविधियों से निलंबित किया जाता है।/" इसमे कहा गया ,/"यह निर्णय अंतिम है। निलंबन की अवधि के दौरान आपको राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तरों पर डब्ल्यूएफआई द्वारा आयोजित या स्वीकृत किसी भी गतिविधि में भाग लेने या उससे जुड़ने से प्रतिबंधित किया जाता है।/" 23 सितंबर, 2025 को लिखे एक पत्र में डब्ल्यूएफआई ने अमन को कारण बताओ नोटिस जारी कर इस चूक के लिए स्पष्टीकरण मांगा था। महासंघ ने कहा कि 29 सितंबर को दिये गए उनके जवाब को अनुशासन समिति ने /"असंतोषजनक/" पाया। इसमे कहा गया ,/"अनुशासन समिति ने 29 सितंबर 2025 को दिए गए आपके जवाब की विधिवत समीक्षा की।

## एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की संतुलित पिच से भारतीय बल्लेबाजों को मिलेगी राहत

# विशाखापत्तनम स्टेडियम में 11 साल के बाद महिला वनडे

एजेंसी ⏭ विशाखापत्तनम

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो महत्वपूर्ण मैच खेलने वाली भारतीय टीम के बल्लेबाजों को संतुलित पिच से मिलने वाली मदद से राहत मिलेगी क्योंकि मेजबान टीम की बल्लेबाज मौजूदा महिला क्रिकेट विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका और 12 अक्टूबर को गत विजेता ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में भिड़ेगी। यह मैदान 23 जनवरी 2014 को श्रीलंका के खिलाफ भारत के मैच के बाद 11 साल के अंतराल पर किसी महिला एकदिवसीय मैच की मेजबानी कर रहा है।



### स्टैंड को दिया जाएगा मिताली का नाम

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 12 अक्टूबर को होने वाले मैच से पहले एसीए-वीडीसीए स्टेडियम के स्टैंड को पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज और विकेटकीपर रवि कल्पना का नाम दिया जाएगा।

### अब तक स्टेडियम में बनते रहे हैं बड़े स्कोर

आंध्र क्रिकेट संघ (एसीए) के एक अधिकारी ने बताया, 'अगर आप आईपीएल सहित पिछले कुछ मैचों पर नजर डालें तो पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार होगी। अगर ओस नहीं होगी तो गेंदबाजों, विशेषकर स्पिनरों को मैच आगे बढ़ने पर कुछ मदद मिलेगी।' यहां टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में आम तौर पर बड़े स्कोर देखने को मिलते हैं क्योंकि भारतीय पुरुष टीम और दिल्ली कैपिटल्स (आईपीएल में) दोनों ही 200 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल करने में सफल रहे हैं।

## एशिया कप में कुलदीप ने की 6.27 इकोनॉमी दर से गेंदबाजी

# सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकित हुए तीन भारतीय

एजेंसी ⏭ दुबई

भारत के करिश्माई खिलाड़ी अभिषेक शर्मा, कुलदीप यादव (पुरुष वर्ग में) और स्मृति मंधाना (महिला वर्ग में) को सितंबर महीने के लिए 'आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। बाएं हाथ के टी20 विशेषज्ञ बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने यूएई में खेले गए एशिया कप में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सात टी20 मैच में तीन अर्धशतक की मदद से 314 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 200 रहा और उन्हें इस टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस 25 साल के बल्लेबाज ने पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास की सर्वाधिक रेटिंग 931 अंक (बल्लेबाजी) भी हासिल की।







### कुलदीप ने एशिया कप में चटकाए 17 विकेट

कलाई के वामहस्त स्पिनर कुलदीप ने भी इस टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। उन्होंने एशिया कप में 6.27 की इकोनॉमी दर से गेंदबाजी करते हुए 17 विकेट चटकाए। एशिया कप में उन्होंने अपना अभियान यूएई के खिलाफ सात रन पर चार विकेट के साथ शुरू किया जबकि फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 30 रन पर चार विकेट लेकर भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका अदा की। भारत ने इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान को तीन बार शिकस्त दी।

### स्मृति शीर्ष पर बरकरार

मौजूदा महिला एकदिवसीय विश्व कप के दो मैच में कमजोर प्रदर्शन के बावजूद भारत की स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं लेकिन उनकी बढ़त कम हो गई है। स्मृति के 791 रेटिंग अंक हैं और वह इंग्लैंड की नेट स्किवर ब्रंट से 60 अंक आगे हैं। विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन महिला एकदिवसीय मैच की श्रृंखला में लगातार दो शतक जड़ने वाली स्मृति श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ आठ जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 23 रन ही बना सकीं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 713 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स (706) और ऑस्ट्रेलिया की एश्लेग गार्डनर (697) न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़ने के बाद आईसीसी रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109


Hero
1.25M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
★★★★★
हीरो का स्कूटर
स्कूटर का हीरो
SCAN TO WATCH OUR
NEW HERO DESTINI FILM
— THE ALL NEW —
Destini
125
बड़े और चौड़े एलॉय व्हील्स
प्रीमियम क्रोम एक्सेंट्स
बड़ी और आरामदायक सीट 785mm
बेस्ट-इन क्लास माइलेज#
सेगमेंट में पहली बार ऑटो-कैंसल विंकर्स
पुराना एक्स-शोरूम
₹82 266## से शुरू
GST बेनिफिट्स
₹6 428##
नया एक्स-शोरूम
₹75 838## से शुरू
सीमित समय ऑफ़र
प्रतिदिन की EMI
₹75$
से शुरू
डाउन पेमेंट
₹1999$
से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट
₹10 000$ तक
HDFC BANK
FESTIVE TREATS
क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply
Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक
24 कैरेट सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*
Also available on
Flipkart
amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ##Ex-showroom price of Destini 125 in Delhi and may change without any prior notice. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. *T&C apply.
TOLL FREE
1800 266 0018
Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero - 9289922381, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Pitampura:Shraman Hero – 9289924252,Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero, 9289922530, Raja Puri: Singla Hero-7836078383, Samalkha:Singla Hero - 7836078484, Janak Puri:Singla Hero - 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310;Ghaziabad: Meerut, Delhi Road: Globe Hero- 9289922073, Shiv Puri, Vijay Nagar: Aman Hero- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: H-206A, Sector 63: Dhansri Hero- 9289923044, Sector 5, B 124: Uppal Hero - 9289922462, Sector-58 C-70: Singla Hero- 9289923059; BulandShahr:Delhi Road: Shri Durga Hero- 9289922504, RajeBabu Road: Krishna Hero- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209,Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero- 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero- 9289924248; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327.
RS/Hero/09/25